समृद्धि न्यूज़

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

सेंसेक्स	निफ्टी
60,841.88	17,854.05

तापमान

अधिकतम 24 ℃

न्यूनतम 09 ℃

सेना का सिपाही ठगी में गिरफ्तार पेज-02

मुख्यमंत्री ने डीजी वैन को झण्डी दिखाकर रवाना किया पेज-03

वर्ष 10 | अंक 169 | लखनऊ, 06 फरवरी, सोमवार, 2023 | पृष्ठ 12 | मूल्य 2.00 | website : www.samriddhinews.in | info@samriddhinews.in | Email : samradhinews@gmail.com



जयपुर महाखेल में बोले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, कहा–

यह एक बड़े बदलाव का परिचय, देश की रक्षा में युवा आगे

जयपुर (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जयपुर महाखेल में हिस्सा ले रहे खिलाड़ियों को संबोधित किया। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजस्थान के युवाओं की जमकर तारीफ की है। उन्होंने राजस्थान के युवाओं के जज्बे की खासतौर से चर्चा की है। उन्होंने कहा कि राजस्थान की भूमि अपने युवाओं के उत्साह और क्षमता के लिए जानी जाती है। उन्होने कहा कि इतिहास इस बात का साक्षी है कि इस भूमि के युवा अपने शौर्य के जरिए युद्ध के मैदान को भी खेल का मैदान बना देते है। इतिहास से लेकर वर्तमान तक में देश की सुरक्षा के लिए राजस्थान के युवा कभी पीछे नहीं हटे है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि देश में शुरू हुआ खेल आयोजनों और खेल महाकुंभ का सिलसिला एक बड़े बदलाव का परिचायक है। राजस्थान की भूमि अपने युवाओं के उत्साह और

क्षमता के लिए जानी जाती है। इस भूमि के युवाओं ने देश को गौरवान्वित किया है। उन्होंने कहा कि राजस्थान ने देश को कई खेल प्रतिभाएं दीं और पदक जीतकर तिरंगे का गौरव बढ़ाया। जयपुर ने एक ओलंपिक पदक विजेता को सांसद के रूप में भी चुना। सांसद खेल प्रतियोगिता के माध्यम से राज्यवर्धन राठौर युवा पीढ़ी के पास लौट रहे हैं, इससे प्रसन्नता हुई, देश ने उन्हें क्या दिया। बता दें कि जयपुर महाखेल का आयोजन जयपुर ग्रामीण से लोकसभा सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौर ने कराया है। इस कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि इस महाखेल के जरिए ये साफ हो गया है कि खेल और एथलीटों का स्वर्णिम युग चल रहा है। हमारे जमाने में खिलाड़ी पूर्व की सरकारों द्वारा खेलों की दुर्दशा के गवाह बने है। खिलाड़ियों को आज के समय में मिलने वाली सुविधाएं और सम्मान अलग ही स्तर का है। बता दें कि महाखेल की शुरुआत 12 जनवरी राष्ट्रीय युवा दिवस के मौके पर हुई थी। इस महाखेल के दौरान कबड्डी के खेल पर खास फोकस रहा है। इस बार इस महाखेल में 450 से अदिक ग्राम पंचायतों, नगरपालिकाओं, वार्डों से 6400 से अधिक युवाओं और खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया है।

संक्षिप्त समाचार

भारतीयों के लिए अमेरिका के वीजा एप्वाइंटमेंट नियमों में हुए बदलाव

नई दिल्ली। भारत में अमेरिकी वीजा के लिए बैकलॉग को कम करने के प्रयासों के बावजूद एप्वाइंटमेंट का वेटिंग पीरियड अभी 500 दिनों से अधिक है। भारत में अमेरिकी दूतावास ने रविवार को कहा कि जो भारतीय विदेश यात्रा कर रहे हैं, वे वहीं पर अमेरिकी दूतावास या वाणिज्य दूतावास में वीजा एप्वाइंटमेंट प्राप्त कर सकते हैं।

जेडीयू नेता उपेंद्र कुशवाहा बोले पार्टी को बचा रहा हूं

नई दिल्ली। जेडीयू राष्ट्रीय संसदीय बोर्ड अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा ने 19-20 फरवरी को पार्टी कार्यकर्ताओं की एक बैठक बुलाई है। कुशवाहा ने रविवार को कहा कि 'मैं इतने लंबे समय से जेडीयू की रक्षा के लिए काम कर रहा हूं, लेकिन ष्टरूनीतीश कुमार इस पर ज्यादा ध्यान नहीं दे रहे हैं। इसलिए मैंने बैठक बुलाई है, ताकि हम इस पार्टी को बचाने का हल ढूंढ सकें।'

तीन लाख नेजल कोरोना वैक्सीन इनकोवैक अस्पतालों में भेजी गईं

नई दिल्ली। भारत बायोटेक के सीएमडी डॉ कृष्णा एल्ला ने कहा कि हमने 2 दिन पहले तीन लाख नेजल कोरोना वैक्सीन इनकोवैक अस्पतालों में भेजी हैं। इनकोवैक दुनिया की पहली नेजल कोरोना वैक्सीन है। इसे 26 जनवरी को लॉन्च किया गया। वैक्सीन अब कोविन पर उपलब्ध है और इसकी कीमत बाजार के लिए 800 रुपए और भारत सरकार और राज्य सरकारों के लिए 325 रुपए रखी गई है।

औरैया में नोएडा जा रहे दो दोस्तों की हादसे में मौत

कानपुर (औरैया/महोबा)। यूपी के औरैया में शनि?वार देर रात नोएडा से महोबा आ रहे बाइक सवार दो दोस्तों की सड़क हादसे में मौत हो गई। हादसा शनिवार की देर रात निगड़ा करमपुर समीप इटावा-कानपुर हाईवे पर हुआ। अज्ञात वाहन की टक्कर से दोनों दोस्त गिर पड़े थे। उन्हें जिला संयुक्त चिकित्सालय लाया गया। जहां चिकित्सक ने दोनों को मृत घोष?ित कर दिया। सदर कोतवाली पुलिस के मुताबिक युवकों की शिनाख्त रविवार सुबह तकरीबन 11 बजे हो सकी।

यूनिफॉर्म सिविल कोड अलोकतांत्रिक कदम

लखनऊ में हुई बैठक यूनिफॉर्म सिविल कोड के मुद्दे पर रविवार को लखनऊ में ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड की बैठक हुई। इसमें यूनिफॉर्म सिविल कोड को अलोकतांत्रिक कदम बताया गया। इसमें कहा गया कि सरकार इसे लागू करने का इरादा छोड़ दे।

आने वाले समय में फार्मा का एक बड़ा केंद्र बनकर उभरने जा रहा उत्तर प्रदेश

30 करोड़ लोग यूपी की स्वास्थ्य सेवाओं पर निर्भर

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को फार्मा क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों, हित धारकों और उद्यमियों को उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित किया। उन्होंन कहा, ''मैं आप सभी को आमंत्रित करता हूं कि आप उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए आगे आएं। दो दिवसीय दौरे पर शनिवार को यहां पहुंचे योगी आदित्यनाथ ने बाबतपुर स्थित एक कॉलेज प्रांगण में 'फार्मा क्षेत्र में विकास के अवसर' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश आने वाले समय में फार्मा का एक बड़ा केंद्र बनकर उभरने जा रहा है।

उन्होंन कहा कि इसके अलावा प्रदेश में फार्मा क्षेत्र के लिए पर्याप्तमानव संसाधन, बेहतर सड़क संपर्क, पर्याप्त भूमि कोष और सुरक्षित माहौल उपलब्ध है। मुख्यमंत्री ने फार्मा क्षेत्र के अनुसंधानकर्ताओं और छात्र-छात्राओं से गुणवत्ता के साथ समयबद्ध तरीके से कार्य करने का आह्वान किया और कहा कि विगत नौ साल में फार्मा क्षेत्र में बहुत से नये कार्य हुए हैं, यही कारण है कि आज भारत विश्व के फार्मा बाजार में बड़ी भूमिका में नजर आ रहा है।

उत्तर प्रदेश में फार्मा क्षेत्र के लिए पर्याप्तमानव संसाधन, बेहतर सड़क संपर्क, पर्याप्त भूमि कोष और सुरक्षित माहौल उपलब्ध है। विगत नौ साल में फार्मा क्षेत्र में बहुत से नये कार्य हुए हैं, यही कारण है कि आज भारत विश्व के फार्मा बाजार में बड़ी भूमिका में नजर आ रहा है।

योगी आदित्यनाथ, सीएम

फार्मा क्षेत्र बहुत बड़ा

योगी ने कहा कि फार्मा क्षेत्र बहुत बड़ा है, गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए हम समयबद्ध तरीके से कार्य करेंगे, तो भारत के साथ-साथ दुनिया के बाजार पर हमारा कब्जा हो सकता है। हमें इस क्षेत्र में और प्रयास करने होंगे, जो नए अनुसंधान और पेटेंट हुए हैं उनमें भारत ने बेहतरीन कार्य किये हैं। हमें दस्तावेजीकरण, प्रकाशन, अनुसंधान की संभावनाओं और पेटेंट की प्रक्रिया को समयबद्ध तरीके से आगे बढ़ाना होगा।

बहुत करने की जरूरत

मुख्यमंत्री ने कहा कि लगभग 30 करोड़ लोग उत्तर प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं पर निर्भर हैं। लखनऊ और पटना के बीच दवा के केवल दो बड़े बाजार वाराणसी और गोरखपुर में हैं। पटना तक दवा की आपूर्ति वाराणसी से और काठमांडू तक दवा की आपूर्ति गोरखपुर से होती है। ऐसे में इस क्षेत्र में बहुत कुछ करने की आवश्यकता है। हमें अनुसंधान कार्य के साथ ही नये संस्थानों का भी निर्माण करना होगा। उन्होंने कहा कि भारत ने ठान लिया है तो दुनिया के मंच पर भारत की प्रतिभा अवश्य छाएगी।

अखिलेश का योगी पर हमला, बोले- विदेश के उद्योगपतियों को बुला रहे हैं लेकिन...

म्यूजियम के लिए नहीं है बजट

आगरा, समृद्धि न्यूज़

सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव रविवार को आगरा के होटल जेपी पैलेस में एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पहुंचे। यहां उन्होंने भाजपा को मायावी और चमत्कारी बताया कहा कि वे लोग कब क्या कह दे और क्या कर दे कोई तय नहीं। श्रीरामचरितमानस पर कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से पूछूंगा शूद्र कौन है। उत्तर प्रदेश में विकास के संबंध में उन्होंने कहा कि यह सब समाजवादी पार्टी की पहले से तैयारी है, उसे आगे बढ़ाया जा रहा है।

विदेशों से निवेश के संबंध में कहा कि विदेश के उद्योगपतियों को बुला रहे हैं, जबकि आगरा के मुगल म्यूजियम के लिए बजट नहीं है। जातिगत जनगणना को लेकर उन्होंने कहा- जो लोग कहते हैं कि जातीय जनगणना नहीं हो सकती, सरकार से हट जाएं. तीन महीने में अगर जातीय जनगणना ना करके दिखाएं समाजवादी लोग तो बताइएगा।

अखिलेश ने कहा-

ये जितनी भी मेट्रो बन रही है उत्तर प्रदेश में- लखनऊ में, आगरा में, कानपुर में, नोएडा-ग्रेटर नोएडा में, ग़ाज़ियाबाद में ये समाजवादियों की देन है। समाजवादियों ने अगर मेट्रो उस समय नहीं दी होती तो शायद ये सरकार उस काम को भी नहीं कर पाती। और उसका उदहारण है वाराणसी। वाराणसी का पूरा डीपीआर प्रोजेक्ट सब कुछ दे दिया था लेकिन इस सरकार ने सब कुछ अधूरा छोड़ दिया।

पत्नी व दो बच्चों समेत खुद को लगाई आग, चारों की मौत

गोला गोरखपुर (समृद्धि न्यूज़)। गोला थाना क्षेत्र के देवकली गांव में शनिवार की देर रात सब्जी विक्रेता, उसकी पत्नी व दो बच्चों की जलने से मौत हो गई। रविवार सुबह कमरे से धुआं उठता देख आसपास के लोग दरवाजा तोड़ कर अंदर गए तो चारो का शव एक ही बेड पर पड़ा था। सूचना पर पहुंची पुलिस जांच में जुट गई है। पुलिस ने चारों शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गांव के लोग पारिवारिक कलह की बात कर रहे हैं।

विस्तृत खबर पेज-8 पर

रविदास जयंती पर योगी ने रविदास मंदिर में टेका माथा, चखा लंगर

लखनऊ (समृद्धि न्यूज़)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज संत रविदास जयंती के मौके पर वाराणसी पहुंचे। यहां उन्होंने रविदास मंदिर में मत्था टेका, जिसके बाद योगी ने लंगर भी खाया। इस अवसर पर सीएम योगी ने कहा कि संत रविदास ने भक्ति के साथ कर्मसाधना को महत्व दिया। आज हमें संत रविदास के संदेशों को याद करने तक सीमित नहीं रहना चाहिए। उनकी कही बातों को हमें जिंदगी में उतारना चाहिए।

योगी ने कहा कि सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के जिस मंत्र के साथ हम आगे बढ़ रहे हैं उसमें संत रविदास जी के न्याय, समानता और सेवा पर आधारित कालजयी विचारों के भाव समाहित हैं। सीर गोवर्धनपुर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संत निरंजन दास से बातचीत की साथ ही प्रधानमंत्री का संदेश भी पढ़ा।

जाति भगवान ने नहीं पंडितों ने बनाई, ईश्वर के लिए हम सब एक हैं

समाज को बांटकर दूसरों ने फायदा उठाया

मुंबई (एजेंसी)। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि जाति भगवान ने नहीं बनाई है, जाति पंडितों ने बनाई जो गलत है। भगवान के लिए हम सभी एक हैं। हमारे समाज को बांटकर पहले देश में आक्रमण हुए, फिर बाहर से आए लोगों ने इसका फायदा उठाया। भागवत रविवार को मुंबई में संत रोहिदास जयंती पर आयोजित एक कार्यक्रम में बोल रहे थे। भागवत ने कहा कि हमारे समाज को बांटकर लोगों ने हमेशा से फायदा उठाया है। सालों पहले देश में आक्रमण हुए, फिर बाहर से आए लोगों ने हमें बांटकर

फायदा उठाया। नहीं तो हमारी ओर नजर उठाकर देखने की भी किसी में हिम्मत नहीं थी। इसके लिए कोई जिम्मेदार नहीं। जब समाज में अपनापन खत्म होता है तो स्वार्थ अपने आप बड़ा हो जाता है। देशभर में रामचरितमानस की एक चौपाई को लेकर छिड़े विवाद के बीच मोहन भागवत ने यह बयान दिया है। बता दें कि उत्तरप्रदेश में समाजवादी पार्टी के नेता स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा था- तुलसीदास की रामचरितमानस में कुछ अंश ऐसे हैं, जिनपर हमें आपत्ति है। इसमें वह शुद्रों को अधम जाति का होने का सर्टिफिकेट दे रहे हैं।

भारत सरकार ने चीन को फिर दिया झटका

एक साथ ब्लॉक किए 232 मोबाइल ऐप्स

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत सरकार ने एक बार फिर कड़ा रुख अपनाते हुए 232 मोबाइल ऐप्स को ब्लॉक कर दिया है।

गौरतलब है ये सभी ऐप्स सट्टेबाजी, जुआ और अनाधिकृत ऋण सेवा में शामिल थी जिन्हें चीनी सहित विदेशी संस्थाओं द्वारा चलाया जा रहा था। भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय ने गृह मंत्रालय के निर्देशों के बाद इन ऐप्स को ब्लॉक करने के आदेश जारी किए हैं। सट्टेबाजी, जुआ और मनी लॉन्ड्रिंग जैसे गलत कामों में शामिल 138 ऐप्स को ब्लॉक करने का आदेश तो 4 फरवरी की शाम को ही जारी हो गया था। लेकिन इसके साथ ही अनधिकृत ऋण सेवा में लगी 94 ऐप्स को भी अब ब्लॉक करने का आदेश जारी कर दिया गया है। इन सभी ऐप्स को चीन के साथ कई अन्य विदेशी संस्थाएं भी चला रही थी।

स्मार्ट प्रीपेड मीटर के मामले में अडानी का टेंडर निरस्त

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़

उपभोक्ता परिषद ने सीएम का जताया आभार

2.5 करोड स्मार्ट प्रीपेड मीटर टेंडर जिसकी लागत 25000 करोड उसकी उल्टी गिनती शुरू हो गई है। उपभोक्ता परिषद की लडाई रंग लाई है। बिजली कंपनियों ने उच्च दरों वाले मेसर्स अडानी जीएमआर व इंटेली स्मार्ट के टेंडर को निरस्त करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। मध्यांचल विद्युत वितरण निगम में स्मार्ट प्रीपेड मीटर के अडानी का टेंडर निरस्त कर दिया गया है। उपभोक्ता परिषद के अनुसार अभी उच्च दरो वाले ऐस्टीमेटेड कॉस्ट से 48 से 65 प्रतिसत अधिक दर वाले स्मार्ट प्रीपेड मीटर के टेंडर पूर्वांचल पश्चिमांचल दक्षिणांचल में निरस्त होंगे। परिषद ने मध्यांचल

विद्युत निगम की कार्रवाई पर मुख्यमंत्री का आभार जताया है। उत्तर प्रदेश में 2.5 करोड स्मार्ट प्रीपेड मीटर टेंडर जिसकी लागत लगभग 25000 करोड जिसमें देश के बडे निजी घराने मैसर्स अदानी जीएमआर व इन टेलीस्मार्ट जिनकी दरें ऐस्टीमेटेड कॉस्ट रुपया 6000 से 48 से 65 प्रतिशत अधिक आई थी।जिसे लेकर उपभोक्ता परिषद लंबे समय से विरोध कर रहा था कि इस टेंडर को अभिलंब निरस्त किया जाए। विगत दिनों उपभोक्ता परिषद ने इसके विरोध में विद्युत नियामक आयोग में याचिका भी डाली थी। पावर कारेरेशन प्रबंधन से इसे निरस्त करने की मांग कर रहा था। उपभोक्ता परिषद ने देश के प्रधानमंत्री, ऊर्जा मंत्री से इस पूरे मामले की सीबीआई से जांच कराने की भी मांग उठा रहा था। उपभोक्ता परिषद की लडाई रंग लाई और देर रात मध्यांचल विद्युत वितरण निगम ने स्मार्ट प्रीपेड मीटर के टेंडर जिसमें मेसर्स अडानी न्यूनतम निविदादाता थे और जिनकी दर लगभग रुपया 10 हजार के करीब थी उनका टेंडर कैंसिल कर दिया गया है।

पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ का निधन

दुबई (एजेंसी)। पाकिस्तान के तानाशाह और पूर्व राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ का रविवार को निधन हो गया। वे 79 साल के थे। मुशर्रफ लंबे वक्त से बीमार थे। दुबई के अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। मुशर्रफ 20 जून 2001 से 18 अगस्त 2008 तक पाकिस्तान के राष्ट्रपति रहे।

मई 2016 में पाकिस्तान की एक अदालत ने उन पर देशद्रोह के आरोप लगाए थे। इसके बाद वो देश छोड़कर दुबई चले गए तो उन्हें भगोड़ा घोषित कर दिया गया। मुशर्रफ कई महीने से अस्पताल में भर्ती थे। जून 2022 में उनके परिवार ने सोशल मीडिया पर कहा था कि वे अमाइलॉइडोसिस नाम

फाइल फोटो

की बीमारी से जूझ रहे हैं। इसकी वजह से उनके सभी अंगों ने काम करना बंद कर दिया। अमाइलॉइडोसिस में इंसान के शरीर में अमाइलॉइड नाम का असामान्य प्रोटीन बनने लगता है। यह दिल, किडनी, लिवर, नर्वस सिस्टम, दिमाग आदि अंगों में जमा होने लगता है, जिस वजह से इन अंगों के टिशूज ठीक से काम नहीं कर पाते।

गहरी चुप्पी से मिलीभगत की भू आती है

मोदी सरकार हम अडाणी के हैं कौन' कहकर सवालों से भाग नहीं सकती: कांग्रेस

कांग्रेस प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सामने रोजाना तीन सवाल रखेगी: जयराम रमेश

नयी दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस ने अडाणी समूह पर लगे आरोपों को लेकर केंद्र पर हमला तेज करते हुए रविवार को कहा कि इस मुद्दे पर मोदी सरकार की ''गहरी चुप्पी'' से ''मिलीभगत की बू आती है।'' अमेरिका स्थित हिंडनबर्ग रिसर्च द्वारा गौतम अडाणी के नेतृत्व वाले समूह पर फर्जी लेनदेन और शेयर की कीमतों में हेरफेर सहित कई गंभीर आरोप लगाए जाने के बाद अडाणी समूह के शेयर की कीमतों में भारी गिरावट आई है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक बयान में कहा कि पार्टी रविवार से इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सामने रोजाना तीन सवाल रखेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि अडाणी समूह पर लगे आरोपों के बीच मोदी सरकार ने ''गहरी चुप्पी बनाए रखी है, जिससे मिलीभगत की बू आती है।'' रमेश ने कहा कि चार अप्रैल 2016 को पनामा पेपर खुलासे के जवाब में वित्त मंत्रालय ने घोषणा की थी कि प्रधानमंत्री मोदी ने व्यक्तिगत रूप से एक बहु-एजेंसी जांच समूह को विदेशी 'टैक्स हेवन' (कर चोरी के लिहाज से मुफीद देशों) से संबंधित वित्तीय प्रवाह की निगरानी करने का निर्देश दिया था। उन्होंने कहा कि इसके बाद, पांच सितंबर 2016 को चीन के हांगझाऊ में जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान आपने (मोदी) कहा था, ''हमें आर्थिक अपराधियों के लिए सुरक्षित आश्रयों को खत्म करने, धनशोधन करने वालों का पता लगाकर बिना शर्त प्रत्यर्पित करने और जटिल अंतरराष्ट्रीय नियमों के जाल तथा अत्यधिक बैंकिंग गोपनीयता को तोड़ने की दिशा में कार्य करने की जरूरत है, जो भ्रष्ट लोगों और उनके कार्यों को उजागर होने से रोकती है। उन्होंने कहा कि इससे कुछ ऐसे सवाल पैदा होते हैं, जिनसे आप (मोदी) और आपकी सरकार 'एचएएचके' (हम अडाणी के हैं कौन) कहकर नहीं बच सकते। रमेश ने सवाल उठाते हुए कहा कि पनामा पेपर और पेंडोरा पेपर में गौतम अडाणी के भाई विनोद अडाणी का नाम बहामास और ब्रिटिश वर्जिन आइलैंड में विदेशी संस्थाओं को संचालित करने वाले व्यक्ति के रूप में आया था।

आरोपों की जांच के लिए कोई कार्रवाई नहीं

कांग्रेस नेता ने कहा, यह तथ्य कि आप जिस व्यावसायिक इकाई से भली-भांति परिचित हैं, वह गंभीर आरोपों का सामना कर रही है, आपकी जांच की गुणवत्ता और गंभीरता के बारे में क्या बयां करता है? उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी ने अपने राजनीतिक विरोधियों को ''डराने'' और उन कारोबारी घरानों को ''दंडित'' करने के लिए वर्षों से प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) जैसी केंद्रीय एजेंसियों का ''दुरुपयोग'' किया है, जो उनके ''साथियों'' के वित्तीय हितों के अनुरूप नहीं हैं। रमेश ने सवाल किया कि अडाणी समूह के खिलाफ वर्षों से लगाए जा रहे गंभीर आरोपों की जांच के लिए क्या कभी कोई कार्रवाई की गई है। उन्होंने यह भी पूछा कि क्या प्रधानमंत्री के अधीन मामले में सही और निष्पक्ष जांच की कोई उम्मीद है। कांग्रेस महासचिव ने कहा, यह कैसे संभव है कि भारत के सबसे बड़े व्यापारिक समूहों में से एक, जिसे हवाई अड्डों और बंदरगाहों के क्षेत्र में एकाधिकार बनाने की अनुमति दी गई है, लगातार आरोपों के बावजूद इतने लंबे समय तक गंभीर जांच से बच सकता है? उन्होंने आरोप लगाया कि इससे कमतर आरोपों के लिए अन्य व्यापारिक समूहों को परेशान किया गया और उन पर छापे मारे गए।

सेना का सिपाही ठगी में गिरफ्तार

पूर्व सैनिक की मदद से नौकरी के नाम पर करता था ठगी, चार गिरफ्तार

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

यूपी एसटीएफ ने भारतीय सेना का अधिकारी बनकर नौकरी के नाम पर ठगी करने वाले भारतीय सेना के एक सिपाही समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है। यह एक भूतपुर्व सैनिक की मदद से बेरोजगार युवकों को नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी का गिरोह चला रहा था। एसटीएफ की टीम गिरोह से जुड़े लोगों के विषय में जानकारी जुटा रही है। यूपी एसटीएफ के मुताबिक मिलिट्री इंटेलीजेंस और यूपी एसटीएफ ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए सेना में अधिकारी बनकर ठगी करने वाले गिरोह का खुलासा किया है। टीम ने ठगी करने वाले फिरोजाबाद के सिकेरा निवासी सेना के सिपाही राम बरन सिंह के साथ गाजीपुर गोसण्डीपुर निवासी अमित कुमार सिंह, उन्नाव बागंरमऊ निवासी शुभम और इटावा जसोहन निवासी दिनेश कुमार यादव को गिरफ्तार किया। जिसमें सिपाही राम बरन आजकल नागालैंड में तैनात है। वहीं रामबरन सिंह खुद को सेना में कमांडो बताता था। एसटीएफ की पूछताछ में सामने आया है कि शुभम पेटल बेरोजगार युवकों को सेना में भर्ती कराने के नाम पर बेरोजगार युवकों से आठ से दस लाख रूपये लेता था। इन्हें दिलीप अपने सम्पर्कों के माध्यम से हमारे पास फर्जी भर्ती प्रक्रिया हेतु भेजता था। वहीं इन युवकों से खुद को आर्मी का कमांडो, अमित सिंह को लेफ्टीनेंट कर्नल और रामबरन यादव को मेजरध्डिप्टी कामाण्डेन्ट बताकर मिलता था। उसके बाद उनको भरोसे मे लेकर फर्जी भर्ती प्रक्रिया की जाती है।रामबरन सिंह ने

पूछताछ में बताया कि वह सेना में 2015 से भर्ती हुआ था। आजकल नागालैण्ड में सिपाही के पद पर कार्यरत है। 45 दिन के छुट्टी पर लखनऊ आया था। वह साथी शुभम पटेल और दिनेश यादव एसएससी-जीडी, पुलिस, रेलवे और सेना में बेरोजगार युवकों को भर्ती के नाम पर धोखा देकर पैसा कमाता था।आरोपी दिनेश ने पूछताछ में बताया कि वह लोग युवकों के शैक्षिक, जाति, निवास प्रमाण-पत्रों आदि कि मूल कॉपी रख लेते थे। जिससे वह कहीं शिकायत न कर सकें। वह रिश्ते के मामा के माध्यम से शुभम पटेल और रामबरन सिंह से मिला था। जिनकी मदद से बेरोजगार युवकों को आर्मी में भर्ती के फर्जी पत्र देता था। आर्मी के फर्जी दस्तावेज हम लोगों को दिलीप व राम बरन सिंह उपलब्ध कराते हैं। पूर्व सैनिक अमित कुमार सिंह ने पूछताछ में बताया कि वह सेना मे 16 वर्ष नौकरी करने के बाद नवम्बर 2021 में ही सेवानिवृत्त हुआ। गया था। इस दौरान रामप्रकाश नामक युवक से मुलाकात हुई। उसने सेना में युवकों की भर्ती कराने के बदले मोटी रकम देने की बात कही। इसके बाद रामप्रकाश को भर्ती करवाने के लिए कुछ लड़कों से पैसे लेकर दिए, लेकिन उनकी भर्ती नहीं हुई। पैसा मांगने पर रामप्रकाश ने लखनऊ में शुभम पटेल, दिलीप व रामबरन सिंह से करायी। उसके बाद उनके साथ मिलकर नौकरी के नाम पर ठगी करने लगा।

विद्युत विभाग के केवाईसी अभियान का दिख रहा असर

मथुरा में शाही ईदगाह में मिला अवैध विद्युत कनेक्शन कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति निर्माण ट्रस्ट की शिकायत के बाद विद्युत विभाग के तेवर सख्त

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

उत्तर प्रदेश में नगर विकास एवम् ऊर्जा मंत्री एके शर्मा के निर्देश पर विद्युत विभाग द्वारा चलाये जा रहे केवाईसी अभियान का जमीनी स्तर पर अब व्यापक असर दिखने लगा है। जहां एक ओर नए उपभोक्ताओं में बढ़ोतरी हो रही है, वहीं दूसरी ओर अवैध कनेक्शन धारकों पर भी जमकर कार्रवाई हो रही है।मथुरा में केवाईसी अभियान के तहत शाही ईदगाह परिसर में उपखंड अधिकारी मसानी के नेतृत्व में आज सुबह से ही जिला प्रशासन, पुलिस विभाग एवं विद्युत परिवर्तन दल, मथुरा ने संयुक्त चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसके तहत शाही ईदगाह परिसर में अवैध कनेक्शन से विद्युत का उपयोग पाया गया। संयुक्त टीम में त्वरित कार्रवाई करते हुए अवैध कनेक्शन काट दिया और अवैध विद्युत प्रयोग के विरुद्ध विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के अंतर्गत एंटी थेफ्ट में थाना कृष्णा नगर में प्राथमिकी दर्ज कराई है। नियमानुसार राजस्व निर्धारण किया गया। उसके उपरांत निर्धारित किए गए राजस्व का भुगतान शाही ईदगाह मस्जिद कमेटी के सचिव तवनीर अहमद से वसूला गया है।विद्युत विभाग ने यह कार्रवाई श्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति निर्माण ट्रस्ट द्वारा प्राप्त शिकायत के उपरांत की गई है।शिकायती पत्र में कहा गया है कि शाही मस्जिद ईदगाह प्रबंध समिति में अनाधिकृत रूप से बिजली चोरी की जा रही है। सचिव तनवीर के नेतृत्व में दर्जनों से अधिक लोग बिजली की मुख्य आपूर्ति के लिए तार डालकर बिजली चोरी कर रहे हैं। यह कृत्य काफी वर्ष से चल रहा है। पत्र में यह भी लिखा गया है कि ईदगाह में न तो मीटर है, न ही बिल और न ही बिजली का कोई रजिस्टर्ड कनेक्शन है। श्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति निर्माण ट्रस्ट द्वारा यह भी मांग की गई कि शाही मस्जिद ईदगाह प्रबंध समिति के विरोध सख्त कार्रवाई करते हुए उनके द्वारा गलत तरीके से उपयोग की गई बिजली की गणना कर उनसे नुकसान की भरपाई कराई जाए और दोषियों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की जाए। संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए कनेक्शन काटकर जुर्माना भी वसूला है। विद्युत विभाग की इस कार्रवाई से जहां एक ओर वैध विद्युत कनेक्शन धारकों में हर्ष का माहौल है, तो वहीं अवैध धारकों में भय भी व्याप्त है। विद्युत विभाग द्वारा 01 फरवरी से केवाईसी अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के दौरान विद्युत उपभोक्ता बढ़ाने के लिये भी व्यापक प्रयास किये जा रहे हैं।अवैध विद्युत कनेक्शन पर जहां एक ओर कार्रवाई हो रही है, वहीं लोगों को विद्युत कनेक्शन लेने के लिये प्रेरित भी किया जा रहा है। अभियान अंतर्गत लाइन लास वाले क्षेत्रों को चिन्हित कर वहां नियमित संयोजन देने हेतु विशेष प्रयास भी किये जा रहे हैं। वहीं कटिया संयोजन नियमितीकरण अभियान भी चलाये जा रहे हैं। बिना संयोजन लिए बिजली का उपयोग करने वालो को विद्युत संयोजन लिये जाने के लिए प्रेरित कर और उन्हें हर हाल में संयोजन उपलब्ध कराना भी सुनिश्चित किया जा रहा है। ऐसे आवेदक जिनके विरुद्ध विद्युत चोरी के प्रकरणों, लम्बित बकाया अथवा एफआईआर दर्ज है, उनसे सादा पेपर पर एक घोषणा पत्र लिया जा रहा है जिसमें ऐसे प्रकरणों पर भविष्य में जो भी नीतिगत निर्णय होगा, वह उन्हें मान्य होगा और उन्हें संयोजन दे दिया जायेगा।अभियान के तहत प्रत्येक उपभोक्ता को यह भी बताया जा रहा है कि केवाईसी कराने से उन्हें किस प्रकार की सुविधायें मिलेंगी।

खबरें एक नजर में

मुख्यमंत्री ने निधन पर शोक व्यक्त किया

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सांसद रवि किशन के बड़े भाई श्री राम किशन शुक्ला के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ए0एन0आई0 के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर सुरिंदर कपूर के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

सेंट्रल अकादमी एल्डिको ग्रीन्स पहले स्थान पर, स्कॉलर्स होम को दूसरा स्थान

लखनऊ। द्वितीय वर्ल्ड मॉडर्न शोतोकान जिला स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में सेंट्रल अकादमी एल्डिको ग्रीन्स प्रथम, स्कॉलर्स होम दूसरे और डीबी एस स्कूल तीसरे स्थान पर रहा। चौक स्टेडियम में अयोजित प्रतियोगिता में सीएमएस आरडीएसओ विद्यालय के अथर्व चौरसिया ने दो स्वर्ण पदक हासिल किये। समापन समारोह में मुख्य अतिथि आईएएस हरि प्रताप शाही रहे। स्कॉलर होम स्कूल की प्रधानाचार्य प्रियंका भारद्वाज, सौरभ शर्मा, कराटे एसोसिएशन ऑफयूपी के महासचिव क्योंशी जसपाल सिंह, शिहान रवि चौरसिया, अशोक पाल, कृष्णावतार व प्रतियोगिता संयोजक शिहान संतोष कुमार ने विजेता प्रतिभागियों को मेडल देकर सम्मानित किया। इस दौरान हाल ही में दिल्ली में हुई राष्ट्रीय प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया गया। स्वर्ण पदक पाने वाले खिलाड़ियों में अदिति सिंह, आशश्वी सिंह, मायेशा, शिवांशी त्रिपाठी, आयुष सिंह, आनया शर्मा, यथार्थ चतुर्वेदी, आरुष सिंह, अग्रिमा, गौरी, दिति अग्रवाल, रितिका गुप्ता, रेयांश सक्सेना, भाविनी शर्मा, पदमांशी वर्मा, योगेश यादव, प्रभाकर शुक्ला, अखिल यादव, अर्जुन रसाली, प्रथमेश, अथर्व चौरसिया, धृति महाजन, रूही श्रीवास्तव, नीव देड़िया, सौम्या पटेल, पर्व श्रीवास्तव, समर्थ प्रताप सिंह रहे।

राजभवन प्रांगण में प्रादेशिक फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी

लखनऊ। राजभवन प्रांगण, लखनऊ में आयोजित होने वाली प्रादेशिक फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी-2023 के अंतर्गत जनपद के विभिन्न वर्गों के उद्यानों व गृहवाटिकाओं की प्रतियोगिता की जजिंग 04 फरवरी व 05 फरवरी तक की गई। प्रदेश के विभिन्न जनपदों से पुष्प प्रदर्शनी के विभिन्न वर्गों के उद्यानों व गृहवाटिकाओं की 182 प्रविष्टियाँ प्राप्त हुई, जिसमें लखनऊ के उद्यान प्रेमियों ने विशेष रूप से प्रतिभाग किया। इस प्रतियोगिता में उद्यान विभाग, सेना रेलवे, पी0ए0सी0 मुख्यालय, पुलिस रेडियो मुख्यालय, मेट्रो रेल कारपोरेशन, नगर निगम, लखनऊ विकास प्राधिकरण, आवास एवं विकास परिषद के विभिन्न श्रेणियों के उद्यान व गृहवाटिकायें आकर्षण का प्रमुख केन्द्र रहे। इस प्रतियोगिता के व्यक्तिगत वर्ग में विभिन्न उद्यान प्रेमियों की बड़ी संख्या में प्रतिभागिता रही। इसके अलावा शहर के विभिन्न प्राचीन ऐतिहासिक स्थलों यथा-बड़ा इमामबाड़ा, छोटा इमामबाड़ा, सहादत अली खॉ का मकबरा आदि के उद्यानों की भी प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता में आई सभी प्रविष्टियों की जाँच निर्णायक मण्डलों की टोलियों द्वारा की गई। निदेशक उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण आर.के. तोमर ने बताया कि 16 फरवरी को राजभवन प्रांगण, लखनऊ में गमलों में लगी शाकभाजी, शोभाकार पत्ती व फूल वाले पौधों तथा फल, शाकभाजी, पान, शहद, मशरूम फल संरक्षित पदार्थों, कटे हुए फूल, रंगोली, वर्टिकल गार्डेन, कलात्मक पुष्प सज्जा तथा फोटोग्राफी आदि वर्गों की प्रतियोगिता होगी तथा उसी दिन अपरान्ह से 17 फरवरी की पूर्वाह्न तक जजिंग का कार्य होगा।गत वर्ष की भाँति प्रदर्शों का पंजीकरण वेबसाइट के माध्यम से किये जाने का निर्णय हुआ है। प्रदर्शों के पंजीकरण का कार्य 10 फरवरी की सायं से 16 फरवरी की दोपहर 12 बजे तक किया जा सकेगा। उद्यान प्रेमियों से इस प्रदर्शनी में उत्कृष्ट कोटि के प्रदर्शों के साथ प्रतिभागिता करे। वर्ष 2023 प्रदर्शनी का मुख्य आकर्षण सेना तथा पी0ए0सी0 के बैण्ड के साथ-साथ जेल के बन्दियों द्वारा बजाये गये बैण्ड की आकर्षक धुनों को भी सुना जा सकेगा। प्रदर्शनी का शुभारम्भ मुख्यमंत्री उ0प्र0 के कर कमलों द्वारा 17 फरवरी को राजभवन प्रांगण में प्रस्तावित है।

कलयुग में चोरो ने भगवान को दिया धोखा

लखनऊ। नाका थाना अंतर्गत दुर्विजयगंज स्थित झंडेवाले चौराहे पर चारो ओर घनी आबादी से घिरे पंचपरमेश्वर मंदिर में चोरो ने तीसरी बार चोरी करके पुलिस को खुली चुनौती दे डाली, पंचपरमेश्वर मंदिर के संरक्षक राजेश गुप्ता ने बताया कि मध्यरात्रि के पश्चात चोरो ने दुर्गा और काली मां के मंदिर का शीशा तोड़कर माँ का मुकुट , चांदी का छत्र, एक हार, और रुपये पैसों पर चोरो ने हाथ साफकर दिया, तीसरी बार मंदिर में हुई चोरी से क्षेत्रीय जनता में पुलिस के प्रति काफी रोष देखने को मिल रहा है ! दबी जुबान से स्थानीय लोग पुलिस की रात्रि गशत पर सवाल उठा रहे है, मंदिर में तीसरी बार हुई चोरी से कही न कही नाका पुलिस की रात्रि गशत की विफलता सामने आई है ।

अडाणी के मुद्दे की वजह से भारत की छवि दांव पर भारत सरकार अपना रुख साफ करें: मायावती

बसपा सुप्रीमो ने कहा कि विश्व में अपनी रैंकिंग स्थापित करने वाले इस देश के एक कारोबारी की वजह से भारत का आर्थिक जगत निराश और अवसाद में है। इसका इस देश की अर्थव्यवस्था और आम जीवन पर दीर्घकालीन असर पड़ने जा रहा है

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने रविवार को प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि अडाणी के मुद्दे की वजह से भारत की छवि दांव पर लगी है और हर कोई इसको लेकर चिंतित है, लेकिन सरकार इसे बहुत हल्के में ले रही है। उन्होंने कहा कि अडाणी मामले का भारतीय अर्थव्यवस्था पर दीर्घकालीन प्रभाव पड़ेगा और दुर्भाग्यपूर्ण है कि सरकार इस देश के लोगों को भरोसे में नहीं ले रही है। मायावती ने जारी एक बयान में कहा रविदास जयंती पर अडाणी प्रकरण को कैसे भूला जा सकता है क्योंकि ये नई चिंता का कारण है। इस तरह के मामलों का हल ढूढ़ने के बजाय सरकार लोगों को नजरअंदाज कर नए वादे कर रही है। बसपा सुप्रीमो ने कहा कि विश्व में अपनी रैंकिंग स्थापित करने वाले इस देश के एक कारोबारी की वजह से भारत का आर्थिक जगत निराश और

अवसाद में है। इसका इस देश की अर्थव्यवस्था और आम जीवन पर दीर्घकालीन असर पड़ने जा रहा है। अन्य मामलों की तरह ही अडाणी के मामले में सरकार इस देश के लोगों को सदन के माध्यम से भरोसे में नहीं ले रही हैं। सरकार को लोगों के भरोसे के साथ नहीं खेलना चाहिए। उल्लेखनीय है कि अमेरिकी शॉर्ट सेलर और वित्तीय शोध कंपनी हिंडनबर्ग ने करीब 10 दिन पहले अडाणी समूह के खिलाफ कंपनी संचालन के मोर्चे पर गड़बड़ी के कई आरोप लगाए थे। जिसके बाद से अडाणी समूह की कंपनियों के शेयरों में भारी गिरावट आई है। अहमदाबाद स्थित अडाणी समूह ने सभी आरोपों का खंडन किया है और इसे भारत पर सुनियोजित हमला करार दिया है।

भाजपा नेत्री अपर्णा यादव ने जन्मदिन कार्यकर्ताओं के साथ मनाया जन्मदिन व भंडारे का प्रसाद वितरण करती भाजपा नेत्री अपर्णा यादव

जुड़वां बच्चों को गंभीर टीबी से बचा लिया बीसीजी के टीके ने

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

पांच साल की उम्र में जुड़वां बच्चों को आठ-नौ महीने तक बुखार बना रहने से परेशान मां को कुछ सूझ नहीं रहा था। अर्जुनगंज निवासी सुनीता (बदला हुआ नाम) को जो जैसा बताया वैसे ही इलाज कराया, हजारों रुपये खर्च हो गए लेकिन कोई आराम नहीं मिला। पैसे ड़त्म होने पर इलाज के लिए सिविल अस्पताल पहुँचीं तो पता चला कि बच्चों को टीबी है। चिकित्सक ने बताया कि यह तो अच्छा रहा कि बच्चों को समय से बीसीजी का टीका लगा था जिससे टीबी का संक्रमण अन्य अंगों तक नहीं ड़ैल पाया । सुनीता बताती हैं कि उनके पति कपड़े की दुकान में काम करते हैं, जिससे किसी तरह घर चल पाता है। निजी अस्पतालों में महंगी जांच के लिए पैसे नहीं थे । इसलिए दोनों बच्चों को सिविल अस्पताल में दिखाया, जांच के बाद दोनों ही बच्चों को क्षय रोग की पुष्टि हुई 7

दोनों ही बच्चों के दाहिने कान के पीछे की तरफ गाँठ में टीबी थी। आगे के इलाड़ के लिए उन्हें डॉट सेंटर कैंट अस्पताल रेफर कर दिया। साड़े तीन माह से दोनों बच्चों का इलाड़ कैंट अस्पताल में चल रहा है। एक संस्था ने बच्चों को गोद लेकर पोषक आहार भी मुहैया करा रही है।बच्चों की सुधरती सेहत को देखकर सुनीता खुश हैं। उनको भरोसा है कि बच्चे जल्द ही पूरी तरह स्वस्थ हो जायेंगे क्योंकि आशा कार्यकर्ता से लेकर चिकित्सक तक उनकी पूरी मदद कर रहे हैं। साड़े तीन माह पहले लड़के का वजन 15 किलो व लड़की का 14 किलो था, जिसमें दो से तीन किलो बढोतरी हुई है बच्चे अब खेलने-कूदने लगे हैं और स्कूल भी जाने लगे हैं।

राजीव प्रकाश साहिर की पुस्तक का हुआ विमोचन

आज के नायकों पर सोचने को विवश करती कहानियां

प्रो.नलिन रंजन सिंह ने सटीक समीक्षा करते हुए उन्हें आमजन का और जनवादी कहानीकार बताया कहा कि संग्रह की तृष्णा जैसी कहानियां पूंजीवाद के विकास मे उभर रही भयावहता को रेखांकित करती हैं।

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

राजीव प्रकाश की कहानियां ये सोचने को मजबूर करती हैं कि आज हमारे नायक कौन हैं? काल्पिनिकता को समेटकर वास्तविकता के करीब की इनकी कहानियां बड़ी-बड़ी सामयिक समस्याओं के साथ सामाजिक सरोकारों, वजूद और हमारी उम्मीदों को उजागर करती हैं। उक्त विचार प्रो.शाफे किदवाई ने राजीव प्रकाश साहिर के सद्य प्रकाशित कथा संग्रह के विमोचन समारोह में वर्तमान परिस्तितियों का संदर्भ रखते हुए अपने अध्यक्षीय वक्तव्य में व्यक्त किये। यूपी प्रेस क्लब सभागार में उर्दू किताब 'तआकुब जर्द मौसम का' विमोचन समारोह मसरूर एजूकेशन सोसायटी की ओर से किया गया। ख्यातिनाम लेखक राजीव प्रकाश की 44 कहानियों की यह छठी पुस्तक है। इससे पहले उनकी काव्य में तआरुफ के अलावा कहानियों की चार पुस्तकें एक भीगे लम्हे की लंबी सड़क, एक झरोखा अफ्सानों का, प्यासी सबीलें और एहतियात किताबें प्रकाशित हो चुकी हैं। प्रो.किदवाई ने सुलगते ग्लेशियर, खलाई मौसिकी जैसी संग्रह की कई कहानियों का हवाला देते हुए कहा कि संगीत के जरिए बहुत कुछ कहा जा सकता है और ये सभी कला के व्यावसायिकता में तब्दील होने की व्याख्या करता है। संग्रह की 15-16 कहानियां पर्यावरण के प्रति संवेदना जगाती और चेताती है। कथाओं में विरोधाभास भी दिखायी देता है पर राजीव उन्हें उससे अलग छोर पर ले गये हैं। आकाशवाणी अल्मोड़ा के पूर्व प्रमुख प्रतुल जोशी ने अदा कहानी के प्रभाव और दृश्यात्मकता की चर्चा करते हुए कहा कि राजीव वक्त की नब्ज को पकड़कर चलने वाले सेनानी सरीखे कथाकार हैं। कहानियों में गतिशीलता है। प्रो.नलिन रंजन सिंह ने सटीक समीक्षा करते हुए उन्हें आमजन का और जनवादी कहानीकार बताया। कहा कि संग्रह की तृष्णा जैसी कहानियां पूंजीवाद के विकास मे उभर रही भयावहता को रेखांकित करती हैं। इससे पहले डा.उमैर मंजर के संचालन में चले समारोह में परवेज मलिकजादा ने कहा कि ही शायर के साथ ही कहानीकार के तौर पर वे लखनऊ के परम्परा को आगे बढ़ाने वाले रचनाकार हैं। अतिया बी ने कहा कि सुंदर लफ्जों का चयन करते हुए कहानियों में हिन्दी उर्दू को शब्दों बखूबी पिरोया है। कहानियों के चरित्र जीवंत हैं। सुहैल काकोरवी का मानना था कि कहानियों के जीवन दर्शन और सांसारिकता समायी हुई है। उपन्यासकार मोहसिन खां ने हरमन हेस की कहानी का उदाहरण देते हुए कहा कि ये कहानियां विकास के पीछे के सच पर सोचने को विवश करती हैं। रेशमा परवीन ने बदरंग दुनिया कहानी के हवाले से अपनी बात रखी। जांनिसार खां आलम ने बताया कि कहीं दिवास्वप्न, कहीं वास्तविकता और कहीं भावनात्मकता और मानवीयता कहानियों में लेखक के अलग-अलग अनुभव सामने आते हैं। लेखक राजीव प्रकाश साहिर ने अपने गुरु को याद करने के साथ अतिथ्यिं का आभार व्यक्त करते हुए कहा लेखन ने मेरी कल्पना और समझ को विस्तार दिया है। डा.परवीन शुजात जैसे कुछ अन्य वक्ताओं ने भी विचार रखे।

बिजली कर्मचारी बनकर की 50 हजार की ठगी,बिल न जमा करने पर दी कनेक्शन काटने की धमकी, एफआईआर

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

मदेयगंज कोतवाली में ठगों ने बिजली कर्मचारी बनकर 50 हजार रुपए ठग लिए। ठगों ने बकाया बिजली बिल तत्काल जमा नहीं करने पर कनेक्शन काटने की धमकी दी थी। पीड़ित को इसकी जानकारी विद्युत उपकेंद्र से जांच के लिए पहुंचे कर्मचारियों से पूछताछ किए जाने पर हुआ। जेसीपी एलओ के आदेश पर मदेयगंज कोतवाली में पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है। रुपपुर खदरा निवासी रमेश प्रकाश राव (65) के मुताबिक दो जून 2022 को दोपहर 11.30 पर पांच लोग उनके घर आए। जिन्होंने बिजली अहिबरनपुर उपकेंद्र में तैनात होने की बात कहते हुए अपना नाम विकास सिंह, मनीष और फुरकान बताया। मनीष कुछ कागज दिखाते हुए कहा कि आपका 80 हजार रुपये का बिल बकाया है। इसे तत्काल जमा कर दें वरना कनेक्शन काट दिया जाएगा। बिजली कर्मियों को समझाने के प्रयास के दौरान कहासुनी तक हो गई। इस दौरान रमेश की बेटी शालिनी और रितिका भी कमरे से बाहर आ गई। बेटी शालिनी ने फीस के रखे हुए 50 हजार रुपये बिल काउंटर में जमा कराने की बात कही। यह सुन कर आरोपियों ने ऑनलाइन बिल जमा करने के लिए कहा। साथ ही एक मोबाइल नम्बर बताया। जिस पर शालिनी ने रुपये ट्रांसफर कर दिए। खाते में रुपये पहुंचने का मैसेज आने पर मनीष ने कहा कि वह जल्द ही बिल की रसीद दे जाएगा। रमेश प्रकाश के अनुसार मनीष ने मोबाइल नम्बर दिया था। जिस पर कई बार फोन कर रसीद देने के लिए कहा गया। लेकिन वह टाल मटोल करता रहा। 20 जनवरी को अहिबरनपुर उपकेंद्र से बिजली कर्मी जांच के लिए फिर से घर आए। जिन्हें 50 हजार रुपये पहले ही जमा किए जाने की जानकारी दी गई। मीटर अकाउंट नम्बर चेक करने पर बिजली कर्मियों ने बताया कि आपके खाते में 50 हजार रुपये जमा नहीं हुए हैं। इस पर उन्होंने जून महीने में बिल वसूलने के लिए आए मनीष व उसके साथियों के नाम बताए। इस पर उपकेंद्र कर्मियों ने बताया कि मनीष, विकास सिंह और फुरकान नाम के कर्मचारी उपकेंद्र में कार्यरत नहीं है। इंस्पेक्टर मदेयगंज प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर आरोपी मनीष का मोबाइल नम्बर सर्विलांस पर लगाया गया है।

उप मुख्यमंत्री केशव ने लांच की वेबसाइट

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कैम्प कार्यालय 7-कालिदास मार्ग पर एक कार्यक्रम में ू.र्मीअचतेंकउंनतलं.बवउ वेबसाइट लांच किया । उन्होंने ज्ञर्मीअ च्तेंक डंनतलं ष्ठ और ंदकतवपक मोबाइल ऐप का भी किया लोकार्पण। इस वेबसाईट और ऐप पर घर बैठे कोई भी व्यक्ति अपनी या सार्वजनिक शिकायत, अनुरोध पत्र या सुझाव इस ऐप और वेबसाइट पर दे सकता है और सुझाव या शिकायती पत्र पर हुई कार्यवाही का विवरण भी वह घर बैठे देख सकते हैं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे लोगों की समस्याओं का त्वरित गति से समाधान होगा। जन आकांक्षाओं और अपेक्षाओं में को ध्यान में रखते हुए यह व्यवस्था की गयी है। सुदूर ग्रामीण अंचलों में अपने घर से भी कोई भी व्यक्ति अपनी या सार्वजनिक शिकायत, अनुरोध पत्र या सुझाव इस ऐप और वेबसाइट पर दे सकता है और उनके पत्र पर हुई कार्यवाही का विवरण भी वह व्यक्ति घर बैठे देख सकते हैं। उन्होंने बताया कि जनता दर्शन या उप मुख्यमंत्री कार्यालय में,या जनसुनवाई में दिए गए शिकायतकर्ता, प्रार्थना पत्र की प्रगति, वेबसाइट के लिंक पर क्लिक करके जान सकते हैं और आगंतुक उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य से मिलने के बाद अपने फोटो को लाइब्रेरी से प्राप्त कर सकता है। हर्ष का विषय है कि इसकी लांचिंग पूज्य सन्त रविदास की जयन्ती के पुण्य अवसर पर की जा रही है। उन्होंने वेबसाइट के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सरकार द्वारा गरीब कल्याण और जनता के हित के लिए,और मजदूरों ,खिलाड़ियों, महिलाओं सहित सभी वर्गों के लिए क्या-क्या कार्य किए जा रहे हैं ,उसका भी अवलोकन किया जा सकता है।

कांग्रेस मुख्यालय पर मनी संत शिरोमणि रविदास की जयंती

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

जन्म जात मत पूछिए, का जात और पात। रैदास पूत सम प्रभु के कोई नहिं जात-कुजात।। सामाजिक भेदभाव, कुरीतियों, आडम्बरों को दूर करने और सामाजिक एकता का प्रचार प्रसार करने वाले आध्यात्मिक संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती के अवसर पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस प्रांतीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री नकुल दुबे ने कहा कि संत रविदास जी ने जातिगत भेदभाव के दूर कर सामाजिक एकता पर बल दिया और भक्ति मार्ग पर चलकर पूरे समाज को एकता के सूत्र में बांधने का संदेश दिया है।पूर्व मंत्री नकुल दुबे ने वर्तमान में ''भारत जोड़ो यात्रा'' के पुनीत मकसद को संत रविदास के जीवन अध्यात्म दर्शन से जोड़ते हुए स्पष्ट किया कि कांग्रेस सदैव संत रविदास जी के आदर्शों पर चलकर सामाजिक एकता और सौहार्द के लिए सदैव कार्य करती आई है। राहुल गांधी तथा समस्त कांग्रेसजनों ने भी हमेशा देश की एकता और अखण्डता को बनाएं रखने के लिए संत रविदास जी के अध्यात्मिक दर्शन को अपने जीवन में उतारा है। इसी का परिणाम है कि आधुनिक युग में कांग्रेस की ''भारत जोड़ो यात्रा'' अपने पुनीत मकसद को प्राप्त कर सकी है।'मन चंगा तो कठौती में गंगा।'' कांग्रेस कोषाध्यक्ष शिव पाण्डेय ने इस कथन की व्याख्या करते हुए कहा कि संत रविदास जी मनुष्यों में आंतरिक आध्यात्मिक शक्ति को जगाने का कार्य किया, उन्होंने संसार को सीख दिया कि अगर कोई भी परोपकार मन की पवित्रता के साथ किया जाये तो वह किसी तीर्थ अथवा अध्यात्मिक कार्य के समान ही माना जायेगा। संत रविदास जी ने भगवान की भक्ति में समर्पित होने के साथ अपने सामाजिक और पारिवारिक कर्तव्यों का भी बखूबी निर्वहन किया। उन्होंने लोगों को बिना भेदभाव के आपस में प्रेम करने की शिक्षा दी। कांग्रेस प्रवक्ता विकास श्रीवास्तव ने बताया कि संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती पर प्रदेश के सभी जनपदों में संत के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके व्यक्तित्व और जीवन दर्शन को लेकर संगोष्ठी आयोजित की गई। इसी क्रम में आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर आयोजित संगोष्ठी का संचालन पूर्व प्रवक्ता बृजेन्द्र सिंह ने किया और कांग्रेस नेत्री अन्नता तिवारी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व विधायक श्याम किशोर शुक्ला, इन्दल रावत, कोषाध्यक्ष शिव पाण्डेय, प्रदेश् महासचिव सुबोध श्रीवास्तव, वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री लालती देवी, मीडिया संयोजक अशोक सिंह, प्रदेश प्रवक्ता पंकज तिवारी, संजय सिंह, मनोज तिवारी, प्रदेश सचिव शहनवाज मंगल आजमी, हम्माम वहीद, शीला मिश्रा, संजय शर्मा, जिलाध्यक्ष वेद प्रकाश त्रिपाठी, तनवीर फातिमा, दयानंद सिंह दुसाध, सिद्ध श्री, डॉ0 रेहान अहमद खान, सुशील वाल्मीकि, सुशीला सोनकर, रूबीना रईस, प्रभाकर मिश्रा,, राकेश पाण्डेय, रंजीत यादव, अशोक कुमार, सत्य वरी यादव, मेहताब जायसी, नसीम मंसूरी, आलोक सिंह, सहित आदि कांग्रेस जन मौजूद रहे।

ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिटः 10 हजार मेहमान, 40 देशों के आयेंगे निवेशक

ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिटः 10 हजार मेहमान, 40 देशों के आयेंगे निवेशक

समृद्धि न्यूज लखनऊ

ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट को लेकर लखनऊ तैयार है। समिट में आने वाले स्वदेशी और विदेशी मेहमानों और निवेशकों के स्वागत में लखनऊ की सड़कें लकालक हैं और कही गड्ढे नही मिलेंगे। समिट में शामिल होने के लिए तीन दिनों में 10 हजार भारतीय और करीब 400 विदेशी मेहमान आने वाले हैं। समिट में 40 देशों से निवेशक यूपी आ रहे हैं।

समिट में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल सहित करीब दर्जन भर केंद्रीय मंत्री मेहमान होंगे। वृंदावन विहार योजना में समिट आयोजन स्थल पर 25 हजार वर्ग मीटर में प्रदर्शनी लगाई जाएगी। समिट के साझेदार देशों और उद्यमियों को 636 वर्ग मीटर जगह आवंटित की गई है। विभागों को प्रदर्शनी के लिए 5268 वर्ग मीटर जमीनआवंटित की गई है। निजी कंपनियों की ओर से 13 हजार वर्ग मीटर से अधिक भूमि पर 172 स्टॉल लगाए जाएंगे। 10 फरवरी को केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह डिफेंस कॉरिडोर यूपी के लिए अवसर सत्र को संबोधित करेंगे। गृहमंत्री अमित शाह यूपी सुरक्षा में बदलाव, एमएसएमई के सशक्तिकरण और सहकारिता के सत्र को संबोधित करेंगे। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव व्यास हैंगर में उत्तर प्रदेशरू डिजाइनिंग एंड मैन्युफैक्चरिंग इन इंडिया फॉर द वर्ल्ड सत्र को संबोधित करेंगे। केंद्रीय पर्यटन मंत्री जी. किशन रेड्डी कल्चरल हेरिटेज फॉर मार्डन एंड प्रोग्रेसिव यूपी सत्र को संबोधित करेंगे।

केंद्रीय ऊर्जा मंत्री आरके सिंह नवीनीकृत ऊर्जा के जरिये यूपी का सतत विकास सत्र को संबोधित करेंगे। केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण मंत्री पशुपतिनाथ पारस भी आयेगे। 11 फरवरी को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार समग्र विकास के लिए योजनाओं का सकारात्मक क्रियान्वयन विषय पर होने वाले सत्र को संबोधित करेंगे। स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया कोरोना के बाद हेल्थ सेक्टर विषय पर होने वाले सत्र को संबोधित करेंगे। केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर, सर्वानंद सोनोवाल, पुरुषोत्तम रुपाला, ज्योतिरादित्य सिंधिया, नितिन गडकरी भी संबोधित करेंगे। 12 फरवरी को वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल यूपी में आबकारी एवं चीनी उद्योग की संभावना, सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर यूपी में खेलों के विकास की क्षमता, शिक्षामंत्री धर्मेन्द्र प्रधान यूपी में कौशल विकास विषय पर संबोधित करेंगे। पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह, राव इंद्रजीत सिंह और केंद्रीय राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल भी शामिल होंगी। समिट में ब्रिटेन के रक्षामंत्री एलेक्स चाक, यूएई के विदेश व्यापार मंत्री थानी बिन अहमद अल जेयूडी, यूएई के राज्यमंत्री अहमद अली एल सईघ, ऑस्ट्रेलिया के उच्चायुक्त बैरी ओ फैरेल, डच के उच्चायुक्त मार्टेन वैन डेन बर्ग भी सत्र को संबोधित करेंगे।

ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 के लिए वृंदावन विहार योजना में बनाए जा रहे हैंगर का नाम ऋषियों के नाम पर रखा गया है। पांच बड़े हैंगर बनाए जा रहे है। मुख्य हैंगर का नाम ऋषि वाल्मीकि के नाम पर रखा गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाल्मीकि हैंगर में ही जीएसआई का उद्घाटन करेंगे। देश-विदेश के दिग्गज उद्यमियों और निवेशकों को संबोधित करेंगे। चार हैंगरों का नाम व्यास ऋषि, दधीचि ऋषि, भारद्वाज ऋषि और वशिष्ठ ऋषि के नाम पर रखा गया है।

यूपी एटीएस-एसटीएफ हाईअलर्ट पर, ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के दौरान ड्रोन से होगी निगरानी

समृद्धि न्यूज लखनऊ

यूपी पुलिस ने प्रदेश में होने वाले ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट और जी-20 की बैठकों के मद्देनजर कड़े सुरक्षा के इंतजाम किए हैं। एडीजी लॉ एंड आर्डर प्रशांत कुमार ने एसटीएफऔर एटीएस को हाई अलर्ट पर रखते हुए दुर्दांत अपराधियों, स्लीपिंग माड्यूल्स व माफिया तत्वों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। वहीं, चिह्नित महत्वपूर्ण स्थलों पर एटीएस की स्पेशल आपरेशन टीम (स्पॉट) को तैनात किया जाएगा। वहीं, ड्रोन से निगरानी की जाएगी। एडीजी कानून-व्यवस्था प्रशांत कुमार ने बताया कि एयरपोर्ट, आयोजन स्थल, अतिथियों के प्रवास स्थल तथा आवागमन के मार्गों को जोन एवं सेक्टर में विभाजित कर वरिष्ठ अधिकारियों के नेतृत्व में कार्ययोजना बनाई गई है। इसके लिए मुख्यालय स्तर से अतिरिक्त पुलिस, पीएसी/सीआरपीएफ एवं राजपत्रित अधिकारी उपलब्ध कराए गए हैं। 10 से 12 फरवरी को लखनऊ में प्रस्तावित उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 को लेकर हर संदिग्ध पर नजर रखी जाएगी। लखनऊ, आगरा, वाराणसी और गौतमबुद्धनगर में 11 फरवरी से 27 अगस्त के मध्य प्रस्तावित 11 बैठकों के आयोजन को लेकर भी सभी को अलर्ट किया गया है। उन्होंने बताया कि स्पेशल टॉस्क फोर्स (एसटीएफ) और एण्टी टेरीरिस्ट स्क्वायड (एटीएस) को एलर्ट पर रखते हुए दुर्दान्त अपराधियों व स्लीपिंग माड्यूल्स व माफिया तत्वों पर अभियान चलाकर कार्रवाई करने को कहा गया है। वहीं चिन्हित महत्वपूर्ण स्थलों पर एटीएस स्पॉट (स्पॉट) टीम का भी डिप्लायमेंट किया जायेगा। वहीं हॉट-स्पॉट्स चिन्हित कर वहां सादे वस्त्रों में पुलिस की ड्यूटी लगाई जायेगी। उन्होंने बताया कि ड्यूटी पर लगने वाले यातायात कर्मियों को सुगम यातायात व परिचालन विषयक नियमों व तकनीकी और गूगल मैप के प्रयोग तथा व्यवसायिक दक्षता हेतु प्रशिक्षण प्रदान करते हुए नियमित ब्रीफिंग करने के निर्देश दिये गये है।

लोक निर्माण विभाग में मिनिस्टीरियल दो दिवसीय कलमबंद हड़ताल

लखनऊ । उप्र लोक निर्माण विभाग, मिनिस्टीरियल एसोसिएसन के आहवान पर प्रदेश के 75 जिलों में कार्यरत खण्डीय कर्मचारियों ने लम्बित मांगों को लेकर बाह पर काली पट्टी बाधंकर दो दिवसीय विरोध के बाद अब 6 एवं 7 फरवरी को कलमबंद हड़ताल की जाएगी। प्रान्तीय महामंत्री जे.पी. पाण्डेय ने बताया कि खण्डीय कर्मचारियों की लम्बित मांगों को लेकर काफी समय से उच्चाधिकारियों को संगठन पत्राचार करता आ रहा है। कई बार कुछ अधिकारियों के कारण प्रमुख अभियन्ता, (विकास) एवं विभागाध्यक्ष की ग्रीवांष बैठक में जो कार्यवृत्त जारी किये गये थे वो अब तक पूर्ण नही हुआ है। मिनिस्टिरियल कर्मचारियों की ज्येष्ठता सूची, स्थायीकरण, पदोन्नती, 5 प्रतिषत कोटे के अन्तर्गत अवर अभियन्ता के पद पर पदोन्नति, आदि पर कुछ विभागीय उच्चाधिकारियों की हठधर्मिता तथा कर्मचारी विरोधी नीति के कारण प्रदेश भर में कार्यरत कर्मचारियों में आक्रोष व्याप्त है।

खबरें एक नजर में

गुरु रविदास की पावन जयंती योगी ने दी विनम्र श्रद्धांजलि

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महान समाज सुधारक, संत शिरोमणि गुरु रविदास की पावन जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी है। उन्होंने कहा कि समरस एवं आडंबर मुक्त समाज के निर्माण में उनका महत्वपूर्ण योगदान है। महान समाज सुधारक, संत शिरोमणि गुरु रविदास की पावन जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि! समरस एवं आडंबर मुक्त समाज के निर्माण में उनका महत्वपूर्ण योगदान है। वहीं सीएम ने माघ पूर्णिमा के पावन अवसर पर समस्त प्रदेश वासियों एवं प्रयागराज माघ मेला में स्नान हेतु पधारे पूज्य संतजनों, श्रद्धालुओं व कल्पवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी है। माघ पूर्णिमा के पावन अवसर पर समस्त प्रदेश वासियों एवं प्रयागराज माघ मेला में स्नान हेतु पधारे पूज्य संतजनों, श्रद्धालुओं व कल्पवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं!।

जैन मंदिर में स्थापित हुए भगवान

लखनऊ। जैन मंदिर इंदिरानगर में चल रहे पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के अंतिम दिन रविवार को प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम सानंद सम्पन्न हुआ। भगवान नेमिनाथ, पुष्पदंत भरत एवं बाहुबली स्वामी की मूर्तियाँ प्रातः मोक्ष कल्याणक की पूजन के पश्चात गाजे बाजे के साथ शोभा यात्रा के रूप में मंदिर जी में विराजमान हुए। प्रातः काल भगवान के मोक्ष जाते ही अग्निकुमार देव सौमेश जैन द्वारा भगवान के नख एवं केश का संस्कार किया गया। बड़े ही भक्ति भाव से भक्तों ने झूमते हुए भगवान को सर पर रख मंदिर जी में विराजमान किया। भगवान का प्रथम अभिषेक करने का सौभाग्य अरुण कुमार जैन को प्राप्त हुआ। समाज के मंत्री अभिषेक जैन द्वारा बताया गया कि परम पूज्य आचार्य श्री दयासागर जी के सानिध्य में सभी क्रियाएँ सानंद एवं आगमानुसार सम्पन्न कराई गई हैं एवं आगामी 7 फरवरी को आचार्य श्री चौक जैन मंदिर के लिए विहार करेंगे। इस मौके पर मुख्य संयोजक ई पी के जैन, अध्यक्ष अनूप जैन, विद्युत जैन, सरिता जैन, अपर्णा जैन, शिप्रा जैन, अतिशय जैन, अनूप जैन, ऋषभ जैन, अरविंद जैन उपस्थित रहे।

82वां मुख्यमंत्री आरोग्य मेला,प्रदेश में 1 लाख 48 हजार मरीजों को मिला उपचार

लखनऊ। यूपी के ग्रामीण और नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर रविवार को 82वां मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। इस दौरान 1 लाख 48 हजार 411 मरीजों का इलाज मिला। इनमें 24 हजार 840 बच्चे, 62 हजार 216 महिलाएं और 61 हजार 355 पुरुष शामिल रहे। मेले में 7 हजार 416 बुखार से पीड़ित मरीज उपचार के लिए पहुंचे। इनमें से 46 मलेरिया के संक्रमित पाएं गए। वही मेले में कोरोना के संभावित लक्षणों के साथ पहुंचे 6 हजार 324 मरीजों का एंटीजन टेस्ट किया गया। राहत की बात यह रही कि किसी की भी रिपोर्ट पॉजिटिव नही आई। हालांकि डेंगू मरीजों के 994 सैंपल की जांच में 3 मरीज पॉजिटिव मिले हैं। आरोग्य मेले में कुल 6 हजार 65 चिकित्सकों की ड्यूटी लगाई गई थी। वही 11 हजार 545 पैरामेडिकल स्टाफऔर 4 हजार 587 अन्य स्टाफभी शामिल रहे। मेले में आयुष्मान योजना के 7 हजार 495 लाभार्थियों को उनके गोल्ड कार्ड वितरित किया गया। वही मेले में 1 हजार 220 गंभीर मरीजों को उपचार के लिए हायर सेंटर रिफर कर दिया गया। अब तक प्रदेश में मुख्यमंत्री आरोग्य मेले के जरिए कुल 11 करोड़ 67 लाख 68 हजार 809 रोगियों को उपचार मिल चुका है। 11 लाख 53 हजार 772 गोल्डन कार्ड भी बनाए गए है। राजधानी लखनऊ में 4 हजार 286 रोगियों का रविवार को उपचार किया गया। मेले में फाइलेरिया दिमागी बुखार, टीबी, मलेरिया, डेंगू और कुष्ठ रोग के मरीज भी देखे गए। नोडल अधिकारी योगेश रघुवंशी ने बताया कि मेले में 1 हजार 611 पुरुष और 1 हजार 968 महिलाएं और 707 बच्चों को इलाज मिला। 16 लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड बना। वही 57 लोगों ने एंटीजन कोरोना जांच कराई और सभी की रिपोर्ट निगेटिव आई।

मनाई गई संत रविदास जयंती

लखनऊ। निर्बल विकास जन कल्याण सेवा संस्थान के कार्यालय फैजुल्लागंज में संस्थान के महासचिव रमेश सिंह रवि ने महान संत रविदास की जयंती धूमधाम से मनाई गयी। इस अवसर पर संस्था के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्यों की उपस्थिति में संस्थान के महासचिव रमेश सिंह रवि ने कहा कि संत रविदास ने समता, सौहार्द और ऊंच-नीच का विरोध की विचारधारा को सशक्त किया।

मुख्यमंत्री ने डीजी वैन को झण्डी दिखाकर रवाना किया

समृद्धि न्यूज लखनऊ

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज अपने सरकारी आवास पर डी0जी0 वैन को झण्डी दिखाकर रवाना किया। मुख्यमंत्री जी ने डी0जी0 वैन में प्रदर्शित की जा रही देश की महत्वपूर्ण डिजिटल नव पहलों तथा वी0आर0 सेटअप के माध्यम से विभिन्न डिजिटल एप्लीकेशन के प्रयोगों का अवलोकन किया।जी-20 कार्यक्रम के अन्तर्गत इस मोबाइल डी0जी0 वैन का उद्देश्य जनता को डिजिटल इण्डिया के बारे में जानकारी प्रदान करना है। यह डी0जी0 वैन प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में संचालित डिजिटल इण्डिया अभियान की महत्वपूर्ण डिजिटल नव पहलों-'माई गॉव', 'डिजी लॉकर', 'ई-हॉस्पिटल', 'ई-नाम', 'जेम पोर्टल', 'यू0पी0आई0', 'उमंग', 'जी0एस0टी0एन0', 'साइबर सुरक्षित भारत', 'आरोग्य सेतु' आदि को दिखायेगी। इस वैन में वी0आर0 सेटअप भी है, जिसके माध्यम से लोग विभिन्न प्रकार के डिजिटल एप्लीकेशन जैसे-यूपीआई एप्लीकेशन के माध्यम से पेट्रोल पम्प पर भुगतान, डिजिलॉकर के माध्यम से ट्रैफिक पुलिस को अपना ड्राइविंग लाइसेंस दिखाना इत्यादि का वर्चुअल डेमो देख सकेंगे। इस वैन में 02 स्क्रीन, इन्ट्रैक्टिव क्विज के लिए हैं, जिस पर डिजिटल इण्डिया व जी-20 के बारे में व्यक्ति अपने ज्ञान को प्रदर्शित कर सकते हैं। इस अवसर पर मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त अरविन्द कुमार, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री, गृह एवं सूचना संजय प्रसाद, प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात, सचिव नगर विकास रंजन कुमार, मण्डलायुक्त लखनऊ रोशन जैकब, सूचना निदेशक शिशिर सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।ज्ञातव्य है कि प्रधानमंत्री का 'मिनिमम गवर्नमेण्ट, मैक्सिमम गवर्नेन्स' संकल्प है। उनके इस सपने को पूरा करने में 'डिजिटल इण्डिया' अभियान की बड़ी भूमिका है। डिजिटल इण्डिया अभियान नए भारत के निर्माण में मील का पत्थर साबित हो रहा है। इस अभियान ने ई-गवर्नेन्स के माध्यम से शासन की योजनाओं को आमजन तक पहुंचाया है।उत्तर प्रदेश ई-गवर्नेन्स के क्षेत्र में अग्रणी राज्य है। प्रदेश सरकार द्वारा प्रत्येक व्यक्ति तक शासन की योजनाओं को पहुंचाने के लिए तकनीक का भरपूर उपयोग किया जा रहा है, जिसका पूरा लाभ जनता को मिल रहा है। डिजिटल इण्डिया मिशन के अन्तर्गत प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। खाद्य एवं रसद विभाग के अन्तर्गत राशन की दुकानों में ई-पॉस मशीनों के माध्यम से खाद्यान्न वितरण किया जा रहा है। इससे खाद्यान्न वितरण में पारदर्शी एवं भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था स्थापित हुई है। आज प्रदेश के सभी पात्र एवं जरूरतमंद व्यक्तियों को बिना भेदभाव के राशन प्राप्त हो रहा है। भू-तत्व एवं खनिकर्म निदेशालय के तहत खनन प्रबन्धन के लिए 'माइन मित्रा' एवं अन्य तकनीकी अवसंरचनाओं का सृजन किया गया है।

मत डूबना नशे में, उभरना मुश्किलः कौशल किशोर

लखनऊ। विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर, विभूतिखंड स्थित साईंधाम मंदिर फॉउंडेशन ट्रस्ट के मंदिर प्रांगण में पढ़ने वाले बच्चों ने दिन शनिवार को रैली निकालकर लोगों तक ये संदेश पहुंचाया कि नशा एक अभिशाप है जिसके सेवन से आदमी अपने सोचने समझने की क्षमता को खत्म कर देता है। रैली में बच्चों ने कैंडल मार्च किया, नन्हें मुन्नों के हाथों में मोमबत्ती और जुबान पर नारा, हिन्दुस्तनियों नशा छोड़ो, सुनकर जनता भी द्रवित हो उठी। राहगीरों ने उनके इस जज्बे को सलाम किया। रैली में बच्चों ने लोगों को जागरूक भी किया और उन्हें नववर्ष का कैलेन्डर भी दिया जिसमें नशे के दुष्प्रभावों को चित्रों के माध्यम से समझाया गया था। संस्था जे संस्थापक अमित शर्मा व पूनम पंत ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि नशे के आनंद में गोता लगाने का क्षणिक मजा इंसान को उसे जीवन भर के लिए एक ऐसे अंधियारे में धकेल देता है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ वृंदावन योजना लखनऊ में होने वाले आगामी ग्लोबल समिट की तैयारियों का निरीक्षण करते हुए

विधानसभा चुनाव में प्रचार करने के लिए आज दो दिवसीय दौरे पर त्रिपुरा जाएंगे योगी

समृद्धि न्यूज लखनऊ

16 फरवरी को त्रिपुरा में होने वाले विधानसभा चुनाव में पार्टी के पक्ष में माहौल बनाने के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल दो दिवसीय त्रिपुरा दौरे पर जाएंगे। जहां वह दो दिनों तक प्रदेश के कई विधानसभा सीटों पर पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में जनसभा को संबोधित करेंगे। 29 जनवरी को राज्य में प्रचार के लिए पार्टी के द्वारा जारी स्टार प्रचारकों की लिस्ट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा के अलावा पार्टी ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, असम के मुख्यमंत्री हेमंता बिश्व शर्मा, सांसद मनोज तिवारी, हेमा मालिनी, लॉकेट चटर्जी के साथ 40 लोगों को अपना स्टार प्रचारक बनाया गया हैं। फरवरी मध्य में होने वाले चुनाव को लेकर पार्टी मिशन मोड में प्रचार प्रसार में जुट गई हैं। 3 फरवरी को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के त्रिपुरा में रैली के बाद कल व परसों उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह प्रचार करेंगे। आपको बता दें कि ब्ड योगी की छवि भाजपा के तेज तर्रार नेता के साथ ही अपने राज्य में अपराधियों पर तुरंत निर्णय लेने के साथ ही उन पर बुल्डोजर से कार्रवाई करने वाले बेदाग मुख्यमंत्री की हैं। इसके साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जिस गोरक्षपीठ के पीठाधीश्वर हैं। उसके अनुयायियों की संख्या भी त्रिपुरा में अच्छी खासी हैं। योगी अपने दो दिवसीय त्रिपुरा यात्रा के दौरान विभिन्न जनसभा को संबोधित करने के साथ ही प्रदेश में फिर से सत्तारूढ़ बीजेपी को बहुमत दिलाने के लिए हुंकार भरेंगे। अगर त्रिपुरा की राजनीति के बारे में बात करें तो उत्तर-पूर्व के इस राज्य में पहली बार बीजेपी ने 2018 में सरकार बनाई थी। उस समय उन्होंने इस राज्य की कमान बिप्लव देव को सौंपी थी लेकिन 4 साल के कार्यकाल के बाद जब उनके खिलाफ पार्टी के अंदर से आवाज उठने लगी तो उन्हें पिछले साल ही पद से हटाकर कांग्रेस से भाजपा में आए माणिक साहा को प्रदेश का नया मुख्यमंत्री बनाया गया। बता दें कि इस उत्तर पूर्व के राज्य में 2018 तक कांग्रेस व वामपंथी दलों की ही सरकार बनती आई थी लेकिन पिछले विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने इस उत्तर पूर्व राज्य में अपना जीत का झंडा गाड़ा था।

समाज में विद्वेष की भावना फैलाना चाहते हैं कुछ लोगः भूपेंद्र यादव

समृद्धि न्यूज लखनऊ

केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्री भूपेन्द्र यादव आज लखनऊ में बीजेपी के सूबाई मुख्यालय पर मीडिया से मुखातिब हुए। उनके साथ प्रदेश के कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर भी थे। उन्होंने प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि बजट में कोविड महामारी के बाद भी निरंतर अर्थ व्यवस्था का बढ़ना यह दिखाता है कि भारत की अर्थ व्यवस्था बढ़ रही है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में एमएसएमई और सभी क्षेत्र में बढ़त दिख रही है। यह बजट सबका साथ सबका प्रयास और सबका विकास वाला है। अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को आगे बढ़ाने वाला बजट है। भूपेंद्र यादव ने कहा कि यह बजट भारत की आजादी के अमृत काल का पहला बजट है। भारत में कोरोना महामारी के बाद भी अर्थ व्यवस्था रफ्तार को तेजी से पकड़ा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अर्थव्यवस्था ने रफ्तार पकड़ी है। 2008-09 के मुकाबले 2020-21 में बेरोजगारी दर

में कमी आई है। बजट नौजवानों के लिए अवसर को बढ़ाने वाला बजट है, मजबूत भारत का बजट है। बजट देश की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने और देश की क्षमताओं का विकास करने वला है।यह देश की ग्रीन ग्रोथ को बढ़ाने वाला बजट है। भूपेंद्र यादव ने आगे कहा कि ग्रीन ग्रोथ के लिए जरूरी है कि धरती की उर्वरा क्षमता को बढ़ाया जाए, जिसके लिए जैविक खेती को बढ़ाने की बात की गई है।अमृत महोत्सव में जल संरक्षण के लिए अमृत सरोवर को बढ़ाने के लिए इस बजट में प्रावधान किया गया है। अखिलेश यादव के बयान को केंद्रीय मंत्री ने गलत बताया। अखिलेश ने कहा था कि बीजेपी वाले उन्हें शुद्र मानते है। भूपेंद्र ने कहा कि ऐसा बिल्कुल भी नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि कुछ लोग समाज में विद्वेष की राजनीति फैलाना चाहते हैं। हम सबका साथ सबका विकास की बात करने वाले लोग हैं। 2 फरवरी को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने केंद्रीय बजट पेश किया था। इस बजट में इनकम टैक्स से लेकर ग्रीन एनर्जी तक कई योजनाओं को लेकर घोषणा की गई थी।वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के कैदियों की रिहाई लिए किए गए ऐलान की काफी चर्चा हुई थी। वित्त मंत्री ने घोषणा करते हुए कहा था कि केंद्र सरकार जेल में बंद ऐसे कैदियों की मदद करेगी, जो जमानत या जुर्माने की राशि न होने के कारण रिहा नहीं हो पा रहे हैं। केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को शूद्र नहीं मानती है।

मिशन 2024: सीएम योगी के मंत्रियों का कड़ा इम्तिहान

समृद्धि न्यूज

24 खातिर करना होगा 24 घण्टे काम हारी सीटों पर ज्यादा फोकस

लखनऊ। मिशन फत्ह 2024 खातिर बीजेपी कोई रिस्क नही लेने वाली है। बीजेपी एक टास्क जीत के बाद अगले की तैयारी में जुट जाती है, यही पार्टी की पॉलिसी है और सफलता का राज भी। आराम का कोई कालम मोदी की किताब में शायद ही हो।

भाजपा का टारगेट तो सभी उत्तर प्रदेश की 80 सीटें हैं लेकिन जहाँ बीते चुनाव नतीजों ने निराश किया, वहाँ ज्यादा मुस्तैदी के साथ काम कर रही है। भाजपा जीती सीटें बरकरार रखने के साथ हारी सीटों पर फोकस अपेक्षाकृत अधिक कर रही है। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ के मंत्रियों की भी कड़ी परीक्षा होगी। फत्ह 24 खातिर 24 घण्टे काम करना पड़ेंगा। आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर उन्हें जिलों के प्रभार के साथ भारतीय जनता पार्टी नेतृत्व ने 2024 में वहां जीत सुनिश्चित करने का जिम्मा भी सौंप दिया है। मुख्यमंत्री योगी ने अपने सिपहसालारों को बेहद सोच-समझकर जिलों का प्रभार सौंपा है। अधिकांश राज्य मंत्रियों को उनके निकटवर्ती जिले की जिम्मेदारी दी है। गौतमबुद्ध नगर में भाजपा सांसद, जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह की तल्खियां छिपी नहीं।

सामंजस्य बिठाने का काम राज्यमंत्री ब्रजेश सिंह के जिम्मे आया है। बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री संदीप सिंह को उनके सांसद पिता राजवीर सिंह राजू भैय्या की लोकसभा सीट वाले जिले कासगंज का प्रभार दिया गया है। खतौली में चुनावी नतीजे भाजपा के अनुकूल न रहने के कारण गुर्जर वोटरों को जोड़ने का जिम्मा राज्यमंत्री सोमेंद्र तोमर के कंधों पर है।जसवंत सैनी को बागपत, अजीत पाल को फिरोजाबाद में लगाया गया है। वहीं वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना पर लखनऊ के साथ सीएम योगी के गोरखपुर का जिम्मा है। पीएम मोदी के संसदीय क्षेत्र में पर्यटन आकर्षण का केंद्र होने के नाते पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह प्रभारी बनाए गए हैं। पार्टी ने दलित चेहरे असीम अरुण को हाथरस और गाजियाबाद में दलित वोटों में पैठ बढ़ाने खातिर लगाया गया है। बीजेपी हारी हुई लोकसभा सीटों पर ज्यादा फोकस कर रही है। मैनपुरी में दलित वोटों को साधने के लिए राज्यमंत्री अनूप प्रधान वाल्मीकि लगाए गए हैं।

इतना ही नहीं लखनऊ के पड़ोसी जनपद बाराबंकी के साथ मुरादाबाद जिले की जिम्मेदारी लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद और मेरठ के साथ संभल की जिम्मेदारी पशुधन और अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री धर्मपाल सिंह को सौंपी गई है। सहारनपुर का जिम्मा उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय को मिला है। खेल राज्यमंत्री गिरीशचंद्र यादव के जिम्मे हारी हुई अंबेडकर नगर के साथ हॉट सीट अमेठी है। रिजल्ट चाहिए, इसके लिए उन्हें अनवरत क्षेत्र से जुड़े रहने का फरमान है।

निवृतमान महापौर ने महिलाओं संग निकाली कलश यात्रा

समृद्धि न्यूज

लखनऊ । 6 फरवरी से 12 फरवरी 2023 तक चलने वाली श्रीमद भगवत कथा ज्ञान यज्ञ हेतु कलश यात्रा का प्रारम्भ निवृतमान महापौर संयुक्ता भाटिया ने चौक स्थित संतोषी माता मंदिर से किया। इस मौके पर निवृतमान महापौर संयुक्ता भाटिया ने भाजपा कोषाध्यक्ष महिला मोर्चा श्रीमती रेशु भाटिया और अन्य महिलाओं संग सर पर कलश रख यात्रा निकाली। ज्ञात ठाकुरगंज स्थित कालीचरण इंटर कॉलेज में 7 दिवसीय श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में वृन्दावन से परम पूज्य देवी महेश्वरी (श्रीजी) द्वारा अपराह्न 3 बजे से 6 बजे तक किया जाएगा। महापौर ने इस दौरान महापौर ने कहा कि श्रीमद भगवत गीता को जीवन का सार बताते हुए कहाकि इस श्रवण और अध्ययन सभी को करना चाहिए।

मोबाइल दुकान में हुई चोरी का खुलासा, एक गिरफ्तार

गोंडा, समृद्धि न्यूज।

दिनांक 29/30.01.2023 की रात्रि अज्ञात चोरो द्वारा मालवीय नगर गुरूद्वारा मोड़ स्थित विशाल मिश्रा की

शतप्रतिशत माल बरामद

मोबाइल की दुकान का तालातोड कर चोरी किया गया था। जिसके सम्बन्ध में विशाल मिश्रा द्वारा थाना को0 नगर में अभियोग पंजीकृत कराया था। पुलिस अधीक्षक गोण्डा आकाश तोमर द्वारा घटना को संज्ञान में लेकर आरोपी अभियुक्तों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी करने के निर्देश प्र0नि0 को0 नगर को दिए थे।

उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना को0 नगर पुलिस द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक गोण्डा शिवराज के पर्यवेक्षण में पतारसी- सुरागरसी कर चोरी करने वाले 01 आरोपी अभियुक्त रितेश पाण्डेय को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 38 अदद मोबाइल फोन व मोबाइल एसेसिरीज बरामद किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना को0 नगर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गयी।

दहेज हत्या का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

तरबगंज। पुलिस अधीक्षक गोण्डा आकाश तोमर ने अपराध एंव अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत वांछित अभियुक्तों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी करने हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षों को निर्देश दिए थे। उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना तरबगंज पुलिस ने मु0अ0सं0- 15/23, धारा 498ए,304बी भादवि व 3/4 डी0पी0 ऐक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त रामजी ओझा को गिरफ्तार कर लिया गया है उक्त अभियुक्त द्वारा वादी के पुत्री की दहेज के लिए प्रताडित करते हुए हत्या किया गया था। अभियुक्त के विरूद्ध थाना तरबगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गयी। **गिरफ्तार कर्ता :** प्र0नि0 तरबगंज मनोज पाठक मय टीम

बीओ पीआरडी प्रिया यादव ने मृतक पीआरडी जवान की पत्नी को दिया स्वैच्छिक सहायता

मनकापुर /गोंडा, समृद्धि न्यूज।

विगत माह 25 जनवरी की रात में पीआरडी जवान रामगुलाम पाठक की दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। पीआरडी जवान के परिवार को कोई भी सहायता शासन द्वारा अब तक नहीं मिल सकी है। शनिवार को बीओ पी आरडी प्रिया यादव ने उनके घर बेहलनिया में जाकर पीआरडी जवान के परिवार को स्वैच्छिक सहायता प्रदान किया है। इसके अलावा मनकापुर के ब्लॉक कमांडर अयोध्या प्रसाद, छपिया के ब्लॉक कमांडर शिव कुमार मिश्रा, मुजेहना ब्लाक कमांडर निरंकार पांडे, राम कुमार वर्मा, अशोक कुमार, अजय यादव, सियाराम यादव, हरिदत्त मिश्रा तथा अन्य पीआरडी जवानों द्वारा मृतक के परिवार को पंद्रह हजार रुपए सहायता प्रदान किया गया। मनकापुर ब्लॉक कमांडर अयोध्या प्रसाद ने बताया कि पीआरडी जवानों को सरकार के तरफ से मरणोपरांत कोई सहायता ना देने का प्रावधान है, जबकि पीआरडी जवान उत्तर प्रदेश पुलिस होमगार्ड के ही तरह दिन और रात ड्यूटी करते हैं, किंतु उन लोगों को सरकार की तरफ से मरणोपरांत सहायता प्रदान किया जाता है, किंतु पीआरडी जवानों को कोई सहायता सरकार के द्वारा नहीं दिया जाता है। पीआरडी जवानों ने सरकार से मांग किया है कि पीआरडी जवानों को भी शासन के तरफ से मरणोपरांत सहायता दिया जाए। हरिदत्त मिश्रा, अयोध्या प्रसाद, भगवान दीन, रामतेज मौर्या आदि जवानों ने सरकार से मांग किया है।

संत रविदास की शिक्षाएं आज भी रोशनी देती हैं : घनश्याम जायसवाल

गोंडा, समृद्धि न्यूज।

गोण्डा समाज सुधारक महान संत रविदास जी की जयंती के अवसर पर भाजपा जिला कार्यसमिति सदस्य व सामाजिक कार्यकर्ता घनश्याम जायसवाल नगर पंचायत तरबगंज की डॉक्टर भीमराव अंबेडकर वार्ड में पहुंचकर स्वच्छता अभियान चलाया और लड्डू बांटकर उनकी जयंती मनाई।

घनश्याम जायसवाल ने संत रविदास जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनकी शिक्षाएं आज भी रोशनी देती हैं। उनके जीवन की छोटी-छोटी घटनाओं से समय तथा वचन के पालक संबंधी उनके गुणों का ज्ञान मिलता है। उनका विश्वास था कि ईश्वर भक्ति के लिए सदाचार परहित भावना तथा व्यवहार का पालन करना अत्यंत आवश्यक है।

अभिमान त्याग कर दूसरों के साथ व्यवहार करने और विनम्रता से शिष्टता के गुणों का विकास करने पर उन्होंने बहुत बल दिया। संत श्री रविदास जी ने ऊंच-नीच की भावना तथा ईश्वर भक्ति के नाम पर किए जाने वाले विवाद को सारहीन तथा निरर्थक बताया और सबको परस्पर मिलजुल कर प्रेम पूर्वक रहने का उपदेश दिया।

मेरी कोई नेक कमाई दर पे तेरे ले आईं...

गोंडा, समृद्धि न्यूज।

ददुआ बाजार स्थित शनिवार की रात 19वैं श्री श्याम मंदिर का वार्षिकोत्सव के दूसरे दिन भजन कीर्तन का आयोजन किया गया जिसमें सर्वप्रथम स्थानीय भजन गायिका मानसी अग्रवाल ने गाया आयो सांवरियो सरकार लीले पर चढ़ के.... भजन गायक पंकज निगम ने गाया साथी हमारा तू ही बना था तू ही बना है तू ही बनेगा... फिर उसके बाद पंजाब अबोहर से चलकर पहली बार गोंडा पधारे भजन गायक मयंक अग्रवाल ने श्याम धनी को आयो रे बुलायो खाटू में मिलों गो म्हारो सांवरियों... मेरे सांवरिया सरकार हो गया फागुनिया से प्यार ..., होली खेला गा आपा गिरधर गोपाल से.. आदि कई भजनों की प्रस्तुति दी। उसके बाद खलीलाबाद के भजन गायक सरदार रोमी ने भजनों की लड़ी लगा दी उन्होंने गाया- कन्हैया बिगड़ी बना दो... कह देना कह देना श्याम धनी से कह देना... दे दे दे दे सांवरे मंदिर का कोना, जब जी चाहे देख लुटेरा रूप सलोना... मेरे कदम क़दम के साथ चलता है सांवरा... मेरे घर चलों न एक बार सांवरे पालकी ये दिल की तैयार सांवरे... करूं प्रार्थना दोनो हाथ जोड़कर,हाथ फिरा दे सिर पर बाबा आऊ खाटू दौड़ के.... मेरी कोई नेक कमाई दर पे तेरे ले आईं... आदि कई भजनों पर भक्तों ने खूब झूमे।. मंदिर का प्रांगण रंगीन कपड़ों और फूल पत्तियों से सजाया गया था और बाबा दादी का श्रंगार इतना अच्छा सजा हुआ था कि लोग दरबार को ही निहारते रहे।

दरबार मंदिर के पुजारी पंडित द्वारिका प्रसाद पाठक द्वारा सजाया गया था। कार्यक्रम में गोंडा के डीआईजी उपेंद्र कुमार अग्रवाल मंदिर के प्रांगण में शामिल हुए व ट्रस्ट के सदस्यों ने डीआईजी महोदय का स्वागत और अभिनन्दन किया एवं आए हुए मेहमान भजन गायकों का सम्मान मंदिर ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष अनिल मित्तल ने दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया। इस दौरान मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष विमलेश सिंघल, गोविंद जालुका, सुरेश भावसिंहका, अनिल मित्तल, आयोजक मंडल के विशाल बंसल, अरिहंत जैन, उत्कर्ष सिंघल, राजेश बंसल, मयंक अग्रवाल, लल्ला मित्तल, आशीष भावसिंहका, राजू मित्तल, पुनीत बंसल, मुकेश अग्रवाल, अजय अग्रवाल, सरोज अग्रवाल, प्रीति अग्रवाल, बेनू मोदी, प्रेमलता सिंघल, पूनम मित्तल, सरोज गर्ग, शिखा सिंघल, संगीता भावसिंहका, सहित भारी संख्या में श्याम प्रेमी मौजूद रहे।

प्रभागीय प्रवर्तन दल की टीम का गठन, अभिषेक बनें प्रभारी प्रवर्तन दल

गोंडा, समृद्धि न्यूज।

गोन्डा जनपद में प्रभागीय वनाधिकारी पंकज शुक्ला के नेतृत्व में प्रभागीय प्रवर्तन दल का गठन किया गया है। प्रभागीय प्रवर्तन दल के प्रभारी है वन विभाग के तेजतर्रार उप क्षेत्रीय वनाधिकारी अभिषेक प्रताप वर्मा।प्रवर्तन दल के गठन से अवैध कटान,अवैध कोयला भट्टी, अवैध आरा मशीन तथा वन प्रणियो के शिकार सम्बंधित शिकायतो के लिए त्वरित कार्यवाही हेतु तैयार रहेगी।यही नहीं वन विभाग के प्रवर्तन दल को सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर कार्यवाही करने का भी काम दिया गया है। प्रभागीय वनाधिकारी के जारी आदेश के अनुसार प्रभागीय प्रवर्तन दल में सदस्य के रूप में 1-अभिषेक प्रताप वर्मा,2-इबरार खान,3- बहुश्रुत यादव, 4-समीर रंजन चौधरी,5-योगेश कुमार मिश्रा,6-केशरी प्रसाद,7-विकाश शुक्ला को कमान मिली है। प्रवर्तन दल का काम है सूचना मिलते ही तुरंत कटान सहित उस स्थान पर पहुंचना जहां वन से सम्बंधित अवैध कार्य हो रहा है और कार्यवाही कर उच्च अधिकारियों को अवगत करना है।

खबरें एक नजर में

दबंग दे रहे जान से मार डालने की धमकी, पीड़ित ने शासन प्रशासन से लगाई न्याय की गुहार

इटियाथोक/गोंडा ,समृद्धि न्यूज। इटियाथोक थाना क्षेत्र के भुडकुडा निवासी नानकून पुत्र बाबू जो फरेंदा शुकुल मार्ग पर एक जमीन 12 वर्ष पूर्व खरीदी थी बकायदा दाखिल खारिज और उस पर नानकून का कब्जा भी है इस बारे में जानकारी देते हुए नानकून ने बताया वे उस जमीन पर निर्माण कार्य करा रहे थे विपक्षी गणो के द्वारा जबरन मारपीट करने और निर्माण करा रहे थे उस दिवाल को गिरा दिया इस संबंध में थाने पर शिकायत भी की गई थी जिस पर विपक्षी गणो फूलचंद व राज कपूर पुत्र मेवालाल, राममैन पुत्र पृथ्वीराज, अमरनाथ पुत्र रामशोहरत के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज किया गया था उसके बाद भी विपक्षी गण लगातार नानकून उसके परिवार को धमकी दे रहे हैं और निर्माण कार्य करने नहीं दे रहे हैं नानकून एक विकलांग व्यक्ति है किसी तरीके से एक-एक पैसा जोड़कर अपनी जमीन पर निर्माण कार्य करके अपनी रोजी-रोटी चलाना चाहता था वहीं विपक्षी गणो के द्वारा लगातार धमकी और जान से मारने का प्रयास किया जा रहा है इस संबंध में नानकून ने शासन व प्रशासन से मांग की है उन्हें न्याय दिलाया जाए और उनकी जमीन पर निर्माण कार्य करने की अनुमति प्रदान की जाए जिस जमीन पर विपक्षी गण मारपीट पर आमादा है उक्त जमीन पर बाकायदा खसरा खतौनी और चौहद्दी बिल्कुल पाक साफ है वहीं विपक्षी गणों का कहना है अब हमें सड़क पर अपना हिस्सा चाहिए जबकि 12 वर्ष पूर्व नानकून ने जिससे बैनामा लिया था उसको उन्होंने सड़क किनारे हिस्सा मिला था 12 वर्षों से नानकून उस जमीन पर कब्जा कर अपनी खेती बारी कर रहा था अब वह निर्माण कार्य कराना प्रारंभ किया वैसे ही विपक्षी गणों के मन में लालच आ गई क्योंकि नवागांव से लेकर फरेंदा शुकुल होते हुए बहराइच मार्ग तक चौड़ी सड़क बन गई है जिसके कारण अब विपक्षी गणों के मन में लालच की भावना पैदा हो गई है जिसके कारण वह अनावश्यक निर्माण कार्य में बाधा उत्पन्न कर रहे है और विकलांग पीड़ित को परेशान कर रहे हैं जबकि विपक्षी गणों के पास किसी भी प्रकार का कोई कागजात उपलब्ध नहीं है न ही राजस्व विभाग के द्वारा उस जमीन पर निर्माण कार्य करने के लिए कोई रोक-टोक है विपक्षी गण दबंगई के बल पर निर्माण कार्य को रोक रहे प्रशासन को इस मामले में दखल देने की जरूरत है नहीं कहीं कोई घटना घट जाएगी तो फिर पछताने के सिवा कुछ हाथ नहीं लगेगा।

10 रुपये के लिए युवक को पीटकर किया मरणासन्न

बहराइच, समृद्धि न्यूज। जिले के बंभौरा गांव निवासी एक युवक ने गांव निवासी दूसरे व्यक्ति से 220 रूपये उधार लिया था। 210 रूपया बकाया दे दिया। जबकि 10 रूपये वह नहीं दे सका। इससे नाराज दबंगों ने युवक की पिटाई कर दी। उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। फखरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बम्भौरा निवासी राजू प्रसाद ने गांव निवासी दयाराम से बीते सप्ताह 220 रूपये उधार लिया था। राजू का कहना है कि उसने 210 रूपये बकाया दे दिया। जबकि 10 रूपये न होने की बात कही। शनिवार सुबह दयाराम और राम हरख ने बकाया 10 रूपये भी देने की जिद करने लगे। मना करने पर नाराज तीन लोगों ने उसकी लात घूंसो से पिटाई कर दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे ग्रामीणों की मदद से सीएचसी पहुंचाया गया। यहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। राजू ने बताया कि थाने में तहरीर दे दी है। प्रभारी निरीक्षक वेद प्रकाश शर्मा ने बताया कि मेडिकल रिपोर्ट और जांच के बाद मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

दुष्कर्मी के गांव में पुलिस ने डुगडुगी पीटकर करायी मुनादी

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

- कहा आरोपी ने सरेंडर नहीं किया तो होगी कुर्की

माइक से पुलिस ने किया ऐलान

सुनों, सुनों, सुनों...मुकदमा अपराध संख्या 363/2022 धारा 376 323 506 आईपीसी तथा 5एम.6 पॉक्सो एक्ट थाना फखरपुर जनपद बहराइच से संबंधित अपराधी जाबिर पुत्र इमामुद्दीन निवासी बुबकापुर थाना फखरपुर काफी अर्से से फरार चल रहा है. जिसकी गिरफ्तारी के लिए न्यायालय द्वारा जारी आदेश के तहत धारा 82 सीआरपीसी की कार्रवाई की जा रही है. अगर आरोपी ने जल्द से जल्द सरेंडर नहीं किया, तो आरोपी अपराधी जाबिर के घर की कुर्की की कार्रवाई की जाएगी।

उत्तर प्रदेश में दुष्कर्म करने वाले या अपराध करने वालों की खैर नहीं है। दरअसल, बहराइच में फरार बलात्कारी के घर बैंड बाजा लेकर पुलिस पहुंची. जगनकारी के मुताबिक सरेंडर न करने पर घर वाले भी बेघर हो जाएंगे. दरअसल, बहराइच पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ चल रहे ऑपरेशन धरपकड़ अभियान को तेज कर दिया है। योगी सरकार में अपराधी या तो जेल की सलाखों में हैं या फिर प्रदेश से पलायन कर चुके हैं. इसके बावजूद अगर कहीं किसी अपराधी ने अपराध करने की हिमाकत भी की तो अपराधियों के मंसूबों को नेस्तनाबूद करने के साथ ही उनकी सम्पतियों पर बाबा का बुलडोजर लगातार गरज रहा है। इसी के तहत पुलिस ने दुष्कर्मी के गांव पहुंचकर बैंड बाजे से मुनादी की. इस दौरान पुलिस ने सरेंडर न करने पर कुर्की कराने का ऐलान किया । आपको बता दें कि बहराइच में कैसरगंज सीओ कमलेश सिंह के नेतृत्व में थाना फखरपुर की पुलिस टीम ढोल, नगाड़े और लाउडस्पीकर लेकर काफी अर्से से फरार चल रहे दुष्कर्म के आरोपी शातिर अपराधी की गिरफ्तारी के लिए गांव में पहुंची. पुलिस ने डुगडुगी पिटवाकर मुनादी करायी. गांव में ढोल नगाड़े की आवाज सुनकर गांव के सभी लोग मौके पर इकट्ठा हो गए. इस दौरान पुलिसकर्मी ऐलान करते नजर आए।

महिला ने पर्स से मोबाइल निकाल रहे चोर को जमकर पीटा

- मौके से चोर हो गया फरार

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

शहर के चौक बाजार में रविवार को भीड़ के बीच एक महिला के पर्स से चोर ने मोबाइल निकालने का प्रयास किया। इसकी जानकारी महिला को हुई तो उसने चोर की जमकर पिटाई कर दी।

आसपास के लोगों उसे छुड़ाया। इसके बाद वह फरार हो गया। कोतवाली नगर के चौक बाजार में रविवार को काफी भीड़ थी। भीड़ के बीच लोग खरीददारी कर रहे थे। दोपहर में एक महिला कपड़े की दुकान पर मोलभाव कर रही थी। तभी पीछे से एक मोबाइल चोर पहुंच गया। उसने मोबाइल पर्स से निकालने का प्रयास किया। महिला को इसकी भनक लग गई। इस पर पीछे मुड़ी महिला ने मोबाइल चोर को जमकर पीटा। भीड़ के बीच लोगों ने युवक को छुड़ाया। इसके बाद युवक मौके से फरार हो गया। लोगों की भीड़ जमा हो गई। हालांकि किसी ने पुलिस को घटना की जानकारी नहीं दी है। प्रभारी निरीक्षक शैलेश सिंह ने बताया कि तहरीर मिलने पर जांच की जाएगी।

युवती ने खाया विषाक्त, मजिस्ट्रेट ने दर्ज किया बयान

बहराइच, समृद्धि न्यूज। बड़ागांव निवासी एक विवाहिता ने पारिवारिक कलह में विषाक्त खा लिया। उसे जिला अस्पताल पहुंचा कर भर्ती कराया गया। जानकारी मिलने पर मजिस्ट्रेट ने अस्पताल पहुंचकर बयान दर्ज किया। हालांकि हालत में सुधार होने के बाद युवती को घर भेज दिया गया। हुजूरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बड़ागांव निवासी जौहरा (27) पत्नी अनीस अहमद का शनिवार शाम को परिवार में किसी मामले को लेकर विवाद हुआ। इससे विवाहिता ने क्षुब्ध होकर विषाक्त पदार्थ खा लिया। उसे सीएचसी पहुंचाया गया। यहां हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया। अस्पताल प्रशासन की सूचना पर मजिस्ट्रेट नायब तहसीलदार ने जिला अस्पताल पहुंचकर महिला का बयान दर्ज किया। हालांकि इलाज के बाद सेहत में सुधार हुआ। जिस पर विवाहिता को घर भेज दिया गया है।

ग्राम प्रधान और समर्थकों की दबंगई, परिवार को जमकर पीटा

- ट्रैक्टर के पहिया में हवा भरने से किया इंकार तो परिवार को जमकर पीटा
- एक ही परिवार के सात लोग घायल, ग्राम प्रधान समेत 10 पर केस

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

जनपद के जगतापुर गांव एक दुकान पर ग्राम प्रधान के भाई ट्रैक्टर में हवा भराने के लिए गए। दुकानदार ने टंकी में हवा न होने की बात कहकर इंकार कर दिया। इससे नाराज घात लगाए बैठे ग्राम प्रधान और उनके समर्थकों ने दुकानदार और उनके परिवार को लाठियों से पीटा। जिसमें वृद्ध और युवती समेत सात लोग घायल हो गए। पुलिस ने ग्राम प्रधान समेत 10 लोगों के विरुद्ध बलवा फैलाने समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हुजूरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम जगतापुर निवासी किशोरीलाल की किराना, होटल और वाहन रिपेयरिंग की दुकान चौराहे पर संचालित है। किशोरी लाल ने थाने में तहरीर देकर कहा है कि शनिवार को ग्राम प्रधान आलोक तिवारी के भाई संजय तिवारी ट्रैक्टर में हवा भरवाने के लिए आए। लेकिन टंकी में लीकेज होने से हवा न होने और हवा न भरने की असमर्थता जताई। इस पर ग्राम प्रधान का भाई नाराज हो गया। उसने बवाल शुरू कर दिया। किशोरी लाल का कहना है कि पास के सरसो के खेत में घात लगाए बैठे ग्राम प्रधान आलोक तिवारी और उनके समर्थक आ धमके सभी ने लाठी डंडे से पिटाई शुरू कर दी। परिवार का जो सदस्य बचाने आया। उसे भी जमकर पीटा। ग्राम प्रधान और दबंगों की पिटाई में किशोरी लाल (60), मोहन लाल गुप्ता (25), मनोज कुमार गुप्ता (20), यज्ञ राम (35) और बहन प्रियंका (18) समेत सात लोग घायल हो गए। ग्रामीणों के बीच बराव पर मामला शांत हुआ। घायल लोग थाने पहुंचे। पुलिस को तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक मिथिलेश कुमार राय ने बताया कि किशोरीलाल की तहरीर पर ग्राम प्रधान आलोक तिवारी, संजय तिवारी, प्रभात,चंदू,राहुल, अन्नू, सुरेश यादव, मोनू, सोनू और महेश यादव के विरुद्ध बलवा फैलाने, धमकी देने समेत छह धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि परिवार को पूरी सुरक्षा उपलब्ध कराई जायेगी। गलत नहीं होने दिया जाएगा।

दुकान में की तोड़फोड़

ग्राम प्रधान और उनके समर्थकों ने पीड़ित के दुकान में जमकर तोड़फोड़ की। सामान इधर उधर फेंक दिया। काउंटर से रूपये भी समर्थकों पर निकालने का आरोप है।

एक वर्ष पूर्व भी हुआ था विवाद

ग्राम प्रधान संजय तिवारी गांव निवासी किशोरी लाल की जमीन पर कब्जा करना चाहते थे। इसके लिए एक वर्ष चार फरवरी को भी जमकर मारपीट की थी। लेकिन जमीन पर कब्जा नहीं कर पाए थे। उसी मामले में आए दिन विवाद को अंजाम देते हैं।

कार्य करने की लगन में थकान नहीं होनी चाहिए : विधायक

बहराइच समृद्धि न्यूज भारतीय जनता पार्टी की जिला कार्यसमिति की बैठक तेजवापुर मंडल में आयोजित की गई। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय महामंत्री नीरज वर्मा रहे। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष श्यामकरन टेकरीवाल ने की। विशिष्ट अतिथि सांसद अक्षयवरलाल गोंड रहे। कार्यसमिति में मंच का संचालन जिला महामंत्री राघवेंद्र प्रताप सिंह ने किया।मुख्य अतिथि ने कहा कि जिला कार्यसमिति की बैठक का उद्देश्य कार्यकर्ताओं को बूस्ट अप करना होता है। जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू सिंह ने कहा कि हम सब संकल्प लें कि 2024 में दोनों संसदीय क्षेत्रों में विजय हासिल करेंगे। पयागपुर विधायक सुभाष त्रिपाठी ने कहा कि संगठन में कार्य करने की लगन में थकान नहीं होनी चाहिए, तभी हम संगठन को गढ़ सकते हैं। अनुपमा जायसवाल ने कहा कि कार्यसमिति के राजनीतिक प्रस्ताव का हम समर्थन करते हैं। आज हम संकल्प करते हैं कि 2024 में पुनः भाजपा की सरकार बनाएंगे।सांसद अक्षयवरलाल गोंड ने कहा कि हर चुनाव महत्वपूर्ण होता है। इस समय सहकारिता की चुनाव की प्रक्रिया चल रही है। उसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना है। इस अवसर पर गुलाब चन्द्र शुक्ल, संचित, श्रीनाथ, जिला उपाध्यक्ष राहुल राय, रणविजय, सुषमा, सुरेश, उमाशंकर, रणविजय, दीपक, महामंत्री राघवेंद्र प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

संघ की शाखा से होता है व्यक्तित्व का विकास

बहराइच, समृद्धि न्यूज। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ रामजानकी शाखा फखरपुर का वार्षिकोत्सव एवं सहभोज कार्यक्रम ठाकुरद्वारा मंदिर में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अवध प्रांत के प्रांत सामाजिक समरसता संयोजक राजकिशोर उपस्थित रहे। कार्यक्रम शुभारंभ के अवसर पर मुख्य वक्ता एवं उपस्थित अतिथियों द्वारा संत रविदास के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पार्चन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता प्रांत सामाजिक समरसता संयोजक राज किशोर ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना सन 1925 में नागपुर में परम पूज्य डॉक्टर हेडगेवार ने किया था। 5 स्वयंसेवकों के साथ शुरू हुआ संघ का कार्य आज विश्व के 50 से अधिक देशों में है। उन्होंने कहा कि संघ के कार्य का आधार समरसता है सभी हिंदू सगे सहोदर भाई हैं आपस में किसी भी प्रकार का भेद नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि संघ की नियमित लगने वाली शाखा में होने वाले कार्यक्रम व्यक्ति के व्यक्तित्व का विकास करते हैं और नेतृत्व क्षमता प्रदान करते हैं। संघ की शाखा में आने से व्यक्ति के अंदर देश और राष्ट्र के प्रति प्रेम बढ़ता है और वह समरस समाज स्थापना में अपना योगदान करता है। उन्होंने कहा कि आज देश के सभी क्षेत्रों में संघ के स्वयंसेवक आदरणीय भूमिका निभा रहे हैं और उनके द्वारा दिया जा रहा नेतृत्व अनुकरणीय है। उन्होंने कहा कि हमें अपने आसपास समाज के सभी वर्गों के लोगों के सुख दुख में सहभागी होना चाहिए और त्योहार उत्सव मिलकर मनाने चाहिए। इस अवसर पर जिला संचालक कृष्णानंद शुक्ला, खंड संघचालक छोटे राम शुक्ला, विभाग कार्यवाह अंबिका प्रसाद, जिला सामाजिक समरसता संयोजक रजनीश, हनुमान प्रसाद यादव, गंगोत्री प्रसाद त्रिपाठी, विनय शर्मा, खंड कार्यवाह वरुण कुमार, सह खंड कार्यवाह सौरभ, आलोक शुक्ला, खण्ड शारीरिक शिक्षण प्रमुख अमर श्रीवास्तव, राजमणि त्रिपाठी, धर्मेन्द्र शुक्ल, गौरव प्रकाश, आयुष शुक्ला, प्रदीप दुबे, मोहन अवस्थी संतोष कुमार सिंह आदि उपस्थित रहे।

टीबी मरीजों के सच्चे मददगार बने चैम्पियन, बढ़ा रहे मनोबल

राहुल सोनी।

बहराइच, समृद्धि न्यूज। टीबी से पूरी तरह स्वस्थ हो चुके लोगों को चैम्पियन का दर्जा मिला तो जनपद के 2100 टीबी मरीजों के इलाज की राह आसान हो गयी। वर्ल्ड विजन इंडिया के सहयोग से प्रशिक्षित 13 चैम्पियन टीबी मरीजों के हमदर्द बनकर उन्हें दवाओं के नियमित सेवन की अहमियत समझा रहे हैं। उनके इसी प्रयास का नतीजा है कि बीते छह माह में 960 टीबी रोगी स्वस्थ हो चुके हैं। यह कहना है जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ संदीप मिश्रा का। उन्होंने बताया कुछ मरीज भ्रांतियों के चलते व कुछ मरीज आराम मिलने पर दवाओं का सेवन बंद कर देते हैं। इस वजह से टीबी और भी गंभीर हो जाती है। ऐसे में चैम्पियन टीबी मरीजों की शंकाओं का समाधान कर उन्हें नियमित दवाओं के सेवन की अहमियत समझा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस प्रयास से छह माह में दवाओं का पूरा कोर्स लेने वाले 960 टीबी रोगी स्वस्थ हो चुके हैं। वहीं अक्टूबर 2022 से अभी तक बीच में इलाज छोड़ चुके 16 मरीजों ने पुनः इलाज शुरू किया है। इलाज ले रहे टीबी मरीजों का कहना है कि सरकारी अस्पताल में जांच व इलाज की सुविधा के साथ टीबी चैम्पियन के माध्यम से हमारी शंकाएं भी दूर हो जाती हैं और मनोबल बढ़ता है।

डॉ. सतीश कुमार सिंह, सीएमओ

बृजेश सिंह डीएचईआईओ

- भ्रांतियों को दूर कर नियमित दवा सेवन की समझा रहे अहमियत

हारी हुई जिंदगी को मिली जीने की आशा

कैसरगंज निवासी 30 वर्षीय आनंद वर्मा तीन भाइयों में सबसे छोटे हैं। वह खेती किसानी करते हैं। आनंद बताते हैं कि बीते जून माह में शरीर में छोटी-छोटी गिल्टियां और फोड़े निकल आए थे। करीब डेढ़ माह टीबी की दवाएं लेने के बाद भी फोड़ों से मवाद बहना बंद नहीं हुआ 7 ऐसे में लगा कहीं यह कैंसर तो नहीं है। जीवन की आस खत्म सी होने लगी 7 इसी बीच टीबी चैंपियन अभिषेक वर्मा से मुलाक़ात हुई। उनके अनुसार टीबी सिर्फ फेफड़ों में ही नहीं बल्कि नाखून और बाल को छोड़कर शरीर के किसी भी अंग में हो सकती है। उन्होंने बताया बीच में दवाओं का सेवन बंद होने से वह भी गंभीर टीबी की चपेट में आ गए थे । वह इतने कमजोर हो गए थे कि शरीर में सिर्फ हड्डियाँ बची थीं । ऐसे में सीएचसी कैसरगंज के सीनियर ट्रीटमेंट ऑफिसर ने भरोसा दिलाया था कि दवाओं का पूरा कोर्स करने से मैं टीबी मुक्त हो जाऊंगा और दो साल नियमित दवाओं के सेवन से मैं टीबी मुक्त हो गया। आनंद का कहना है कि अभिषेक से मिलने के बाद शंकाओं का समाधान हुआ और जीने की आस भी बढ़ गयी । आज मैं पहले से ज्यादा स्वस्थ महसूस कर रहा हूँ । उनकी सलाह से नियमित दवाओं के सेवन के साथ नाश्ते में भीगे चने, मूंग व अंडा तथा पनीर का सेवन करता हूँ।

टीबी चैम्पियन की महत्वपूर्ण भूमिका

सीएमओ डॉ सतीश कुमार सिंह ने बताया कि समाज में अभी भी लोग टीबी मरीज से दूरी बनाकर रहना चाहते हैं । इसकी वजह से टीबी मरीज अपनी समस्याएं किसी के साथ साझा नहीं करते । ऐसे में टीबी मरीजों की शंकाओं को दूर कर उन्हें मानसिक संबल प्रदान करने में टीबी चैम्पियन की महत्वपूर्ण भूमिका है।

जहाँ जरूरत होती है वहां विभाग की भी मदद

डीएचईआईओ बृजेश सिंह का कहना है कि अभिषेक की तरह जिले के अन्य टीबी चैम्पियन फोन पर या व्यक्तिगत तौर पर अपना अनुभव साझाकर मरीजों की मदद में जुटे हैं और जहाँ जरूरत होती है वहां विभाग की भी मदद लेते हैं। वह मरीजों को बताते हैं कि जब वह टीबी ग्रसित थे तो उनके सामने भी ऐसी ही दिक्कत आई थी जो कि इलाज के साथ धीरे-धीरे दूर हो गयी।

अपराध पर नकेल कस रही लालगंज पुलिस

- इंस्पेक्टर पंकज त्यागी की सक्रियता से क्षेत्र में कम हुआ अपराध का ग्राफ
- बीस हजार रुपये का इनामिया अभियुक्त गिरफ्तार

लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

प्रदेश सरकार अब अपराधियों पर लगातर शिकंजा कसने के लिए पुलिस महकमे को सख्त निर्देश दे चुकी है तो पुलिस भी उन अपराधियों पर नकेल कसने की कार्रवाई करना शुरू कर दिया है ।पुलिस भी अपराधियों की धर पकड़ के लिए लगातार अभियान चला रही है।

सीओ महिपाल पाठक के निर्देशन में लालगंज पुलिस की सक्रियता क्षेत्र में इस कदर हावी हैं कि अपराधियों के हौसले पस्त हो रहे है। क्योंकि पुलिस अपराध व अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने पर अपराधियों में दहशत का माहौल है।

इसी क्रम में को लालगंज पुलिस को दो बड़ी सफलता हाथ लगी रविवार को लालगंज पुलिस ने मुखबिर खास की सूचना पर बीस हजार का ईनामिया अभियुक्त राहुल कोरी पुत्र ज्ञानेन्द्र कोरी निवासी ग्राम काली का पुरवा मजरे बन्नामऊ को पावर हाउस तौधकपुर के पास से गिरफ्तार कर धारा 363/ 366/ 376/ 342/ 323/ 506 भादवि व पाक्सो एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया।

ग्यारह सौ ग्राम गांजे के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध नियंत्रण एवं अवैध असलहो की तस्करी तथा अवैध मादक पदार्थ द्रव्यों की बिक्री व तश्करी पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाये जा रहे अभियान के दृष्टिगत रविवार को मुखबिर खास की सूचना पर अभियुक्त सचिन पुत्र सीताराम निवासी ग्राम पुरे गुर्दी मजरे सेमरपहा को सेमरपहा मोड़ के पास से ग्यारह सौ ग्राम गाजे के साथ गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर जेल भेज दिया गया

माघी पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

कल्पवास रहते हुए प्रतिदिन नदियों में स्नान कर पुण्य प्राप्त करने की आस्था के क्रम में आज 1 माह के कल्पवास के अंतिम दिन माघी पूर्णिमा के अवसर पर गंगा तट डलमऊ के विभिन्न घाटों पर क्षेत्र और जनपद के साथ गैर जनपद से आने वाले हजारों श्रद्धालुओं ने गंगा मैया के जयकारों के साथ प्रातः काल से ही गंगा में आस्था की डुबकी लगाई गई वही गंगा तट पर स्थित मंदिरों और शिवालयों में श्रद्धालुओं द्वारा जलाभिषेक करते हुए पूजा अर्चना की गई और शास्त्रों के अनुसार तिल आदि का दान किया तीर्थ पुरोहित शिवाकांत मिश्रा ने बताया कि शास्त्रों के अनुसार माघ मास में एक माह का कल्पवास करते हुए प्रतिदिन नदियों में स्नान करके तिल आदि का दान देने से मोक्ष की प्राप्ति होती है तथा कल्पवास के अंतिम दिन पिंड दान करने से पितरों की आत्मा को मोक्ष मिलता है रविवार को माघ माह की पूर्णिमा के अवसर पर गंगा तट डलमऊ के किलाघाट सड़क घाट रानी शिवाला घाट वीआईपी घाट पक्का घाट संकट मोचन घाट पथवारी घाट आदि के साथ 1 दर्जन से अधिक स्थान घाटों पर जनपद और गैर जनपद से आए हुए हजारों श्रद्धालुओं ने प्रातः काल से ही गंगा मैया के जयकारों के साथ गंगा मां के पावन जलधरा में आस्था की डुबकी लगाई माघी पूर्णिमा के अवसर पर डलमऊ कस्बे के मुराई बाग चौराहे पर अतिक्रमण के मकड़जाल के चलते श्रद्धालुओं को जाम की स्थित से जूझना पड़ा वही क्षेत्रीय प्रशासन की अनदेखी के चलते स्नान घाटों पर गिरने वाले गंदे नालों और गंदगी के बीच गंगा स्नान करने पर मजबूर होना पड़ा करोड़ों रुपए की लागत से नमामि गंगे योजना के तहत सजाए गए स्नान घाटों पर बने शौचालय की पर्याप्त रूप से साफ सफाई ना होने के कारण श्रद्धालुओं को विभिन्न प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ा।

खबरें एक नजर में

मार्ग दुर्घटना में 3 लोगों की दर्दनाक मौत, 2 लोगों की हालत नाजुक

- तेज रफ्तार ट्रक ने बोलेरो में मारी टक्कर, ट्रक चालक फरार

बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज। बांदा बहराइच मार्ग पर हुआ दर्दनाक हादसा अनियंत्रित तेज रफ्तार डंपर ने बोलेरो को मारी टक्कर तीन लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत वही दो की हालत गंभीर मामला बछरावां थाना क्षेत्र के अंतर्गत नंदा खेड़ा गांव के पास का है जहां परिवार के लोग बोलेरो गाड़ी से लखीमपुर खीरी से तिलक चढ़ा कर वापस अपने घर फतेहपुर जा रहे थे तभी सुबह 5 बजे के आसपास अनियंत्रित तेज रफ्तार डंपर ने सामने से आ रही बोलेरो को जोरदार टक्कर मार दी हाईवे पर हुई घटना से चीख-पुकार मच गई है आनन-फानन में स्थानीय लोगों की मदद से बोलेरो में फंसे लोगों को बाहर निकाला गया और सीएचसी बछरावां भेजा गया लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही 3 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई मृतक की पहचान अनुग्रह सिंह पुत्र लाल सिंह उम्र 40 वर्ष राजेश सिंह पुत्र अज्ञात उम्र 35 वर्ष व सुरेश शुक्ला पुत्र अज्ञात उम्र 40 वर्ष के रूप में हुई सभी मृतक फतेहपुर जनपद के खागा कस्बे के निवासी हैं वहीं राजकुमार सिंह व एक अज्ञात को गंभीर हालत में इलाज के लिए लखनऊ ट्रामा सेंटर के लिए रिफर कर दिया गया है वही डंपर चालक डंपर छोड़कर मौके से फरार हो गया है मौके पर पहुंची पुलिस ने डंपर को कब्जे में लेकर फरार चालक की तलाश शुरू कर दी है।

संदिग्ध परिस्थितियों में खून से लथपथ मिला युवक का शव

शिवगढ़ रायबरेली, समृद्धि न्यूज। थाना क्षेत्र के अन्तर्गत जौनपुर ब्रांच चंडी का पुरवा मे खेत के किनारे संदिग्ध परिस्थितियों में खून से लथपथ युवक का शव मिलने से क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है। जानकारी के मुताबिक थाना क्षेत्र के गुमावा चौंकी अन्तर्गत जौनपुर ब्रांच के स्थिति च?दी का पुरवा मजरे गुमावा के पास लगभग 26 वर्षीय अज्ञात युवक का शव खून से लथपथ मिलने से जहां क्षेत्र में दहशत का माहौल व्याप्त है। ग्रामीणों द्वारा इसकी सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजते हुए। पुलिस जांच पड़ताल में जुटी। थाना अध्यक्ष ने बताया कि युवक के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है इस मामले की जांच पड़ताल करने में शिवगढ़ पुलिस जुटी शव शिनाख्त अभी तक नहीं हो पाया है।

बेहोश होकर चलती बाइक से गिरी महिला की हुयी मौत

बछरावां (रायबरेली), समृद्धि न्यूज। बाइक पर पीछे बैठी पत्नी असंतुलित होकर नीचे गिर गई। राहगीरों ने घायल महिला को सीएससी में भर्ती कराया। बाइक चालक पति करीब 3 किलोमीटर आगे निकल गया तब उसे पता चला कि पीछे बैठी पत्नी गिर गयी। डलमऊ थाना क्षेत्र के रसूलपुर निवासी हरिशंकर सिंह रविवार की सुबह अपनी पत्नी के साथ बाइक से लखनऊ से वापस घर जा रहे थे जैसे ही वह बछरावां कोतवाली क्षेत्र के खैरहनी गांव के पास पहुंचे। तभी बाइक पर पीछे बैठी पत्नी रेखा (50) असंतुलित होकर बाइक से सड़क पर गिर गई। पति हरिशंकर को पत्नी के बाइक से गिरने का आभास नहीं हुआ। और वह आगे निकल गया। पीछे से आ रहे लोगों ने गंभीर रूप से घायल महिला को सीएचसी में भर्ती कराया। पीछे से जा रहे वाहनों ने जब पति हरिशंकर सिंह को उसकी पत्नी के गिरने की जानकारी दी तब वह वापस सीएचसी पहुंचा। प्राथमिक उपचार के बाद रेखा को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल पहुँचने के कुछ ही घंटों बाद महिला की मौत हो गयी।

कार-बाइक भिड़न्त में दो युवक घायल

उन्नाव, समृद्धि न्यूज। शुक्लागंज में सुबह लगभग 5.30 बजे जोगा भोगा चौराहे पर कार व मोटरसाइकिल में हुई भीषण टक्कर से मोटरसाइकिल सवार दोनों युवक घायल हो गये। वही कार में सवार सभी लोगों को मामूली चोटे आई।

जानकारी के अनुसार उन्नाव जुराखनखेड़ा निवासी अंकित शुक्ला अपने परिजनों के साथ भोरपहर माघ पूर्णिमा पर गंगास्नान के लिए अपनी कार से शुक्लागंज आ रहे थे अभी वह जोगा भोगा चौराहे के पास ही पहुंचे थे कि जोगा भोगा कट के पास से सड़क पार करने के लिए मोटरसाइकिल सवार दो युवकों ने गाड़ी मोड़ी तभी कार और मोटरसाइकिल में जोरदार भिड़ंत हो गई जिसमें अभय उर्फविशाल पुत्र मुकेश व तनिष्क पुत्र संतोष बाबा निवासी गांधीनगर शुक्लागंज गंभीर रूप से घायल हो गए तभी किसी ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने 108 एंबुलेंस बुलाकर घायलों को जिला अस्पताल उन्नाव भेजा। जहां पर अभय की हालत को गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने उसे हैलट कानपुर रिफर कर दिया। जहां पर उसकी हालत गंभीर बनी हुई है वही तनिष्क को उपचार के लिए जिला अस्पताल में ही भर्ती कर लिया। कार चालक अंकित शुक्ला ने बताया उनके परिवार को मामूली चोटे आई है जिन्हें उपचार के बाद घर भेज दिया गया। दुर्घटना के बाद कार चालक व कार को पुलिस कोतवाली ले आई जहां पर कोतवाली पुलिस ने कार चालक को छोड़ दिया।

खाटू श्याम जी की प्राण प्रतिष्ठा पर भजन-कीर्तन व भण्डारा सम्पन्न

उन्नाव, समृद्धि न्यूज। बीते शुक्रवार को शुक्लागंज खाटू श्याम जी की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा की गई। वही रविवार को हवन भंडारा व शाम भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। विधि-विधान संग मूर्तियों की स्थापना की गई। भक्त अवधेश बाजपेई ने यहां पूजन के पश्चात हवन किया गया। हवन में भक्तों द्वारा पूर्ण आहुति देकर समाज, परिवार की खुशहाली के लिए प्रार्थना की गई। भगवान का भोग लगाकर प्रसाद का वितरण किया गया। उक्त कर्यक्रम में भाजपा नेता विमल द्विवेदी ने पहुंचकर बाबा श्याम का आशीर्वाद प्राप्त किया।

गौशाला निर्माण हेतु एसडीएम ने किया भूमिपूजन

सूची सलोन रायबरेली, समृद्धि न्यूज। बेसहारा पशुओं द्वारा किसानों की बर्बाद कर रहे फसल को बचाने के लिए गौशाला बनाने की प्रक्रिया शुरू हो गई हैं। जिसको लेकर उपजिलाधिकारी ने निर्माण हेतु भूमि पूजन कर कार्य शुभारंभ किया ।सलोन विकासखंड के सूची के निकट बघौला ग्राम सभा में उप जिलाधिकारी शालिकराम ने मनरेगा के तहत गौशाला निर्माण का भूमि पूजन किया ।गौशाला निर्माण हो जाने पर निराश्रित गोवंशो को गौशाला में पहुंचाया जाएगा ।जिससे किसानों की चौपट हो रही फसल बचाया जाएगा ।वही किसानों को खेत की रखवाली व तमाम पशुओं की वाहनों से टकराकर घायल व मौतों से राहत मिलेगी ।इस मौके पर जगतधर पांडेय,शशिकांत तिवारी,ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अरविंद मौर्य,लेखपाल सुनील कुमार,चंद्रधर पाण्डेय,सुमंत्र आदि लोग मौजूद रहे।

रणविजय के अथक प्रयासों से ग्रामसभा दौड़ रही विकास की ओर

महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

अगर काम करने का हो जज्बा और उसे अमल में लाने की हो ताकत तो दुनिया का कोई कार्य हो सकता है। मुरैनी ग्राम पंचायत मे कहीं अलग से बजट नहीं आता अन्य ग्राम सभाओं के जनप्रतिनिधि बजट का रोना रोते हैं। लेकिन अगर काम करने का जज्बा है तो हर कार्य हो सकता है। इसी का जीता जागता उदाहरण है ग्राम प्रधान दीपू एवं ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रणविजय सिंह ने करके दिखाया हैं। एक बदहाल और उपेक्षा की शिकार ग्राम सभा को आज विकास के पथ पर आगे बढ़ाने का कार्य जिस तरह हुआ है इसकी जमकर प्रशंसा क्षेत्र में हो रही है। ग्राम पंचायत मुरैनी को जहां सीसीटीवी कैमरों से लैस कर दिया है वही 125 स्ट्रीट लाइट विकास की गवाही दे रही हैं और12 सौर ऊर्जा लाइट फागिंग मशीन ।ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रणविजय सिंह ने साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया और 5 किलोमीटर गुल सफाई (नाली सफाई) का कार्य करवाने का काम किया कहते हैं किसी जगह की तरक्की तभी संभव है जब वहां की आवागमन एवं रास्ते अच्छे हो ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रणविजय सिंह के अथक प्रयासों से पूरी ग्राम पंचायत मे सडको का ऐसा जाल बिछाया कि आज बारिश मे लोगों को दिक्कत नहीं होती 1 दर्जन से अधिक चकरोड का निर्माण कार्य करा कर विकासखंड मे एक उदाहरण बनाया वहीं 1 किलो मीटर इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य करा कर आम जनमानस को काफी राहत प्रदान की बारादरी की कायाकल्प कार्य करवाया एवं नियमित रूप से सफाई कर्मी पूरी ग्राम पंचायत में साफ सफाई का कार्य प्रतिदिन करने का काम कर रहे हैं। वही बात करते हुए ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रणविजय सिंह ने बताया कि अगर हमारी ग्राम सभा में पानी की टंकी अमृत सरोवर शवदाह ग्रह निर्माण प्राथमिक विद्यालय की बाउंड्री ओपन जिम सेंटर जैसी सुविधाएं अगर ग्राम पंचायत को मिल जाए तो मुरैनी ग्राम पंचायत को आदर्श ग्राम पंचायत बनने से कोई रोक नहीं सकता।

अब्दुल खालिद ने मुन्ना यादव बन दलित युवती के साथ किया प्रेम प्रसंग

सलोन रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

- युवती ने सलोन कोतवाली मे शिकायती पत्र देकर लगाई न्याय की गुहार
- पुलिस ने आरोपी अब्दुल खालिद को गिरफ्तार कर गंभीर धाराओं में दर्ज किया मुकदमा

लव जिहाद का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है पहले मुन्ना यादव बनकर दलित युवती से करता रहा दुष्कर्म दलित युवती को जानकारी होने पर कि वह मुन्ना यादव ना होकर अब्दुल खालिद पुत्र हकीम है इस बात का जब युवती ने विरोध किया तो अब्दुल खालिद से बना मुन्ना यादव नाम का दरिंदा युवती को पूरे परिवार के साथ भी जान से मारने की धमकी देकर करता रहा दुष्कर्म मामला सलोन थाना क्षेत्र के अंतर्गत फटहा रसूलपुर गांव का है जहां एक दलित युवती को मुन्ना यादव बनकर अपने प्रेम जाल में फंसाया लेकिन जैसे इसकी जानकारी लड़की के घरवालों को हुई तो उन्होंने तुरंत लड़की की शादी कर दी लेकिन आरोपी दरिंदा लड़की के ससुराल में पहुंचकर लड़की को लगातार मुन्ना यादव बन कर हसीन सपने दिखाता रहा अचानक एक दिन युवती को इस बात की जानकारी हुई कि मुन्ना यादव ना होकर अब्दुल खालिद पुत्र हकीम उम्र 45 वर्ष निवासी घोसी का पुरवा थाना सलोन का निवासी है इसी बात को लेकर दलित युवती ने उससे संबंध तोड़ दिया इसी बात से नाराज होकर मुन्ना यादव से अब्दुल खालिद बना दरिंदा तमंचे के बल पर देर रात उसी के घर में घुसकर जबरन दुष्कर्म किया आरोपी दरिंदे अब्दुल खालिद ने दलित युवती को धमकी देते हुए कहा कि अगर तुम हिंदू धर्म छोड़कर मुस्लिम धर्म ना अपनाया और मुझसे निकाह न किया तो मैं तुम्हें व तुम्हारे पूरे परिवार को जान से मार दूंगा पीड़ित ने सलोन थाने में तहरीर देकर आरोपी अब्दुल खालिक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके कड़ी कार्यवाही करने की मांग की है। पुलिस ने धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज करने के बाद मुन्ना यादव बने अब्दुल खालिद को गिरफ्तार कर लिया है।

थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक मामला सामने आया है जिसमें एक मुस्लिम समुदाय के युवक हिंदू बनकर एक महिला के संपर्क में आया फिर उसके साथ दुष्कर्म किया। पीडिता की लिखित तहरीर पर युवक को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर विविध कार्यवाही की जा रही है।

अमित कुमार, क्षेत्राधिकारी सलोन

महान संत रविदास की मनाई गई जन्म जयंती

- कार्यक्रम के अवसर पर सुंदरकांड मानस पाठ की बांटी गई प्रतियां

लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

लालगंज अटल चौक स्थित बाजपेई रेस्टोरेंट में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ धर्म जागरण विभाग के तत्वाधान में संत रविदास जी की जन्म जयंती बड़े ही श्रद्धा पूर्वक मनाई गई और इस पावन अवसर पर प्रसिद्ध धार्मिक ग्रंथ रामचरितमानस के सुंदरकांड की पुस्तक लोगों को सप्रेम भेंट की गई। इस अवसर पर बोलते हुए धर्म जागरण जिला सहसंयोजक सुशील शुक्ला ने कहा कि रविदास जयंती और माघी पूर्णिमा के दिन गंगा स्नान का विशेष महत्व होता है। संत रविवास जी बेहद धार्मिक स्वभाव के थे। वे भक्तिकालीन संत और महान समाज सुधारक थे। संत रविदास जी ने भगवान की भक्ति में समर्पित होने के साथ अपने सामाजिक और पारिवारिक कर्त्तव्यों का भी बखूबी निर्वहन किया। इन्होंने लोगों को बिना भेदभाव के आपस में प्रेम करने की शिक्षा दी, और इसी तरह से वे भक्ति के मार्ग पर चलकर संत रविदास कहलाए। कार्यक्रम में भाजपा नेता दीप प्रकाश शुक्ला और एमसीएम मजदूर संघ अध्यक्ष आदर्श सिंह बघेल का भी योगदान रहा।

ताइक्वांडो एकेडमी के द्वारा आयोजित किया गया सम्मान समारोह बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

डलमऊ ताइक्वांडो अकैडमी द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जहां पर क्षेत्र के सम्मानित पत्रकारों का सम्मान किया गया तथा ताइक्वांडो अकैडमी के बच्चों के द्वारा ताइक्वांडो कला का जोरदार प्रदर्शन किया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आए डलमऊ कोतवाली प्रभारी पंकज तिवारी एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष ब्रजेश दत्त गौड़ कुआं अति विशिष्ट अतिथि समाज सेविका मीरा यादव ने पत्रकारों का सम्मान किया तथा कला का प्रदर्शन करने वाले बच्चों का उत्साहवर्धन ताइक्वांडो किया कार्यक्रम का आयोजन डलमऊ ताइक्वांडो अकादमी के सचिव एवं प्रशिक्षक महताब आलम के द्वारा किया गया उन्होंने कहा कि पत्रकार, समाज का आईना और देश का चौथा स्तम्भ होता है।

पत्रकारों ने हमारे खिलाड़ियों का हमेशा उत्साह बढ़ाया है जिससे हमारे खिलाड़ी आगे बढ़ रहे हैं महताब आलम ने बताया कि ताइक्वांडो एक आत्मरक्षा की महत्वपूर्ण कला है और सबसे सशक्त साधन है जिससे बच्चे विषम परिस्थितियों में बिना किसी हथियार के अपनी रक्षा कर सकते हैं कोतवाली प्रभारी पंकज तिवारी एवं समाजसेवी मीरा यादव ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए ताइक्वांडो कला प्रदर्शन की सराहना की और बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए अपनी कला से घर परिवार एवं क्षेत्र का नाम रोशन करने का आशीर्वाद दिया।

9 लोग विद्युत चोरी करते दबोचे गये

उन्नाव, समृद्धि न्यूज।

विद्युत विभाग की टीम ने राजस्व वृद्धि के तहत मॉर्निंग रेड का विशेष अभियान चलाया जिसमें बीघापुर के कर्मी गढ़ेवा में बीजेपी नेता के निर्माणाधीन गेस्ट हाउस सहित 9 लोगों के यहाँ विद्युत चोरी पकड़ी। सभी के विरुद्ध एन्टी पॉवर थेफ्ट के तहत कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया गया है। शासन के निर्देश पर चलाये गए मॉर्निंग रेड के तहत एसडीओ अभिषेक कपासिया, बीघापुर जेई ओम प्रकाश यादव, गिरजानगर व धानीखेड़ा जेई आशीष सिंह ने टीम के साथ चेकिंग के दौरान बीघापुर टाऊन के संदोही नगर निवासी मुकेश कुमार के घर पर मीटर बायपास कर बिजली चोरी पकड़ी। कोतवाली क्षेत्र के गांव मवईया में सुनीता के यहां मीटर बायपास से बिजली चोरी करते हुए पकड़ा। इसी गांव में रमेश चंद्र का बकाया के चलते कनेक्शन काट दिया गया था टीम को मौके पर फिर से कनेक्शन जुड़ा मिला। मवईया गांव में ही राकेश, योगेश प्रताप सिंह डब्बू, दीपक के घरों में कटिया लगी हुई मिली। बिसेनमऊ गांव में सत्ता पुत्र फंनर के घर पर कटिया लगाकर विद्युत चोरी करते हुए मिले। रुजिहई गांव में संतोष कुमार मीटर बायपास कर विद्युत चोरी करते हुए धरे गए। टीम में संजय कुमार तकनीशियन, विनीत पाल, शिवबहादुर यादव, प्रदीप कुमार, अरविंद कुमार, दीपप्रकाश यादव शामिल रहे। बारासगवर थाना क्षेत्र के कर्मी गढ़ेवा में भाजपा नेता नागेंद्र सिंह पुत्र तारा सिंह के निर्माणाधीन गेस्ट हाउस में जेई ओम प्रकाश व आशीष सिंह ने एलएमवी 9 की विद्युत चोरी पकड़ी। एसडीओ अभिषेक कपासिया ने बताया कि सभी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करा कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

माघ पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने गंगा में लगाई डुबकी

उन्नाव, समृद्धि न्यूज। माघ पूर्णिमा के मौके पर गंगातट पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। श्रद्धालुओं के हर-हर गंगे के जयकारे से गंगातट गूंजता रहा। भारी-भीड़ के कारण शुक्लागंज नवीन गंगा पुल के मोड़ पर जाम की समस्या से श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना करना पड़ा। नगर के आनंद घाट, शिवपंडा घाट, विष्णु घाट सहित आदि घाटों पर रविवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने गंगा तट पर स्नान किया। इसके पश्चात विभिन्न मंदिरों में पूजा अर्चना की और गंगा जल घर लेकर गए। कहते है कि माघी पूर्णिमा के दिन गंगा स्नान करने से सभी तरह के पाप धुल जाते हैं। जन्म-जन्मांतर के सभी कार्य सिद्ध होते हैं। कहा जाता है कि आज के दिन सभी देवी-देवता पृथ्वी पर आकर गंगा में स्नान करते हैं। इस दिन भगवान विष्णु की खास पूजा होती है। भोजन, वस्त्र, गुड़, कपास, घी, लड्डू, फल, अन्न आदि का दान करना पुण्यदायक माना जाता है। माघ मास में काले तिल से हवन, पितरों का तर्पण करने और तिल के दान का भी विधान है।

कोरोना संक्रमित रहे प्रधान की डेढ़ वर्ष बाद मौत

उन्नाव, समृद्धि न्यूज।

ब्लॉक गंजमुरादाबाद अंतर्गत ग्राम पंचायत रानीपुर ग्रंट के प्रधान करीब डेढ़ वर्ष पूर्व कोरोना से संक्रमित हो गए थे। कोरोना का भारी असर उनके फेफड़े और दिल पर पड़ा था। शनिवार की रात संडीला स्थित निजी अस्पताल में इलाज के दौरान ग्राम प्रधान की दुखद मौत हो गई।

ग्राम पंचायत रानीपुर ग्रंट के प्रधान मंसाराम 50 वर्ष अप्रैल 2021 में कोविड-19 से संक्रमित हो गए थे। लंबे इलाज के बाद वह बमुश्किल संक्रमण से मुक्त हुए थे किंतु संक्रमण के दौरान उनके दिल और फेफड़े जैसे नाजुक अंगों को भारी क्षति पहुंची थी। बीते शनिवार की शाम ग्राम प्रधान के सीने के बाएं तरफ अचानक तेज दर्द उठा। पड़ोसी देवेंद्र यादव शिक्षक सहित परिजनों ने आनन फानन उन्हें जिला हरदोई अंतर्गत कस्बा संडीला स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान रात करीब 1 बजे उनकी दुखद मृत्यु हो गई। मृत्यु की सूचना मिलते ही परिजनों तथा ग्रामीणों में शोक की लहर दौड़ गई। वह अपने पीछे अपनी पत्नी बिलासा, विवाहित पुत्री आरती, विवाहित पुत्र दीपक तथा अविवाहित पुत्रियां सुनीता, खुशबू व आरती को रोते-बिलखते छोड़ गए।

ग्रामीण प्रतिभाओं ने हमेशा विश्व पटल पर बढ़ाया मान : सुधा सिंह

उन्नाव, समृद्धि न्यूज।

मनोहरा मोहिनी पब्लिक स्कूल गौरी बीघापुर में वार्षिक अभिभावक सभा का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने रंगारंग व मनोहारी कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मौजूद लोगों की खूब वाहवाही भी बटोरी। सभा की मुख्य अतिथि के रूप में आई अंतरराष्ट्रीय एथलीट व पद्मश्री सुधा सिंह ने कहा कि हमें शिक्षा ग्रहण करने के साथ-साथ उन बच्चों को भी प्रेरित करना चाहिए जिन्हें खेलकूद के प्रति रुचि है। अंतर्राष्ट्रीय खेलों में हमेशा ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं ने ही देश को अंतरराष्ट्रीय सम्मान दिलाया। उनका उद्देश्य है कि उत्तर प्रदेश में खेलकूद एकेडमी की स्थापना हो और गांव में खेलकूद के प्रति उत्साहित बच्चों को चयनित करके एकेडमी उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी के रूप में स्थापित करें। ग्रामीण परिवेश में यह संस्था अपने गुणवत्तापूर्ण शिक्षण कार्य के साथ-साथ भी बच्चों में खेल भावना के हुनर को भी बढ़ावा देने का काम करें। विशिष्ट अतिथि के रूप में रायबरेली निफ्ट के निदेशक भरत शाह ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य बच्चों के सर्वांगीण विकास का है। उन्हें अध्ययन के साथ-साथ उनमें सांस्कृतिक प्रतिभाओं को विकसित करने का भी कार्य होना चाहिए। हमें एक अच्छे समाज व राष्ट्र के लिए बच्चों को होनहार बनाने और उनकी बहुमुखी प्रतिभा को बढ़ाने में सहयोग भी करना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए रायबरेली के एसजेएस समूह के प्रबंध निदेशक रमेश बहादुर सिंह ने कहा कि ग्रामीण परिवेश में कम शुल्क रख के अच्छी शिक्षा देने का जो प्रयास किया है उसमें आप सभी के सहयोग की जरूरत है। शिक्षा के स्तर को और ऊंचा करने के लिए आप लोगों द्वारा विद्यालय के आर्थिक संसाधनों को मजबूत करने में आगे रहना चाहिए। पब्लिक स्कूल के प्रबंधक गौरव अवस्थी ने संस्था की प्रगति और भावी योजनाओं के विषय में विस्तार से चर्चा की। स्कूल के निदेशक शिखर अवस्थी ने आगंतुकों का स्वागत व महाप्राण निराला महाविद्यालय के प्रबंधक तनुज अवस्थी ने आभार व्यक्त किया। स्कूल के शैक्षिक वातावरण को पूर्ण सहयोग करने वाले अभिभावकों को लाटरी के माध्यम से सम्मानित किया गया। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अनेक राष्ट्रभक्ति व देश के विभिन्न राज्यों के नृत्य को पेश करके मौजूद लोगों का मन मोह लिया और उनकी वाहवाही भी जमकर बटोरी। इस कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य मीना तिवारी, राष्ट्रपति पदक से सम्मानित शिक्षक रमेश सिंह, पूर्व प्रधानाचार्य वीडी सिंह श्रीराम सिंह, ब्रजकिशोर, हरगोविंद, गंगा प्रसाद, पप्पू, राजन, पूर्णिमा, रायबरेली से प्रमोद, विनोद, करुणा, सुधीर, अमन, मंजू, मनोज, डॉ मानसिंह, सुरेश, शेरबहादुर, डॉ कुसुमलता सहित गणमान्य व्यक्ति व अभिभावक, बच्चे मौजूद रहे।

संसद की सार्थकता बनी रहे

भारत की संसदीय प्रणाली में संवादहीनता के लिए कोई स्थान नहीं है। इसके साथ ही यह भी सत्य है कि लोकतन्त्र में लोग जिस सर्वोच्च संस्था संसद में अपने जनप्रतिनिधियों को चुन कर भेजते हैं वे देश की सड़कों पर बने माहौल से भी अप्रभावित नहीं रह सकते हैं। संसद में पहुंचे प्रत्येक सांसद के मुंह में अपने चुनाव क्षेत्र के लाखों मतदाताओं की जुबान होती है। अतः देश की इस सबसे बड़ी पंचायत में लोगों की बात को ही प्राथमिकता मिलती है। संभवतः इसी कारण से समाजवादी चिन्तक व जन नेता डा. राम मनोहर लोहिया ने यह कहा था कि 'जिस देश की सड़कों पर कोहराम मचा हो उसकी संसद कभी चुप नहीं रह सकती। अतः देश के वित्तीय अनुशासन को लेकर आजकल जो व्यग्रता आम लोगों में बनी हुई है उससे संसद भी अछूती नहीं रह सकती। मगर इसका मतलब यह भी नहीं है कि संसद अपने मूल कर्त्तव्य या दायित्व को ही तिलांजिली दे दे। इसका मूल दायित्व जनता के विभिन्न मुद्दों और देश के सामने पैदा हुए ज्वलन्त प्रश्नों पर विचार-विमर्श करके उनका हल सुझाना होता है। संसद केवल वाद-विवाद प्रतियोगिता स्थल नहीं होती बल्कि यह समस्याओं का हल भी खोजती है और उन पर निर्णय भी लेती है। अतः यह प्रक्रिया जन समस्याओं को संसद में उजागर करते हुए इस प्रकार चलनी चाहिए जिससे विवादों का हल निकले और देश उन विसंगतियों को दूर करने का मार्ग खोजे जिनसे जन मानस उद्धेलित होता है। संसद का बजट सत्र चल रहा है और उसके प्रथम दो दिन बिना कोई कार्य किये ही निकल गये हैं। अतः अब आगे का रास्ता ऐसा होना चाहिए जिससे संसद का धर्म भी पूरा होता रहे और जनता की आवाज को भी सही स्थान मिल सके। सत्ता पक्ष और विपक्ष को संसद चलाने के लिए ऐसे सहमति बिन्दू पर आना ही पड़ेगा जिससे लोगों के प्रश्न उठाने के मंच की सार्थकता सर्वदा सिद्ध होती रहे। विपक्ष को निश्चित रूप से ऐसे प्रश्न उठाने और मुद्दों पर बहस करने का अधिकार है जो आम जनता के हितों से सीधा सरोकार रखते हैं। जाहिर है ऐसे मुद्दों का सम्बन्ध सरकार से ही जाकर जुड़ता है क्योंकि वही देश को संविधानतः चलाने की जिम्मेदारी से बंधी होती है। अतः सत्ता पक्ष का भी यह दायित्व हो जाता है कि वह विपक्ष द्वारा उठाये गये प्रश्नों को गंभीरता से लेते हुए उन पर अपनी जवाबदेही का निर्वाह करे। दोनों ही पक्षों में से किसी एक के जिद पर अड़ जाने से संसदीय प्रणाली के प्रति लोगों की निष्ठा में कमी आने लगती है। अतः यह सकल राजनैतिक तन्त्र के हित में ही होता है कि वह संसद की महत्ता को हर हालत में कायम रखे। इसकी इसी महत्ता को कायम रखने के लिए भारतीय लोकतन्त्र में लोकसभा अध्यक्ष के पद को सरकार से पूरी तरह अलग रखकर संसद परिसर में उनकी सत्ता स्थापित की गई है। इतना ही नहीं हमारे संविधान निर्माता पुरखों ने उन्हें न्यायिक अधिकारों से भी लैस करने का कार्य इसीलिए किया जिससे वे अपने विवेक से संसदीय प्रणाली के प्रवाह को सतत जारी रख सकें। यह सब इसीलिए किया गया जिससे संसद के भीतर कभी भी संवादहीनता का माहौल पैदा न हो सके। इसके लिए संसद की कार्यवाही चलाने के कुछ नियम बनाये गये और सत्ता व विपक्ष दोनों ओर के सांसदों को भी विशिष्ट अधिकार व दायित्व दिये गये। इसके बावजूद हमने पूर्व में देखा है कि संसद के सत्र का पूरा का पूरा कार्यकाल ही बिना कोई कार्य किये ही समाप्त हो गया। ऐसा कथित 2-जी स्पैक्ट्रम घोटाले की गूंज होने के समय मनमोहन सरकार के दूसरे कार्यकाल के दौरान हुआ था। इसे पहले बोफोर्स कांड के उठने के बाद संसद कई-कई हफ्ते ठप्प रही थी। बेशक उस समय आज की सत्ताधारी पार्टी भाजपा विपक्ष में थी मगर आम जनता को इससे कुछ भी हासिल नहीं हो पाया और अन्त में न्यायालय के फैसलों से ही अन्तिम निष्कर्ष पर पहुंचा जा सका। परन्तु इसका निष्कर्ष यही निकाला जा सकता है कि स्वयं संसद को ही आगे बढ़कर ऐसे विवादास्पद मुद्दों पर प्रभावकारी भूमिका निभानी चाहिए और संसद की सार्थकता पर बट्टा नहीं लगने देना चाहिए। मगर यह कार्य सत्ता व विपक्ष के बीच आपसी संवाद स्थापित करके किसी सहमत बिन्दू पर पहुंचने के बाद ही हो सकता है। संसद में अभी राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया जाना है। राष्ट्रपति दलगत आग्रहों से ऊपर उठकर होते हैं। बेशक उनका चुनाव राजनैतिक दलीय आधार पर ही होता है मगर पद पर आसीन हो जाने के बाद वह उस संविधान के संरक्षक हो जाते हैं जिसकी शपथ लेकर प्रत्येक सांसद अपने संसदीय दायित्व को निभाता है। अतः बहुत आवश्यक हो जाता है कि संसद के दोनों सदनों के सभी सदस्य उनके प्रति धन्यवाद अदा करें। हालांकि उनके द्वारा दिया गया भाषण सरकार का ही दस्तावेज होता है। मगर यह लोकसभा में बहुमत के आधार पर बनाई गई सरकार की नीतियों व कार्यक्रमों का खुलासा ही होता है जिस पर अपनी राय रखने का प्रत्येक सांसद को अधिकार होता है। अतः पुराने इतिहास से सबक लेते हुए ऐसा रास्ता अपनाने की जरूरत है जिससे संसद की सार्थकता भी बनी रहे और सत्तापक्ष की जवाबदेही भी सुनिश्चित की जा सके।

भारत का विश्व को दिशा दिखाने का हौंसला ही विश्व गुरु बनाएगा

एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी

जिंदगी में कुछ फैसले हम खुद लेते हैं, और कुछ हमारी तकदीर! बस अंतर तो सिर्फ इतना है कि, तकदीर के फैसले हमें पसंद नहीं आते और हमारे फैसले तकदीर पसंद नहीं करती! मंजिलें बहुत है और अफ़साने भी बहुत है, जिंदगी की राह में इम्तिहान भी बहुत है, मत करो दु:ख उसका जो कभी मिला नही दुनिया में खुश रहने के बहाने भी बहुत है। सपने देखो और उन्हें पूरा करो, आँखों में उम्मीद के ख्वाब भरो उपनी मंजिल खुद तय करो, इस बेदर्द दुनिया से मत डरो। सपने देखो और उसे पूरा कर दिखाओ, अपनी तमन्नाओं के पर फैलाओ चाहे लाख मुसीबतें रास्ता रोके तुम्हारा, उम्मीदों के सहारे आगे बढ़ते जाओ। जब दुनिया तुम पर उँगलियाँ उठाए जब लोग तुम्हारे रास्ते में मुश्किलें बिछाएँ तो न हार हौसला इन मुश्किलों के आगे खुद को साबित कर विजेता, तू पलटकर वार कर।

साथियों बात अगर हम हौसलों की करे तो, हौसलों की उड़ान कभी नाकामियाब नहीं होती, यह एक बहुत ही अच्छा प्रेरनादायी वाक्य है, इसका अर्थ होता है कि जो लोग अपने हौसलों को कभी कम नहीं होने देते और हमेशा कोशिश करते रहते है, वे कभी भी नाकामियाब नहीं होते उन्हें सफलता जरुर हासिल होती है, हमें भी कभी हार नहीं माननी चाहिए हमेशा कोशिश करते रहना चाहिए, क्यूकि हौसलों की उड़ान कभी नाकामियाब नहीं होती, कोशिश करते रहने से एक न एक दिन हमें कमियाबी जरुर हासिल होती है।

वैश्विक स्तरपर तेजी से बढ़ते प्रौद्योगिकी के विकास के साए में मानव प्रजाति में भागमभाग लगी हुई है। हर देश अपने अपने स्तरपर नए अविष्कारों को प्रोत्साहन दे रहा है और विश्व पर राज करने की होड़ में शामिल होना चाहता है! नवोन्मेष, नवाचार, स्टार्टअप्स, नई नई प्रौद्योगिकियों को उत्साहित मन से और बुलंद हौसलों के साथ हर देश हर व्यक्ति निरंतरता बनाए हुए हैं हम आज इस बढ़ते प्रौद्योगिकी युग में, ऊपर विचारों में शामिल बुलंद हौसलों, शब्द को रेखांकित करेंगे और इस आर्टिकल के माध्यम से हौसला शब्द को विशाल उपलब्धि की सकारात्मकता पर चर्चा करेंगे।

साथियों बात अगर हम बुलंद हौसलों की उपलब्धियों की करें तो, बिल गेट्स सहित दुनिया के 20 धनी लोगों में से सात ऐसे लोग हैं जिन्होंने अपने स्कूल या कॉलेज तक की शिक्षा भी पूर्ण नहीं की है परंतु बुलंद हौसलों के बल पर आज इतने ऊंचे मुकाम पर पहुंचे हैं! यह है बुलंद हौसलों की ताकत! सामान्यतः सामान्य आदमी भाग्य में विश्वास रखते हैं कि भाग्य में नहीं है या नहीं था जबकि बुलंद हौंसला धारक व्यक्ति अपनां भाग्य खुद बनाने की कोशिश करने में विश्वास रखते हैं क्योंकि वह जानते हैं कि जब तक बुलंद हौसलों के साथ आगे बढ़कर अपना भाग्य विधाता स्वयं नहीं होंगे तबतक आत्मसंतुष्टि नहीं मिलेगी।

साथियों बात अगर हम बुलंद हौसलों के कुछ विचारों की करें तो कहने वालों ने खूब ही कहा है। इससे फर्क नहीं पड़ता कि हमर क्या सोचते हैं, हम क्या बोलते हैं, हम क्या सुनते हैं, फर्क इससे पड़ता है कि हम क्या मानते हैं क्योंकि जो हमर मानते हैं आज नहीं तो कल हम वो बन जाते हैं। ये सोच कर निकल आगे बढ़ गिर के संभल,सफलता हमारे कदम चूमेगी सृष्टि भी संग हमारे झूमेगी। जिंदगी में कुछ फैसले हम खुद लेते हैं, और कुछ हमारी तकदीर! बस अंतर तो सिर्फ इतना है कि, तकदीर के फैसले हमें पसंद नहीं आते और हमारे फैसले तकदीर पसंद नहीं करती! मंजिलें बहुत है और अफ़साने भी बहुत है, जिंदगी की राह में इम्तिहान भी बहुत है, मत करो दु:ख उसका जो कभी मिला नही दुनिया में खुश रहने के बहाने भी बहुत है। सपने देखो और उन्हें पूरा करो, आँखों में उम्मीद के ख्वाब भरो उपनी मंजिल खुद तय करो, इस बेदर्द दुनिया से मत डरो। सपने देखो और उसे पूरा कर दिखाओ, अपनी तमन्नाओं के पर फैलाओ चाहे लाख मुसीबतें रास्ता रोके तुम्हारा, उम्मीदों के सहारे आगे बढ़ते जाओ। जब दुनिया तुम पर उँगलियाँ उठाए जब लोग तुम्हारे रास्ते में मुश्किलें बिछाएँ तो न हार हौसला इन मुश्किलों के आगे खुद को साबित कर विजेता, तू पलटकर वार कर। साथियों बात अगर हम हौसलों की करे तो, हौसलों की उड़ान कभी नाकामियाब नहीं होती, यह एक बहुत ही अच्छा प्रेरनादायी वाक्य है, इसका अर्थ होता है कि जो लोग अपने हौसलों को कभी कम नहीं होने देते और हमेशा कोशिश करते रहते है, वे कभी भी नाकामियाब नहीं होते उन्हें सफलता जरुर हासिल होती है, हमें भी कभी हार नहीं माननी चाहिए हमेशा कोशिश करते रहना चाहिए, क्यूकि हौसलों की उड़ान कभी नाकामियाब नहीं होती, कोशिश करते रहने से एक न एक दिन हमें कमियाबी जरुर हासिल होती है। साथियों बाद अगर हम निरंतर बुलंद हौसलों के साथ बढ़ते रहने की करें तो, हमारे उपनिषदों का एक जीवन मन्त्र है, 'चरैवेति-चरैवेति-चरैवेति', हमने इस मन्त्र को जरुर सुना होगा। इसका अर्थ है, चलते रहो, चलते रहो। ये मंत्र हमारे देश में इतना लोकप्रिय इसलिए है क्योंकि सतत चलते रहना, गतिशील बने रहना, ये, हमारे स्वभाव का हिस्सा है। एक राष्ट्र के रूप में, हम, हजारों सालों की विकास यात्रा करते हुआ यहाँ तक पहुँचे हैं। एक समाज के रूप में, हम हमेशा, नए विचारों, नए बदलावों को स्वीकार करके आगे बढ़ते आए हैं। इसके पीछे हमारे सांस्कृतिक गतिशीलता और यात्राओं का बहुत बड़ा योगदान है। साथियों बात अगर हम बुलंद हौसलों की बात दिव्यांगों के परिपेक्ष में करें तो, दिव्यांगता जीवन को लाचार नहीं बना सकती। हमारे सामने में कई ऐसे मामले हैं जिन्हे देखकर यह कहना, मुश्किल है कि ऐसा काम कोई दिव्यांग भी कर सकता है। इन्होंने अपनी एक अलग पहचान बनाई है। हालांकि आज भी इन्हें शासकीय सुविधाओं के लिए प्रशासन का मुंह ताकना पड़ता है। कई ऐसे दिव्यांग बच्चे हैं जिन्हें समेकित वातावरण में सामाजिक विविधता के साथ पढ़ने-लिखने और खेलने का मौका नहीं मिल रहा। वे पूर्ण विकास से दूर हैं। ये बच्चे बड़े होकर सामाजिक विविधता के बीच अपने बुलंद हौसले के साथ खुद का भविष्य बनाने में लगे हैं। सरकारी मदद तो नाम की मिलती है कुछ निजी निजी स्तर पर जरूर इन दिव्यांगों के जीवन को संवारने में सेवा भावना से निःशुल्क जुटे हुए हैं। साथियों बात अगर हम बुलंद हौसलों के साथ सफ़लता पाने के मंत्रों की करें तो (1) हम सकारात्मक सोच रखें (2) हमेशा सीखने की आदत बनाए रखें (3) खुद को हमेशा प्रोत्साहित करते रहें (4) अच्छे साथियों का साथ बना कर रखें (5) बड़े बुजुर्गों की सलाह मार्गदर्शन आदेशों का पालन करें, अनुभवी लोगों के मार्गदर्शन को ध्यान में रखें (6) नकारात्मक के विचार मन में कभी नहीं लाएं (7) अपने लक्ष्य को टारगेट पर रखें (8) अपने लक्ष्य की पूरी सतर्कता के साथ पूरी रूपरेखा बनाएं (9) अपने लक्ष्यों को पूरा करने बुलंद हौसलों की ताकत झोंक दें (10) असफलताओं से घबराएं नहीं और हौसला सूरज से सीखे रोज ढलके भी हर दिन नई उम्मीद से निकलता है। साथियों बात अगर हम बुलंद हौसलों की परिणीति की करें तो मेरा मानना है कि जी-7 जर्मनी दौर पर माननीय पीएम ने अप्रवासी भारतीयों के सामने भारत की गाथा में बुलंद हौसलों की परिणीति नजर आई उन्होंने कहा, आज भारत में हर महीने औसतन 5 हजार पेटेंट फाइल होते हैं आज भारत हर महीनें औसतन 500 से ज्यादा आधुनिक रेलवे कोच बना रहा है। आज भारत हर महीने औसतन 18 लाख घरों को पाइप वॉटर सप्लाई से जोड़ रहा है। आज 21वीं सदी का भारत चौथी औद्योगिक क्रांति में इंडस्ट्री 4.0 में पीछे रहने वालों में नहीं, बल्कि इस औद्योगिक क्रांति का नेतृत्व करने वालों में से एक है। इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी और डिजिटल टेक्नोलॉजी में भारत अपना परचम लहरा रहा है। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि आओ हौसलों को बुलंद रखें। भारत का विश्व को दिशा दिखाने का हौसला ही विश्व गुरु बनाएगा। आओ हौंसला चीटी से सीखें, बार बार गिरकर भी मंजिल तक ज़रूर पहुंचती है। भारतीयों का हौसला सबसे बड़ी ताकत बनकर उभर रहा है-होता है, चलता है, के दिन लद गए!अब करना है, करके ही रहेंगे का संकल्प है।

कर विशेषज्ञ स्तंभकार,
गोंदिया महाराष्ट्र।

विचार

जिन्ना का पाकिस्तान अब आईएमएफ के सामने नतमस्तक

संजीव ठाकुर

पाकिस्तान का रुपया डॉलर के सामने अपने सर्वाधिक निचले स्तर पर पहुंच गया है अब .1 की कीमत 287 पाकिस्तानी रुपए हो गई है। पाकिस्तान के पास अब केवल 3.10 अरब डॉलर की मुद्रा शेष है जो कि 15 दिन के आवश्यक वस्तुओं के आयात के लिए ही बाकी हैस जिन्ना के पाकिस्तान में सब तरफ त्राहि-त्राहि मची हुई है। पाकिस्तान ने इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड के सामने नतमस्तक होकर खुले दिल से मजबूरी में मदद मांगी है। पर पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति का जायजा लेने गई इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड की टीम के प्रमुख नादान पोर्टर ने स्पष्ट संकेत दिए हैं की करीब 2.50 लख करोड़ रुपए की राजकीय कोष को पटाने के लिए पाकिस्तान के पास और कोई विकल्प शेष नहीं बचा है और पाकिस्तान को इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड की हर शर्त को मानने की बड़ी मजबूरी है। इसी तारतम्य में पाकिस्तान ने गैस के दाम 30 प्रतिशत बढ़ा दिए हैं एवं बिजली की कीमत में भी इजाफा किया है। महंगाई और भुखमरी को लेकर पंजाब बलूचिस्तान मैं जनता सड़क पर आ गई है और विद्रोही स्वर उभर कर सामने आने लगे हैं। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने स्वीकार किया है कि पाकिस्तान अब चंद दिनों में दिवालिया होने की कगार पर है आटा रुपये 250 किलो के भाव में भी उपलब्ध नहीं है, चावल कहीं दिखाई नहीं दे रहा है, शक्कर अब वहां कड़वी होने लगी है। पाकिस्तान के परंपरागत आयरन फ्रेंड ने भी पाकिस्तान से किनारा कर लिया है अब चीन के लिए पाकिस्तान एक दुखदाई मित्र की तरह साबित हुआ जो सिर्फ केवल कटोरा लेकर मांगने की ही फितरत रखता है। पाकिस्तान के सिंध प्रांत की सरकार ने चीन को वहां चीन

तथा पाकिस्तान सिल्क कॉरिडोर के लिए काम करने वाले चीनी कर्मचारियों को साफ-साफ कह दिया है कि उनकी सुरक्षा की गारंटी अब चीन स्वयं अपने सुरक्षा गार्ड रखकर कर ले अब उनकी सुरक्षा की गारंटी राज्य सरकार नहीं उठा सकती है। उल्लेखनीय है कि पाकिस्तानी रुपया अपने रिकॉर्ड स्तर पर नीचे आ गया है और यदि आईएमएफ उन्हें सहायता नहीं करता है तो यह और नीचे लुढ़क ने की संभावना है। पाकिस्तान ने आईएमएफ के साथ समझौता कर उसकी शर्तों पर अमल करने का प्रयास किया है और इसी के चलते पेट्रोल गैस बिजली के दामों में बढ़ोतरी कर दी है पाकिस्तान की जनता पर अब नया कर्ज लाभ दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि संयुक्त अरब अमीरात और अन्य खाड़ी के देश पाकिस्तान को किसी भी तरह की मदद करने से इंकार कर चुके हैं अब केवल इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड ही पाकिस्तान सरकार को कुछ दिनों के लिए बचा सकता है लेकिन उनके द्वारा दिए जाने वाले लोन के विरुद्ध पाकिस्तान के पास किसी तरह की कोई गारंटी उपलब्ध नहीं है। भारत और पाकिस्तान 15 अगस्त 47 को एक साथ आजाद हुए थे मोहम्मद अली जिन्ना ने पाकिस्तान को एक इस्लामी राष्ट्र बनाकर आतंकवाद की बुनियाद रखी थी। धीरे-धीरे पाकिस्तान आतंकवाद की राह पर चलने लगा एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उसकी आतंकवादी छवि ने उसके आर्थिक विकास को नेस्तनाबूद कर दिया। भारत आज वैश्विक स्तर पर एक नई शक्ति बन चुका है दूसरी तरफ पाकिस्तान आज की स्थिति में पूरी तरह से कंगाल होकर पूरी दुनिया के कर्जे में डूबा हुआ कर्जा पटाना तो दूर वह ब्याज बनाने की स्थिति में नहीं है। पाकिस्तान पाई पाई के लिए मोहताज है आम जनता आटे, दाल, नमक, शक्कर, पेट्रोल-डीजल के लिए सड़कों पर प्रदर्शन कर रही हैं। पाकिस्तान के पास अब श्रीलंका जैसे हालात पैदा हुए हैं और दिवालिया होने की कगार पर है अब केवल इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड के सामने दिवालिया होने से बचाने के लिए उनकी शर्तों का पूरा पालन करने की की मजबूरी है अन्यथा पाकिस्तान भी पूरी तरह दिवालिया हो जाएगा। दिवालिया होने की कगार पर पाकिस्तान होने के बावजूद सहवाज शरीफ स्वतंत्र कश्मीर का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर राग अलाप रहे हैं यह उनकी मानसिक स्थिति के दिवालियापन को दर्शाता है। पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सभी देशों द्वारा किनारे कर दिया गया है और वह एक आतंकवादी पोषक देश के रूप में भी जाना जाता है। ऐसे में पाकिस्तान को अपने आवाम को बचाने के लिए अपनी नीतियों में आमूलचूल परिवर्तन करना होगा अन्यथा अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष भी उसे किसी तरह का लोन देने से कभी भी इंकार कर सकता है।

साहित्य

हमने जग की अजब तस्वीर देखी...

कवि प्रदीप

हमने जग की अजब तस्वीर देखी
एक हँसता है दस रोते हैं
ये प्रभु की अद्भुत जागीर देखी
एक हँसता है दस रोते हैं

हमे हँसते मुखड़े चार मिले
दुखियारे चेहरे हज़ार मिले
यहाँ सुख से सौ गुनी पीड़ देखी
एक हँसता है दस रोते हैं
हमने जग की अजब तस्वीर देखी
एक हँसता है दस रोते हैं

दो एक सुखी यहाँ लाखों में
आंसू हैं करोड़ों आँखों में
हमने गिन गिन हर तकदीर देखी
एक हँसता है दस रोते हैं

झरोखा

हमने जग की अजब तस्वीर देखी
एक हँसता है दस रोते हैं

कुछ बोल प्रभु ये क्या माया
तेरा खेल समझ में न आया
हमने देखे महल रे कुटीर देखी
एक हँसता है दस रोते हैं
हमने जग की अजब तस्वीर देखी
एक हँसता है दस रोते हैं।

राशिफल

मेष :- विरोधियों प्रबलता से कार्य क्षेत्र में कठिनाईयां संभव। जो बीत गयी उसे भूल वर्तमान में जीने की चेष्ठा करें। कल्पनाएं व आकांक्षाएं अपनी सार्थकता हेतु आपको उद्वेलित करेंगी।

बृषभ :- कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होग। सुन्दर भावनात्मक अभिव्यक्ति संबंधों मधुरता बढ़ेगी। रोजगार की समस्याओं को लेकर मन चिन्तित होंगा। किसी बड़ी यात्रा के प्रति मन उत्साहित होगा।

मिथुन :- आसीम प्रतिभाओं के बावजूद भी हीन मन प्रतिभाओं के लाभ से वंचित होगा, अतरू इसे सुधारें। किसी सहकर्मी खराब व्यवहार से कष्ट संभव। परिवारिक संबंधों कटुता दुश्मनी जैसा न बननें दें।

कर्क :- दूसरों की आलोचना का अपने मनोबल पर असर न पड़ने दें। पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति में व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा।

सिंह :- अपनी क्षमताओं व गुणवत्ता पर भरोसा रखें आगे बहुत सारी सफलताएं मिलेंगी। रोजगार के क्षेत्र में नये अवसर उत्साह का संचार करेंगे, परन्तु आवेश में लिया गया निर्णय हानिकारक हो सकता है।

कन्या :- किसी पुराने संबंधी से आकस्मिक भेंट संभव। ग्रहों की अनुकूलता प्रगति के अच्छे अवसर प्रदान करेगी। किसी बिपरीत लिंगी संबंध में आकर्षण बढ़ेगा।

तुला :- कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुरूप चलने का प्रयत्न करें। कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। नाजुक संबंधों मे भावनात्मक ताल-मेल बिठाने का प्रयत्न करें।

वृश्चिक :- कार्य क्षेत्र में अपनी क्षमताओं का भरपूर लाभ उठाने का समय आ गया है। कोई महत्वपूर्ण आकांक्षा अपनी सार्थकता हेतु आपको उद्वेलित करेंगी। कुछ नई सफलताएं सुखों का आगाज करेंगी।

धनु :- नौकरी का वातावरण थोड़ा अरुचिकर और स्थान परिवर्तन के भी योग हैं। दूसरों की बात इधर से उधर करना आपका शोभा नहीं देता और निर्थक दूसरों की आलोचना भी ठीक नहीं है।

मकर :- अपकी सारी समस्याएं खुद ब खुद सुलझ जाएंगी थोड़ धैर्यपूर्वक वक्त का इन्तजार करें। किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

कुंभ :- कुछ नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। कुछ आर्थिक प्रगति के लिए मन में नई-नई युक्तियां उत्पन्न होंगी। रोजगार में समस्याओं से हतोत्साहित ना हों। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा।

मीन :- नये कार्य के क्रियान्वयन के लिए प्रयत्न तीव। नैतिक-अनैतिक सोचने वाला मन भौतिक परिवेश ताल-मेल बिठाने में असमर्थ होगा। जीविका क्षेत्र में नए आयाम उत्साहित करेंगे।

हिंडनबर्ग, अडानी और सरकार

प्रेम शर्मा

बिजनेसमैन गौतम अडानी की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। हिंडनबर्ग रिपोर्ट के बाद उनका बिजनेस लगातार विवादों में घिरा हुआ है। दुनिया के नंबर एक अमीर बनने की दौड़ में शामिल रहे गौतम अडानी अब टॉप-20 अमीरों की लिस्ट से भी बाहर हो गए हैं। अडानी ने पिछले साल 44 अरब डॉलर की कमाई की थीं। इस मामले को लेकर विपक्ष लगातार सरकार पर दबाव बना रहा है। विपक्ष ने सदन में मांग रखी है कि इस मामले की जांच सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में कराई जाए।जबकि दूसरी तरफ रिपोर्ट आने के कई दिन बाद सरकारी की तरफ सामान्य टिप्पणी आई है। उधर रिपोर्ट को लेकर अड़ाणी ग्रुप ने सुर्प्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। एडवोकेट एम एल शर्मा ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका को दायर कर मांग की गई है कि हिंडनबर्ग रिपोर्ट के आरोपों की जांच की जाए। हिंडनबर्ग के खिलाफ मामला दर्ज हो।

निवेशकों को बड़ा नुकसान हुआ है। पूरे देश में आर्थिक हलचल मचाने वाले इस मामले में वित्त सचिव टीवी सोमनाथन का यह बयान कई मायने में अहम है। अड़ाणी समूह के शेयरों में भारी गिरावट से शेयर बाजार में मची आपाधापी वृहद- आर्थिक नजरिये से 'चाय के प्याले में उठा तूफान' भर है। 'चाय के प्याले में उठा तूफान एक मुहावरा है। जिसका मतलब है कि ऐसे मामले को लेकर गुस्सा और चिंता दिखाना जो महत्वपूर्ण नहीं है। वित्त मंत्रालय के सबसे वरिष्ठ अधिकारी सोमनाथ के मुताबिक भारत की सार्वजनिक वित्तीय प्रणाली काफी मजबूत है और शेयर बाजार की उठापटक सरकार की चिंता का विषय नहीं है। इस बारे में जरूरी कदम उठाने के लिए स्वतंत्र नियामक मौजूद हैं। अड़ाणी समूह की कंपनियों पर लगे धोखाधड़ी के आरोपों का बैंकों एवं बीमा कंपनियों पर संभावित असर के बारे में पूछे जाने पर वित्त सचिव ने कहा, जमाकर्ताओं या पॉलिसीधारकों या इन कंपनियों के किसी भी शेयर धारक के लिए वित्तीय स्थिरता को लेकर चिंता की कोई बात नहीं है। किसी भी एक कंपनी का शेयर ऐसा नहीं है कि वह वृहद-आर्थिक स्तर पर कोई असर ड़ाल सके। लिहाजा उस नजरिये से चिंता की कोई बात नहीं है। अडाणी समूह की कंपनियों का मूल्यांकन पिछले दस दिनों में 100 अरब डॉलर तक गिर चुका है। समूह की अग्रणी कंपनी अडाणी एंटरप्राइजेज के शेयर दिसम्बर के अपने उच्च्च भाव से अब तक 70 प्रतिशत तक लुढक चुके हैं। सोमनाथन ने अड़ाणी समूह के शेयरों में भारी गिरावट का विनिवेश संग्रह के संशोधित अनुमानों पर कोई असर पड़ने की आशंका से भी इनकार किया। उनके अनुसार यह एक किनारे पर चलने वाला मामला है। शेयर बाजार और निवेश में दिलचस्पी रखने वाले उसे लेकर उत्सुक हैं लेकिन वृहद आर्थिक नजरिये से यह कोई मुद्दा नहीं है। हमारी राय में यह पूरी तरह गैर मुद्दा है। जबकि संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि सरकार का इस मामले से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने कहा कि विपक्ष इस मुद्दे को इसलिए उठा रहा है क्योंकि उनके पास कोई दूसरा मुद्दा नहीं है। सेबी ने इस मामले में बयान जारी किया है। सेबी ने कहा है कि वह शेयर बाजार की अखंडता और सभी आवश्यक निगरानी सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। किसी शेयर में अत्याधिक उतार-चढ़ाव को रोकने के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं। हालांकि बाजार नियामक की ओर से जारी किए बयान में अडानी ग्रुप का नाम नहीं लिया गया था। पिछले हफ्ते देश के बड़े कारोबारी समूह अडानी के शेयरों में काफी उतार-चढ़ाव देखने को मिला था। सेबी का यह बयान भारतीय रिजर्व बैंक यानी आरबीआई के उस बयान के बाद आया है जिसमें उधारदाताओं की चिंताओं को दूर करते हुए कहा गया है कि देश की बैंकिंग प्रणाली लचीली और स्थिर बनी हुई है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि अडानी समूह के 20,000 करोड़ रुपये का एफपीओ वापस लेने से देश की वृहत आर्थिक बुनियाद और अर्थव्यवस्था की छवि प्रभावित नहीं हुई है। अडानी ग्रुप को लेकर पूछे गए एक सवाल के जवाब में नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष अरविंद पनगड़िया ने कहा कि हिंडनबर्ग की रिपोर्ट और साख शक के घेरे में है। अमेरिका में शॉर्ट सेलर्स के खिलाफ जांच चल रही है।अडानी ग्रुप को लेकर धीमे-धीमे फैक्ट्स सामने आ रहे हैं। उसमें हमारी बैंकों का एक्सपोजर बहुत कम है। उन्होंने कहा कि ये कंपनियां यह भी दावा करती हैं कि उनके पास दशकों का अनुभव है, लेकिन हिंडनबर्ग खुद छह साल पुरानी कंपनी है। हिंडनबर्ग की यह अब तक की हिस्ट्री रही है। दरअसल वह पैसा देश के आम आदमी का है। अडानी की कंपनियों की सम्यक जांच इसलिए भी तर्कसंगत और अनिवार्य है, ताकि समूह 'अग्नि-परीक्षा' दे सके। यदि कोई आर्थिक घोटाला आकार ले रहा है या कंपनियों की बैलेंस शीट में हेराफेरी की गई है अथवा अडानी समूह भीतर से खोखला है या कंपनियों के शेयर ओवर वेल्यूड हैं अथवा अडानी समूह ने कुछ फर्जी 'कागजधे कंपनियां' भी बना रखी हैं, इन तमाम सवालों के सच सामने आने चाहिए। अमरीकी फर्म की रपट के बाद से अब तक अडानी समूह की संपत्ति 8.76 लाख करोड़ रुपए घट चुकी है। तमाम कंपनियों के शेयर नकारात्मक हैं। समूह की प्रमुख 5 कंपनियों पर 1.62 लाख करोड़ रुपए का कर्ज है। रपट से पहले का सच यह था कि अडानी की संपत्ति बीते ढाई साल के दौरान 13 गुना बढ़ी थी। बीते तीन साल में कंपनियों के शेयरों में करीब 819 फीसदी की बढ़ोतरी हुई थी और चेयरमैन गौतम अडानी दुनिया के अमीरों की सूची में दूसरे-तीसरे स्थान तक पहुंच गए थे। अब अडानी 20 वें स्थान तक लुढक चुके हैं। सुखद खबर यह है कि बैंकों ने फिलहाल स्पष्ट किया है कि उनका निवेश सुरक्षित है। भारतीय स्टेट बैंक समेत कई बैंक अपनी रपट रिजर्व बैंक को भेज रहे हैं। केंद्रीय बैंक ने निवेश और कर्ज के ब्योरों की रपटें बैंकों से तलब की थीं। एलआईसी का मात्र एक फीसदी निवेश अडानी समूह में है। उसने टाटा, रिलायंस, एल एंड टी आदि कई सूचीबद्ध कंपनियों में भी निवेश कर रखा है। अडानी समूह की कंपनियों के खुलासों और फिर शेयरों का लगातार धड़ाम होते रहना भारत के संदर्भ में एक चिंतित सरोकार तो है, क्योंकि इन कंपनियों में आम भारतीय की गाढ़ी कमाई का पैसा लगा है, लेकिन यह विदेशी रपट भारत की संप्रभुता, सम्पन्नता और आर्थिक बढ़ोतरी पर प्रत्यक्ष आक्रमण नहीं मानी जा सकती। देश के निर्वाचित प्रधानमंत्री भी इतने अशक्त नहीं हैं कि एक विदेशी फर्म उन्हें निशाने पर ले सके, लिहाजा हमारे विपक्षी दलों को न तो लोगों में दहशत पैदा करनी चाहिए और न ही संसद के भीतर उबाल के हालात होने चाहिए। बहरहाल रिजर्व बैंक, सेबी, एनएसई और अघोषित तौर पर प्रवर्तन निदेशालय अपने-अपने स्तर पर जांच कर रहे हैं।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक- जितेन्द्र सिंह* मो. : 9554964672
फोन नं. 0522-4077632, 3083627 , *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। RNI No. UPHIN/2013/55887 Email : samradhinews@gmail.com

अफसरों ने गो आश्रय स्थलों में की व्यवस्थाओं की पड़ताल

लखीमपुर खीरी समृद्धि न्यूज।

खीरी के सभी गो आश्रय स्थलों में मुकम्मल व्यवस्थाओं को सुनिश्चित कराने, गोवंशो के संरक्षण, संवर्धन के लिए सभी तहसीलों में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के उपरांत डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, सीडीओ अनिल कुमार सिंह से प्राप्त निर्देश के अनुक्रम में सभी अफसर निकटवर्ती गो आश्रय स्थलों का निरीक्षण करने पहुंचे, जहां उन्होंने अपनी देखरेख में सभी मुकम्मल व्यवस्थाओं को परखा।

डीएम के निर्देश पर अफसरों ने स्वयं गो आश्रय स्थल पहुंचकर व्यवस्थाओं की न केवल पड़ताल की बल्कि सभी मुकम्मल व्यवस्थाओं को खड़े होकर सुनिश्चित कराया। इस दौरान उन्होंने गौ सेवकों को दो-दो कंबल भी वितरित किया। तहसील गोला क्षेत्र में डीएम की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के उपरांत पीओ (डूडा) डॉ अजय कुमार सिंह ने सीवीओ डॉ सोमदेव सिंह ने संयुक्त रूप से मूड़ा सरकटा, ईई नलकूप शैलेंद्र यादव ने मढिया, जिला कृषि अधिकारी अरविंद चौधरी ने बस्तौली, ईओ मैलानी ने दानपुर ग्रंट, ईई जल निगम ने कुसमोरी, सीओ चकबंदी ने जलालपुर एवम परियोजना अधिकारी डीआरडीए ने रजागंज में संचालित गो आश्रय स्थलों में व्यवस्थाओं की पड़ताल की। इसके अलावा अन्य तहसीलों में एसडीएम, बीडीओ, बीईओ, ईओ सहित अन्य अधिकारियों ने भी निकटवर्ती गांव आश्रय स्थलों में दस्तक देकर व्यवस्थाओं की पड़ताल की।

सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने बताया कि संपूर्ण समाधान दिवस के बाद डीएम के निर्देश पर अफसर आश्रय स्थल में व्यवस्थाओं की पड़ताल करने के लिए जाते है। इसके अलावा प्रत्येक गो आश्रय स्थल के लिए व्यवस्थाओं को सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से नोडल अधिकारी भी नामित है, जो समय-समय पर निरीक्षण करके आश्रय स्थल में व्यवस्थाओं के बाबत अपनी रिपोर्ट भेजते हैं। पूरा प्रयास किया जाता है कि शासन की मंशा के अनुरूप आश्रय स्थलों में सभी मुकम्मल व्यवस्थाएं सुनिश्चित हो।।

गोला चीनी मिल प्रबंधन जानबूझकर नहीं बेच रहा अपनी चीनी : अंजनी दीक्षित

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।

राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन का आंदोलन बकाया गन्ना भुगतान एवं गन्ना मूल्य को लेकर 2 जनवरी से निरंतर गन्ना विकास समिति गोला में चल रहा है आज जिला अध्यक्ष अंजनी दीक्षित ने कहा चीनी का अच्छा मूल्य चल रहा है लेकिन चीनी मिल प्रबंधन जानबूझकर कम चीनी बेच रहा है चाहे तो मालगाड़ी द्वारा 15 से 20 करोड़ तक प्रतिदिन चीनी बेंच सकता है और ना ही केंद्र सरकार को बेचे गए एथनांल के पैसे की मांग कर रहा है उद्देश साफ है उधार गन्ना चीनी मिल को मिलता रहे गन्ना किसानों को बहुत कम पैसा देकर ही काम चल जाए चीनी मिल चलता रहे गन्ना अधिनियम में प्रावधान है की खेती की उर्वरक शक्ति बढ़ाने के लिए चीनी मिल से किसानों को प्रेस मेड (मैली) छूट पर दी जानी चाहिए लेकिन चीनी मिल महंगे दामों में भट्ठा मालिकों को प्रेस मेंड बेंच रहा है जब बलरामपुर ग्रुप में 21 कुंटल किसानों को खेतों में डालने के लिए प्रेसमेंड दी जा रही है आज क्रमिक अनशन पर मनोज कुमार वर्मा कमलेश वर्मा अनिल कुमार अवस्थी मोहनलाल राजेश कुमार बाल गोविंद वर्मा श्रवण कुमार यादव सरदार अक्षर सिंह दुलीचंद वर्मा राजेंद्र वर्मा महेंद्र वर्मा आदि किसान शामिल है।

खबरें एक नजर में

सोशल मीडिया पर भ्रमित जानकारी भी समाज को बना रही दिशाहीन

लखीमपुर, खीरी समृद्धि न्यूज। यह किसी से छिपी बात नहीं है कि मोबाइल जरूरत से ज्यादा प्रयोग समाज को नकारात्मक रूप से प्रभावित किया है! इसीलिए यह एक स्वाभाविक सलाह है कि बच्चे इस तरह की तकनीकी के गुलाम न बनें उनका सीमित और संतुलित प्रयोग करें!हम सब जानते हैं कि यह लोगों की व्यक्तिगत या सामाजिक हानि हो सकती है लेकिन यह कहीं न कहीं राष्ट्र की क्षति भी है! क्योंकि जो समय देश की बड़ी आबादी सोशल मीडिया पर बिता रही है वह अगर देश को विकसित करने में प्रयोग किया जाए तो यह अपने आप में बड़ा परिवर्तन ला सकता है!ज्यादातर लोग सोशल मीडिया पर ज्यादा समय बिताते है इसके चलते हम अपने सोचने समझने की क्षमता खोते जा रहे हैं!साथ ही इसका असर हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर भी विपरीत पड़ता है! इसके अलावा यह हमारे सामाजिक और पारिवारिक संबंधों पर भी नकारात्मक प्रभाव डालता है और हमारे जीवन करिअर में भी बाधाएं उत्पन्न कर रहा है अवसाद जैसी बीमारियां सोशल मीडिया के अत्यधिक प्रयोग के कारण लगातार बढ़ती जा रही हैं!इसके अलावा इसने हमें आर्थिक रूप से बेहद प्रभावित किया है सोशल मीडिया पर तरह-तरह के आकर्षित विज्ञापन होते हैं जिसके चलते हम फिजूल की चीजों का क्रय कर लेते हैं फिर इस आभासी दुनिया में जब सब कुछ हमारे मुताबिक नहीं हो पाता है तो फिर हम अपने आप को हीन भावना से ग्रसित कर लेते हैं जिसके चलते कई बार लोग आत्महत्या तक की स्थिति तक में पहुंच जाते हैं!इसके अलावा सोशल मीडिया पर भ्रमित जानकारी भी समाज को दिशाहीन बनाती है! आज सोशल मीडिया से हर व्यक्ति लगभग प्रभावित है इसलिए इसके प्रयोग पर हमें विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

हत्याभियुक्त गिरफ्तार

बिसवां सीतापुर, समृद्धि न्यूज। कोतवाली पुलिस ने एक हत्याभियुक्त को गिरफ्तार करने मे सफलता प्राप्त की है। प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना के आधार पर धारा 302 , 201, 404 से संबंधित अभियुक्त कपिल वर्मा पुत्र हरिश्चंद्र वर्मा निवासी ग्राम भागीपुर थाना बिसवां को सुबह करीब 6 बजे गिरफ्तार किया गया। घटना के संबंध मे पूछताछ करने पर अभियुक्त ने अपना जुर्म भी स्वीकार कर लिया। अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही की गयी है।

सीमा विवाद में फंसा कई वर्षो से खराब पड़ा नल

पहला सीतापुर, समृद्धि न्यूज। विकास खंड पहला अंतर्गत हुसेनपुर के पुल पर लगा इंडिया मार्का हैंडपंप कई वर्षों से खराब पड़ा हुआ है उसके बावजूद भी आज तक नल सही नहीं हुआ है हर समय यहां पर सौ 50 आदमी रहते हैं 10 20 दुकानें हैं इसके बावजूद भी नल अभी तक सही नहीं हुआ इस संबंध में हुसैनपुर प्रधान सहवान ने बताया की यह नल अकबापुर की सीमा के अंदर आता है इसलिए हम सही नही करवा सकते है फिलहाल सीमा विवाद में फंसे होने के कारण नल नही बन पा रहा हे जिससे आम जनता के साथ साथ व्यापारी तथा राहगीर परेशान है।

बाबूलाल तिवारी के एमएलसी बनने पर समर्थकों ने जताई खुशी

जालौन (उरई), मसृद्धि न्यूज। प्रयागराज- झांसी शिक्षक खंड विधान परिषद सदस्य पद के चुनाव की मतगणना में भाजपा समर्थित प्रत्याशी बाबूलाल तिवारी को विधान परिषद सदस्य नियुक्त होने पर नगर उनके समर्थकों द्वारा शिक्षकों में मिठाई बांटकर खुशी मनाई गई। इस मौके पर पूर्व विधायक डा. अरुण मेहरोत्रा, माँ गायत्री विद्या मंदिर के एड. डीसी सैनी, ओपी सैनी, एससी सैनी, पूर्व विधायक नरेन्द्र पाल सिंह जादौन, नवीन गुप्ता, शशिकांत सिंह चौहान, इनके अलावा आर्य कन्या पाठ शाला इंटर कॉलेज की प्राचार्य नुजहत जहाँ ने भी अपने साथियों के साथ खुशी का इजहार किया! उधर ब्रह्मा सिंह यादव, अरविंद राठौर, श्रीकृष्ण गौतम, अमित पांडेय,संदीप शर्मा, अशोक वाजपेई, राजेश दिवेदी, रविंद्र सिंह चौहान शिक्षक सुशील कुमार कृष्ण कांत त्रिपाठी राजबहादुर राठौर अजय सिंह आदि शिक्षक और भाजपाई खुशी मनाने में शामिल रहे।

अनुरंजनी का 48वां वार्षिकोत्सव कार्यक्रम संपन्न

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।

शहर लखीमपुर के आनंद सिनेमा रोड स्थित कृष्णा मैरिज हाल में अनुरंजनी द्वारा आयोजित बाल एकांकी नाट्य प्रतियोगिता का कार्यक्रम विधिवत संपन्न हुआ। कार्यक्रम में पधारे मुख्य अतिथि ओमकार नारायण भरद्वाज, रंगकर्मी लखीमपुर खीरी द्वारा सरस्वती पूजन व दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। विमलेंद्र मिश्र द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। इसके पश्चात संस्था के प्रबंध निदेशक महेश चंद्र जायसवाल द्वारा संस्था का परिचय व कार्यक्रम का उद्देश्य बतलाया गया। कार्यक्रम में निर्णायकों में सीतापुर से पधारे श्री सुनील कुमार सारस्वत, रंगकर्मी, मुनीर खान फिल्म निर्माता निर्देशक लखीमपुर खीरी एवं प्रदीप सक्सेना संस्थापक अनुरंजनी लखीमपुर खीरी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रथम नाटक प्रस्तुति सनातन धर्म सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज द्वारा द्वितीय प्रस्तुति माधव चिल्ड्रन एकेडमी लखीमपुर द्वारा तृतीय प्रस्तुति सिटी मांटेसरी इंटर कॉलेज द्वारा चतुर्थ चिल्ड्रन एकेडमी द्वारा पंचम प्रस्तुति पंडित दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज द्वारा षष्टम प्रस्तुति डॉक्टर बी आर अंबेडकर इंटर कॉलेज द्वारा सप्तम प्रस्तुति महेंद्र राष्ट्रीय शिक्षा सदन इंटर कॉलेज द्वारा व अष्टम नाट्य प्रस्तुति जनता मांटेसरी स्कूल लखीमपुर खीरी द्वारा प्रस्तुत की गई। इसके पश्चात कुमारी अनुरा अग्रवाल द्वारा नृत्य प्रस्तुति, मोहे रंग दो लाल नंदलाल, इसके पश्चात एकल अभिनय नाटक, मरने का हक, महेश चंद्र जायसवाल द्वारा प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात प्रथम,द्वितीय व तृतीय निर्णायकों के वक्तव्य हुए व सभी को स्मृति चिन्ह प्रदान कर उनका सम्मान किया गया। कार्यक्रम में पधारे मुख्य अतिथि ने भी अपना वक्तव्य दिया।

नगर सड़कों पर घूम रहे हैं आवारा पशु

ओयल खीरी समृद्धि न्यूज। नगर क्षेत्र की प्रमुख सड़क व गलियों पर आवारा पशु धरल्ले से घूमते हुए देखे जा रहे है।निरंकुश हो चुके इन पशुओं के कारण अक्सर यातायात बाधित होता रहता है तथा दुर्घटनाएं भी होती रहती हैं।इन्ही आवारा पशुओं के कारण पैदा हो रही जन समसयाओं को लेकर नगर छेत्र मोहल्ला कोतवाली के सभासद मोहित कुमार ने उक्त समस्या को लेकर तयार किये गए एक ज्ञापन को नगर पंचायत प्रशाशन को सौंप कर उक्त समस्या से अवगत कराने का प्रयाश किया गया था परंतु नगर पंचायत प्रशासन के द्वारा उन्हें सकारात्मक कार्यवाही के लिए केवल अस्वस्थ किया गया। परंतु अभी तक प्रशाशनिक कर्मियों के द्वारा नगर क्षेत्र में छुट्टा घूम कर जन समस्या बन रहे इन आवारा पशुओं के प्रति कोई निरोधक कार्यवाही समाचार प्रेषण तक संभव नहीं हो सकी जबकि उक्त समस्या जान साधारण के लिए गंभीर चिंता का कारण बनी हुई है।

नवकुंडीय सीताराम महायज्ञ की तैयारियां पूर्ण, कलश यात्रा आज

जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।

नवकुंडीय श्रीसीताराम महायज्ञ व श्रीमद्भागवत कथा के साप्ताहिक कार्यक्रम का शुभारंभ 6 फरवरी दिन सोमवार को कलश यात्रा के साथ होगा। आयोजन को भव्य बनाने के लिए तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

उरई मार्ग स्थित श्रीवीर बालाजी हनुमान मंदिर में श्रीमदभागवत कथा ज्ञान यज्ञ के साथ ही इस वर्ष 9 कुंडीय श्रीसीताराम महायज्ञ का भी आयोजन हो रहा है। मंदिर के पुजारी कमलेश ने बताया कि धार्मिक आयोजन को लेकर तैयारियां पूरी की जा रही है। मंदिर व आसपास सजावट का काम पूरा हो गया है। श्रीमदभागवत की व्यास पीठ का निर्माण हो चुका है। दंदरौआ सरकार रामलीला मंडल की ओर से मंदिर परिसर में श्रीरामलीला का मंचन होगा जो रात 8 बजे से 11 बजे तक चलेगा। इसके साथ ही श्रीराम नाम संकीर्तन व श्रीराम चरित मानस का पाठ भी होगा।

कार्यक्रम का शुभारंभ 6 फरवरी दिन सोमवार को कलश व शोभायात्रा के साथ होगा और 13 फरवरी को पूर्णाहूति व भंडारे के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। भगवताचार्य आचार्य सत्यम व्यास के मुखारबिंद से श्रीमदभागवत कथा सुनाई जाएगी। यज्ञाचार्य के रूप में शिवम द्विवेदी बनारस रहेंगे। श्रीराम संकीर्तन बाबा परशुराम दास मंडली द्वारा व श्रीराम चरित मानस पाठ उमेश विकल व सुरेंद्र पांचाल द्वारा किया जाएगा।

जालौन कोतवाली में महिला हेल्प डेस्क साबित हो रही शोपीस

- इयूटी पर तैनात महिला पुलिस कर्मी अक्सर रहती है गायब
- पीड़ित महिलाओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा

जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।

कोतवाली में महिला फरियादियों के लिए खोले गए महिला हेल्प डेस्क से अक्सर महिला पुलिस कर्मी गायब रहती हैं। ऐसे में कोतवाली में आने वाली महिलाओं को परेशान होना पड़ता है। कोतवाली आने वाली महिलाओं को परेशान न होना पड़े और महिलाओं की समस्याओं को महिला पुलिस कर्मियों द्वारा ही सुना जाए। जिससे महिलाओं को महिला पुलिस कर्मी को अपनी समस्या बताने में कोई झिझक न हो। इसके लिए शासन द्वारा कोतवाली में पीड़ित महिलाओं की शिकायतों के निस्तारण के लिए महिला हेल्प डेस्क की स्थापना कराई गई थी। महिला पुलिस कर्मियों की तैनाती भी की गई है। उद्देश्य था कि महिला अपराधों से संबंधित मामलों की तत्काल सुनवाई की जाए और उनका निस्तारण कराया जाए। महिला फरियादी महिला हेल्प डेस्क पर शिकायतों को लेकर पहुंचती भी हैं। लेकिन कोतवाली में स्थित महिला हेल्प डेस्क से अक्सर महिला पुलिस कर्मी गायब ही रहती हैं। यदि कोई महिला, हेल्प डेस्क पर पहुंचती है तो उसे या तो महिला पुलिस कर्मी के लिए लंबा इंतजार करना पड़ता है अथवा वहां मौजूद पुलिस कर्मियों को ही अपनी समस्या से अवगत कराना पड़ता है। इससे महिलाओं को शिकायत के निस्तारण के लिए परेशान होना पड़ता है। महिलाओं ने महिला हेल्प डेस्क पर महिला पुलिस कर्मी की तैनाती किए जाने की मांग की है।

गोवंश से भरे ट्रक को रोकने पर चली गोलियां

- पुलिस जवान और बदमाश घायल
- एएसपी, सीओ सहित कई थानों की पुलिस पहुंची थी मौके पर
- गोतस्करी में संलिप्त तीन बदमाश पकड़े गये

माधौगढ़ (जालौन), समृद्धि न्यूज।

गौवंश से भरे ट्रक को ले जा रहे बदमाशों को रोकने पर पुलिस से मुठभेड़ हो गई। दोनों ओर से ताबड़तोड़ गोलियां चली। जिसमें एक पुलिस जवान घायल हो गया जबकि एक बदमाश को भी पैर में गोली लगी। पूरी कार्रवाई में 3 लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक, सीओ, एसओजी टीम सहित कई थानों की फोर्स ने पहुंचकर घेराबंदी कर बदमाशों को पकड़ लिया।

सुबह 5 बजे के लगभग माधौगढ़ थाना क्षेत्र के गोपालपुरा से सटे मप्र बॉर्डर पर पुलिस को अवैध तरीके से गौवंश ले कर आ रहे ट्रक के आने की जानकारी मिली। जिस पर बंगरा चौकी पुलिस ने एसओजी टीम,और उच्चाधिकारियों सूचना दी। जिसके बाद रामपुरा,रेंढ़र थाना की पुलिस सहित एसओजी टीम सक्रिय हो गई व मप्र सीमा में बैरियर डालकर ट्रक को रोकने की योजना बनाई गई। लेकिन ट्रक ले जा रहे बदमाशों ने बैरियर को तोड़ते हुए ट्रक को तेज रफ्तार में भगा दिया। लेकिन पुलिस ने गड़ेरना मोड़ के पास ट्रक को घेर लिया। इस पर ट्रक में सवार बदमाशों कूंद कर भागे और पुलिस पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। पुलिस ने भी फायरिंग की जिसमें परवेज अख्तर (34) पुत्र अलीम अख्तर निवासी चांदापुर भोगनीपुर जिला कानपुर देहात पैर में गोली लगने से घायल हुआ जबकि मुठभेड़ में सिपाही सौरभ भी बदमाशों की गोली से घायल हो गया। पुलिस ने ऑपरेशन में शाहिद पुत्र सरीफ निवासी चंदापुर भोगनीपुर व रईश पुत्र अनीश निवासी जलालाबाद को गिरफ्तार कर लिया। ट्रक (यूपी 70 डीटी 6424) में आधा दर्जन गौवंश मृत पाए गए जबकि तीन दर्जन गौवंशों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। घटना पर अपर पुलिस अधीक्षक असीम चौधरी ने पूरी जानकारी दी। मौके पर सीओ रविन्द्र गौतम, थानाध्यक्ष माधौगढ़, एसएसआई गोकुल सिंह, चौकी इंचार्ज शशांक बाजपेयी, एसओ राजीव वैस, एसओजी प्रभारी योगेश पाठक आदि रहे।

बहिन जी के विकास के सपनों को करूंगा साकार : विजय चौधरी

- अपने जन्मदिन पर महात्मा बुद्ध, मान्यवर काशीराम व बहिन जी की तस्वीर के सामने खड़े होकर लिया आशीर्वाद

उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।

पूर्व नगर पालिकाध्यक्ष उरई विजय चौधरी ने अपने कार्यालय में हुई पत्रकार वार्ता में बताया कि वह मान्यवर कांशीराम जी व पूर्व मुख्यमंत्री बहिन मायावती उर्फ के विकास के सपनों पर खरा उतरने का हर संभव प्रयास करें। विजय चौधरी दो बार पूर्व में नगर पालिका अध्यक्ष रह चुके है। इसके इलावा जालौन-गरौठा-भोगनीपुर लोकसभा व उरई-जालौन विधानसभा से पूर्व प्रत्याशी भी रह चुके है।

नगर पालिका परिषद उरई चेयरमैन रहते हुए उरई नगर को विकास के नयी उंचाई तक पहुंचाने में विजय चौधरी की अहम भूमिका रही थी। विजय चौधरी ने कहा कि वह बहुजन मिशन के सिपाही है और बहुजन विचार समाज के हर पहलू तक पहुंचाना उनके जीवन का उद्देश्य है। बतौर विजय चौधरी कहते है कि बहुजन मिशन में सभी जातियों व सभी धर्मो का स्वागत किया जाता है।

हम सभी के विकास के प्रति प्रतिबद्ध है। आगामी नगर पालिका चुनावों पर बात करते हुऐ विजय चौधरी ने कहा अगर आरक्षण ऐसा ही रहता है और उरई नगर की जनता उनको निर्देशित करती है तो वह चुनाव लडेंगे और जनता की सेवा करेगें। अपने जन्मदिन के अवसर पर विजय चौधरी ने महात्मा बुद्ध, बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर, मान्यवर काशीराम, पूर्व मुख्यमंत्री बहिन मायावती को अपनी माता पूर्व नगर पालिका चेयरमेन गिरजा चौधरी व बड़ों का आशीर्वाद लिया।

दवा लेने गयी महिला 48 घंटे से लापता

जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज। दो दिन पूर्व घर से दवा लेने के लिए गई महिला वापस घर नहीं लौटी। पति ने महिला की गुमशुदगी की तहरीर कोतवाली में दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर महिला की तलाश शुरू की। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला तोपखाना निवासी जाबिर ने पुलिस को बताया कि उनकी पत्नी रेशमा कई दिनों से बीमार चल रही थी। तीन दिनों से वह अस्पताल में दवा लेने के लिए जा रही थी। शुक्रवार की दोपहर भी बच्चों से दवा लेने की बात कहकर घर से चली गई थी। शाम को जब वह घर लौटे तो बच्चों ने इसकी जानकारी दी। जिसके बाद उन्होंने पत्नी की तलाश शुरू की। सभी संभावित स्थानों पर रिश्तेदारी आदि में पूछताछ के बाद भी उसका कहीं कोई पता नहीं चला। पीड़ित पति ने पत्नी की बरामदगी की गुहार पुलिस से लगाई है। वहीं, पति की तहरीर पर पुलिस ने महिला की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर महिला

महोत्सव के आयोजन की तैयारियों को दिया अंतिम रूप

जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।

सांस्कृतिक धरोहर प्रचार प्रसार एवं समाज सुधार समिति की बैठक 21 फुट हनुमान मंदिर के सामने हुई। जिसमें 16वें मित्रमंडल महोत्सव के आयोजन की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। यह कार्यक्रम 19 मार्च को आयोजित होगा।

औरैया रोड स्थित 21 फुट हनुमान मंदिर के सामने सांस्कृतिक धरोहर प्रचार प्रसार समिति की बैठक रामधनी कुशवाहा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें मित्रमंडल के संयोजक सुशील मास्साब ने कहा बुंदेली संस्कृति को समर्पित कार्यक्रम एक अनोखा कार्यक्रम होगा। जिसमें बुजुर्गों को सम्मान देते हुए पुरखा पूजन के साथ-साथ शोभा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में बुंदेली संस्कृति संरक्षण का प्रयास किया जाएगा। जिसमें दिल-दिल घोड़ी, एचक ताना, मौरबीन, बैंड, ढोल बैंड, दिवारी नृत्य, धनुषदारी, सजी बैलगाड़ी, स्वांग, अचरी, भजन, बुंदेली गारी, बना, फाग, धनुषयज्ञ लीला, ख्वाजा की चादर, बांसुरी बादन, रमतूला, फुलबाद, झांकी, घरनीम तरा बाजे, नगड़िया आदि का प्रदर्शन नगर व क्षेत्र के लोगों को देखने को मिलेगा। कार्यक्रम में जनपद के 108 जीवंत पुरखा पूजन में सभी जाति समाज के पुरखो का पूजन एवं उन्हें सम्मानित किया जाएगा। 19 मार्च को आयोजित होने वाले उक्त कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर अंतिम रूप दिया जा रहा है। बैठक का संचालन राजकुमार मिझौना ने किया। बैठक में रविंद्रनाथ शर्मा, जाहिदउल्ला अंसारी, अनुरोध लौना ,राजा भईया दोहरे, कासिम, सुरेश भगत, घनश्याम वर्मा, गिरजा शंकर, जकी रहबर, उमा शंकर, अंचल कुशवाहा, अजय, दिनेश आचार्य, रामबाबू प्रधान, कमाल मास्टर, इरशाद फौजी, डॉ. प्रेमनारायण जगनेवा, संतोष फौजी, मनमोहन, प्रहलाद आचार्य, वीरेंद्र आचार्य आदि मौजूद रहे।

यमुना पुल से छलांग लगा रहे युवक की राहगीरों ने बचाई जान

कुठौंद (जालौन), समृद्धि न्यूज।

थाना क्षेत्र में यमुना पुल पर आत्मदाह करने का प्रयास कर रहे युवक को राहगीरों ने पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। कुठौद थाना क्षेत्र की शंकरपुर चौकी क्षेत्र मे स्थित शेरगढ़ घाट सीमा जनपद औरैया में रविवार सुबह यमुना पुल पर छलांग लगा रहे एक युवक को राहगीरों ने देखा तो आनन-फानन में उसे पकड़ लिया। जिसका हाई वोल्टेज ड्रामा को देख अन्य राहगीर भी मौके पर जमा हो गए, और उसे समझाने का प्रयास करते रहे। राहगीर शिवम ने बताया कि युवक नशे में धुत था और रेलिंग के दूसरे छोर पर लटका था। जिसे निकलने को कहा तो वह कहने लगा हमें मरना है हमें छोड़ दो। जिसने अपनी पहचान के तौर पर शर्ट में आधार कार्ड और पैन कार्ड पुल पर रख दिया था। जिसमें नाम मोहित पुत्र बदन सिंह निवासी ग्राम तालिग्राम जनपद कन्नौज था। सूचना पर पहुंची औरैया जनपद की चीता मोबाइल पुलिस ने युवक को बाहर निकाला। जिससे पूंछतांछ की तो उसने बताया कि वह किसी युवती से प्यार करता है और घरवाले शादी करने से इंकार कर रहे हैं। इससे पहले भी मरने का प्रयास किया था। जिसमें उसका पैर फैक्चर हो गया था।

समस्त पेंशनरों की लड़ाई लड़ी जाएगी : उमाकांत मिश्रा

सीतापुर, समृद्धि न्यूज।

अखिल भारतीय बी.एस.एन.एल के पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन मंडल शाखा सीतापुर का वार्षिक अधिवेशन एस एन मिश्रा सेवानिवृत्त की अध्यक्षता में सिविल लाइन के विवेकानंद पब्लिक स्कूल में संपन्न हुआ जिस कार्यक्रम में लखनऊ से पधारे जे.एन. दुबे परिमंडल सचिव ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सीतापुर के सभी पेंशनर्स का मैं आभार प्रकट करता हूं और जिन लोगों को मेरी जरूरत होगी हर समय मैं उनका साथ दूंगा चाहे सीतापुर से लखनऊ तथा दिल्ली तक मुझे पेंशनरों की लड़ाई क्यों न लड़नी पड़े। वही सचिव उमाकांत मिश्रा ने आए हुए लोगों का स्वागत एवं अभिनंदन किया तथा कार्यक्रम का भी संचालन किया जिसमें उन्होंने कहा पेंशनर्स विभाग से निकल कर आता है और उसके बाद उसका कोई आय का सहारा नहीं होता है उसके बाद भी उसे अपनी लड़ाई स्वयं करनी पड़ती है इसलिए संगठन में आए हुए समस्त पेंशनरों की लड़ाई लड़ी जाएगी चाहे किसी भी अधिकारी के खिलाफ आवाज क्यों न उठानी पड़े जिसमे आए हुए लोगों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए वही जिला कार्यकारिणी का भी चयन किया गया जिसमें जिला अध्यक्ष एस.एन.मिश्रा जिला उपाध्यक्ष राम प्रकाश वर्मा मोहम्मद यूसुफ तेज नारायण वर्मा जिला सचिव उमाकांत मिश्रा सहायक जिला सचिव जय नाथ वर्मा रहमत अली निसार मेहंदी देवेंद्र कुमार पाठक राम कुमार जिला कोषाध्यक्ष लेख राम वर्मा सहायक जिला कोषाध्यक्ष रामनाथ वर्मा संगठन मंत्री साबित खान राधेश्याम शुक्ला हबीब अहमद खान दुलारे लाल लेखा परीक्षक राघवेंद्र पाल बघेल जिला कार्यकारिणी सदस्य बेचेलाल प्रताप सिंह रईस अहमद निजामुद्दीन अतीकुल हसन रामअवतार का सर्वसम्मति से चयन किया गया।

नगर में बदलाव के लिए बुलन्द की आवाज

बिसवां सीतापुर, समृद्धि न्यूज।

नगर को स्वच्छ सुंदर और सुदृढ़ बनाने को लेकर संकल्पित विभिन्न सामाजिक संगठनों और सैकड़ो नगरवासियों ने समाजसेवी एवं भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला प्रभारी मोहित जायसवाल के नेतृत्व में कस्बे में एक विशाल परिवर्तन विकास मशाल यात्रा निकाली और नगर में बदलाव के लिए आवाज बुलन्द की। यह यात्रा मोहल्ला मंगरहिया बाजार तिराहे से प्रारम्भ होकर हजीरा रोड, रायगंज चौराहा, सब्जीमंडी, बड़ा चौराहा, पोस्टर चौराहा, बिसवां नगर पालिका तिराहा पहुचीं और वापस बड़े चौराहे पर पंहुचकर एक जनसभा मे परिवर्तित हो गयी। परिवर्तन विकास यात्रा के दौरान सैकड़ो की तादाद में लोग हाथों में जलती हुई मशाल लेकर भारत माता की जय और वन्दे मातरम के जयकारे लगाते डीजे पर देश भक्ति की धुन में नगर में अपनी परिवर्तन की आवाज बुलंद कर रहे थे। इस मौके पर एक विशाल हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया जिसमें हजारों की तादाद में लोगो ने नगर पालिका की गरिमामयी कुर्सी में परिवर्तन के समर्थन में बुकलेट्स और एक बैनर पर अपने हस्ताक्षर किये। इस मौके पर पीयूष शर्मा, विपिन बिहारी वर्मा, मनोज वर्मा, सुरजीत सिंह रिंकल, लकी श्रीवास्तव, सादिक, मोहम्मद चांद, फहीम, जुगनू मेहरोत्रा, अनस, अनुपम जायसवाल, ,राजेश सिंह,विजय निगम,अंकित बंसल,गुड्डू गुप्ता, प्रभात अग्रवाल,मनु गुप्ता,संदीप मौर्य अध्यक्ष रिक्शा एसोसिएशन, मेहंदी हसन,रोहित बल्ला,पीयूष मौया समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

पत्नी व दो बच्चों समेत खुद को लगाई आग, मौत

कमरे में एक ही बेड पर मिला चारों का शव, रात में सब्जी विक्रेता का पत्नी से हुआ था झगड़ा

गोला गोरखपुर, समृद्धि न्यूज़

इंद्रबहादुर चांदनी आर्यन

गोला थाना क्षेत्र के देवकली गांव में शनिवार की देर रात सब्जी विक्रेता, उसकी पत्नी व दो बच्चों की जलने से मौत हो गई। रविवार सुबह कमरे से धुआं उठता देख आसपास के लोग दरवाजा तोड़ कर अंदर गए तो चारो का शव एक ही बेड पर पड़ा था। सूचना पर पहुची पुलिस जांच में जुट गई है। पुलिस ने चारों शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गांव के लोग पारिवारिक कलह की बात कर रहे हैं। इस हृदयविदारक घटना से पूरे गांव में कोहराम मच गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 42 वर्षीय इंद्र बहादुर मौर्य गोपाल पुर बाजार में सब्जी की दुकान चलाते थे ।गांव के लोगों का कहना है, कि मृतक जुए व शराब का आदी था जिसको लेकर उसकी पत्नी के साथ उसका अक्सर विवाद होता रहता था। रविवार की सुबह उनके घर से धुंआ निकल रहा था। अगल बगल के लोगों ने फाटक तोड़कर देखा तो इंद्र बहादुर, उनकी 38 वर्षीय पत्नी सुशीला देवी, 10 वर्षीय पुत्री चांदनी और 8 वर्षीय पुत्र आर्यन का जला हुआ शव एक ही बेड पर पड़ा था। महिला के शरीर पर कई जगह कटने का निशान मिला।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कमरे को देखकर यह लग रहा था कि आग लगने के पूर्व संघर्ष भी हुआ है। कमरे से मिट्टी के तेल की बदबू आ रही थी। हालांकि पुलिस मामले की जांच कर रही है। आईजी गोरखपुर परीक्षेत्र गोरखपुर जे रविंदर गौड वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ गौरव ग्रोवर डीएम कृष्ण करुणेश पुलिस अधीक्षक दक्षिणी अरुण कुमार सिंह एसडीएम रोहित कुमार मौर्य ,तहसीलदार गोला व क्षेत्राधिकारी गोला जगत नारायण घटना की सूचना प्राप्त होते ही घटनास्थल पर पहुंचकर मौका निरीक्षण किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ गौरव ग्रोवर ने बताया कि मृतक के घर के बाहर काम करने वाले व्यक्तियों ने देखा कि जंगले के रास्ते धुआ निकल रहा है तब घर के पास आकर देखा गया तो अंदर से दरवाजा बंद था और बड़ी मशक्त के साथ लोगों की सहयोग से दरवाजा तोड़कर अंदर देखा गया तो सब्जी विक्रेता और उसकी पत्नी तथा दो बच्चों की लाश जल रही थी। घटनास्थल को देखने के बाद ऐसा प्रतीत होता है ,कि सब्जी विक्रेता ने पहले पत्नी और बच्चों को मौत के घाट उतारा और बाद में अपने उपर केरोसीन का,तेल छिड़क कर घटना को अंजाम दिया है।

भाजपा कार्यालय में आयोजित हुई महानगर कार्यसमिति की बैठक

अयोध्या, समृद्धि न्यूज़

भारतीय जनता पार्टी महानगर कार्यसमिति की बैठक रविवार को सविल लाईन स्थित पार्टी कार्यालय पर आयोजित की गयी।बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा की गयी।बैठक का तीन सत्रों में समापन हुआ।इसमें राजनैतिक प्रस्ताव डा राकेश मणि त्रिपाठी ने प्रस्तुत किया जिसका अनुमोदन महानगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा व समर्थन अरविंद के द्वारा किया गया।बैठक का उद्घाटन दीप प्रज्जवलन के माध्यम से किया गया।जिला प्रभारी पद्मसेन चौधरी ने कहा कि केन्द्र प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों की वजह से जनता में खुशी का माहौल है।सरकार की योजनाएं गरीबों,मजदूरों व किसानों को विकास के प्रति समर्पित है। राष्ट्रहित सर्वोपरि की परिकल्पना को अपार जनसमर्थन मिल रहा है।पदाधिकारी व कार्यकर्ता सम्पर्क व संवाद की नीति के तहत लगातार जनता के बीच अपनी उपस्थिति दर्ज करते रहे। महापौर ऋषिकेश उपाध्याय ने कहा कि विश्व की सर्वोत्तम नगरी अयोध्या को बनाना सरकार की प्राथमिकताओं में है।श्रद्धालुओं की अपेक्षानुरुप रामनगरी का विकास किया जा रहा है।जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह ने कहा कि गांवो के बेहतर परिवाहन सुविधा के द्वारा मुख्यमार्गो से जोड़ा जा रहा है।परिवाहन सुविधा अच्छी होने से रोजगार सृजन होगा जिसका लाभ ग्रामीणों व किसानों को मिलेगा। विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि हम सबका साथ सबका विकास के पथ पर चलते हुए सबका विश्वास हासिल करने के लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ रहे है। इसमें सबका विश्वास समाहित है। प्रस्तावना प्रस्ताव महानगर अध्यक्ष ने दिया।

चिकित्सा शिविर में 106 मरीजों को दिया परामर्श

मसौली बाराबंकी। यासमीन पाली क्लिनिक बाराबंकी के तत्वाधान में रविवार को ग्राम पंचायत बड़ागांव के पंचायत भवन में एक दिवसीय स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया स्वास्थ्य शिविर में 106 ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जाँच कर उचित परामर्श दिया गया। निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का उदघाटन करते हुए ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नूर मोहम्मद ने कहा कि स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से खासकर ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को काफी मदद मिलती। वरिष्ठ फिजिशियन डॉ0 एहसान ने ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जाँच करते हुए कहा कि सर्दियों का मौसम स्वास्थ्य के लिए उत्तम है, लेकिन हृदय रोगियों को सावधान रहने की जरूरत है। महिला चिकित्सक डॉ0 तब्बसुम कौसर ने महिलाओं के स्वास्थ्य की जाँच परामर्श देते हुए दवाएं दी।

अनुकरणीय व प्रेरणास्त्रोत है संत रविदास का जीवन दर्शन : विमल

अयोध्या। संत शिरोमणि संत रविदास का जीवन दर्शन आज भी संपूर्ण मानव समाज के लिए अनुकरणीय एवं प्रेरणा स्रोत है क्योंकि उन्होंने आजीवन समानता की बात कही थी।उन्होंने ऐसे राज्य की परिकल्पना की थी,जहां सबको समानता की जिंदगी जीने का अवसर मिले लेकिन आज भी समाज का एक बड़ा तबका अपने हक अधिकार मान सम्मान स्वाभिमान के लिए संघर्ष कर रहा है।देश एवं प्रदेश में सरकार चलाने वाले लोग संत गुरु महापुरुष के सामने नतमस्तक तो होते हैं लेकिन उनके बताए हुए रास्ते पर नहीं चलते हैं जिससे आज देश में समानता नहीं बन पा रहा है हमें संत शिरोमणि रविदास जी के दिए गए उपदेशों का आत्मसात करते हुए अपने जीवन में उसे उतारना होगा तभी देश वा समाज का विकास संभव है। उक्त उद्गार रविवार को अनुसूचित जाति जनजाति विकास समिति गोसाईगंज के तत्वाधान में डॉ अंबेडकर पुस्तकालय सभागार भीम नगर अंकारी पुर में संत शिरोमणि रविदास जी के 646वें जयंती के अवसर पर आयोजित विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए बहुजन समाज पार्टी अयोध्या मंडल के मुख्य जोन इंचार्ज दिलीप कुमार विमल ने कही।

63 वर्षीय व्यक्ति ने 24 वर्षीय महिला से रचाई शादी

हैदरगढ़ बाराबंकी। 63 वर्षीय नकछेद यादव ने 24 वर्षीय नन्दिनी यादव से रचायी शादी कमख्या मन्दिर मे वैदिक मन्त्रोच्चारण के बीच अग्नि के साथ फेरे लेते हुए एक दूसरे का हाथ थामा। शादी रस्म के पूरी होने के बाद खूब नाच गाना हुआ जिसमे दूल्हा नकछेद यादव भी खुशी से नाचने लगे। सुबेहा थाना क्षेत्र के अन्तर्गत नकछेद यादव जिनकी उम्र 63 वर्ष है पत्नी की मृत्यु हो चुकी है जिनकी छह पुत्रिया है जिनकी शादी हो चुकी है पत्नी की मौत के बाद घर मे अकेले रहते थे इसी अकेलापन को दूर करने के लिये दूसरी शादी रचा ली।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं का विरोध प्रदर्शन आज

सोनभद्र। यूपी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खाबरी पूर्व सांसद के आह्वान पर कांग्रेस कार्यकर्ता जीवन बीमा निगम एवम भारतीय स्टेट बैंक के कार्यालय के सामने 6 फरवरी को जिला स्तरीय विरोध प्रदर्शन करेंगे। उक्त आशय की जानकारी देते हुए प्रवक्ता शत्रुंजय मिश्रा ने कहा की कांग्रेस पार्टी एलआईसी, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंको और वित्तीय संस्थानों द्वारा बाजार मूल्य खोने वाली कंपनियों में करोड़ों भारतीयों की गाढ़ी कमाई को खतरे में डालने के मुद्दे पर चर्चा शुरू करने के लिए संसद में लड़ रही है। आम भारतीयों की कीमत अपने करीबी दोस्तों और चुनिंदा अरबपतियों को फायदा पहुंचाने की मोदी सरकार की नीतियों से पूरा देश खासकर माध्यम वर्ग चिंतित है।मोदी सरकार द्वारा अदानी समूह में एलआईसी और एसबीआई जैसे सरकारी संस्थाओ के बेहद जोखिम भरे लेने देन और निवेश ने भारत के निवेशकों एलआईसी के 29 करोड़ पालिसी धारको और एसबीआई के 45 करोड़ खाताधारको पर प्रतिकूल प्रभाव डाला है।

सेन्ट्रल एकेडमी में आज ग्रेन्ड पैरेन्ट्स-डे और वार्षिक उत्सव मनाया गया

बाराबंकी। सेंट्रल एकेडमी विद्यालय में रविवार को 'ग्रेन्ड पैरेन्ट्स डे और वार्षिक उत्सव बहुत ही हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया, जिसमें विद्यालय के नन्हे-मुन्नों के दादा-दादी, नाना-नानी सादर आमंत्रित थे। विद्यालय के डायरेक्टर हरीश पाण्डे, प्रशासिका बीना पाण्डे, एवं प्रधानाचार्य विधान तिवारी ने आगन्तुक अतिथियों को पुष्पगुच्छ भेंट करके उनका स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि राज्यमंत्री सतीश चन्द्र शर्मा विशिष्ट अतिथि जिला विद्लाय निरीक्षक ओ0पी0 त्रिपाठी, पत्रकार के0पी0 तिवारी, प्राचार्य रामनगर पी0जी0 कालेज, के0वी0 मिश्रा सेन्ट्रल एकेडमी विद्लाय की अन्य शाखाओं की प्रधानाचार्या व विद्यालय के प्रधानाचार्य विधान तिवारी के दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ। गंगा-जमुनी भारतीय संस्कृति को बिखेरता हुआ ग्रेन्ड फिनाले संगीत-नृत्य ने सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया और सभी अपने-अपने त्योहारों के रंग में रंग गए। आए हुए अतिथियों ने समस्त कार्यक्रमों की सराहना की तथा बच्चों का उत्साह वर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और समस्त विद्यालय स्टॉफ का धन्यवाद किया। इस अवसर विद्यालय के प्रबन्धक विजय चतुर्वेदी, रूपेश मिश्रा जी एवं सेन्ट्रल एकेडमी विद्यालय का समस्त स्टॉफ उपस्थित था।

मस्करा इंटर कॉलेज में सांसद खेल स्पर्धा महाकुंभ का हुआ आयोजन

सहजनवा गोरखपुर। सांसद खेल स्पर्धा महाकुंभ का आयोजन मस्करा इंटर कॉलेज सहजनवा जनपद गोरखपुर में हुआ। जिसकी अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष श्री नरेन्द्र शुक्ला ने किया एवं संचालन गौरव गुप्ता सांसद प्रतिनिधि सहजनवा ने किया द्य इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गोरखपुर क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष एवं विधान परिषद सदस्य श्री डॉ धर्मेंद्र सिंह स्थानीय विधायक श्री प्रदीप शुक्ला , जिलाध्यक्ष श्री युधिष्ठिर सिंह , सांसद प्रतिनिधि श्री समरेंद्र विक्रम सिंह , ब्लॉक प्रमुख श्री दिलीप यादव, पूर्व विधायक श्री जी एम सिंह , चेयरमैन प्रतिनिधि नागेंद्र सिंह , श्री शिवचरण जी , धर्मराज गोंड, गोपाल गुप्ता जी, रामप्रताप सिंह, रामप्रकाश यादव, विनय गुप्ता, राम बुझारत पासवान, मनोज गुप्ता, सूर्यनाथ विश्वकर्मा, मनोज सिंह, हिमांशु सिंह, सुनील निगम इत्यादि की गरिमामई उपस्थिति में संपन्न हुआ। खेल विधा में वॉलीबॉल, कुश्ती और खो खो का आयोजन किया गया। वॉलीबॉल में औजी की टीम ने शानदार खेल दिखाते हुए भडसार की टीम को हराया।

सुबेहा में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई संत रविदास की जयंती

सुबेहा बाराबकी। नगर पंचायत सुबेहा कस्बा स्थित हसनपुर वार्ड में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी संत शिरोमणि रविदास जी महाराज का 642 वां जन्मोत्सव बडे ही हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबेहा थानाध्यक्ष सन्जीत कुमार सोनकर ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम में क्षेत्र के लोगों ने हजारों की संख्या में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। संत शिरोमणि रविदास जी महाराज सेवा संस्थान के अध्यक्ष जगदीश प्रसाद गौतम की अगुवाई में गाजे बाजे के साथ उनकी झांकी निकाल कर नगर का भ्रमण किया गया । सर्वप्रथम झांकी हसन पुर वार्ड से शुरू हुई जो सुबेहा थाना परिसर से होकर पूर्वटोला शनिबाजार से होते हुए महतेली मोहल्ला सहित नगर का भ्रमण करते हुए पुनः हसनपुर वापस पहुंच कर एक सभा में तब्दील हो गई। इस दौरान नौजवान बच्चो व महिलाओ मे काफी उत्साह देखा गया।

संत रविदास से बड़ा कोई राष्ट्रवादी संत नहीं : सांसद उपेन्द्र

बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़

- देश मे राष्ट्रीय एकीकरण के लिए रविदास व डॉ अंबेडकर सदैव पूजे जाएंगे: उपेन्द्र
- धूमधाम से मनाई गई संत रविदास जयंती

समाज सेवा संस्थान द्वारा डॉ अंबेडकर छात्रावास में सन्त शिरोमणि गुरु रविदास जी की जयन्ती बड़ी धूमधाम से मनाई गई। जयंती समारोह में चित्र प्रदर्शनी, छात्र छात्राओं की चार्ट प्रतियोगिता और गुरु रविदास एवं उनका सामाजिक दर्शन विषय पर विचार गोष्ठी व भंडारे का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी और चार्ट प्रतियोगिता और गोष्ठी का शुभारंभ राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने रविदास मंदिर में गुरु की पूजा अर्चना करके किया गया। इस अवसर पर राज्यमंत्री ने कहा कि गुरु रविदास जी ने भटके समाज को राह दिखाई है। उनके आध्यात्मिक दर्शन ने धर्म-कर्म की दिशा बदली है। जयन्ती समारोह में सांसद उपेंद्र सिंह रावत ने रविदास जी व डॉ अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पार्चन करते हुए कहा कि सरकार राष्ट्रीय एकीकरण के तमाम कार्यक्रम चलाती है फिर भी समाज मे ऊंच नीच जाति सम्प्रदाय की खाई बनी हुई है। समाज मे उस समय, जब शोषण और विषमता की पराकाष्ठा थी, जातीय दंश से पीड़ित लोग धर्म से पलायन कर रहे थे, संत रविदास ने उस समय आध्यात्म और धर्म को एक नई दिशा दी। राष्ट्र में लोगों का एकीकरण किया। ऐसे राष्ट्र संत की वाणी आज के समय मे और प्रासंगिक है। उन्हें हर समाज को पूजना पड़ेगा। सांसद ने कहा कि संत रविदास और डॉ अंबेडकर से बड़ा कोई राष्ट्रवादी महापुरुष नही हुआ है। अध्यक्षता करते हुए आयोजक पूर्व सांसद आनंद प्रकाश गौतम ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सभी अतिथियों को को स्मृति चिन्ह के साथ सम्मानित गया। चित्रकला प्रतियोगिता के संयोजक रणविजय व रवि धीमान को विशेष सम्मान दिया गया। प्रतियोगिता में महक भारती प्रथम, प्रतिज्ञा भारती , लक्ष्मी शर्मा द्वितीय, जागृति सिंह तृतीय, रहीं। जयंती समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत, सदर विधायक धर्मराज यादव, पूर्व विधायक शिवकरन सिंह, पूर्व विधायक रतन लाल राव, जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेन्द्र वर्मा, पूर्व प्रमुख सुरेंद्र वर्मा, हफ़ीज अयाज़ पूर्व जिलाध्यक्ष सपा, हुमायूँ नईम खां एडवोकेट, प्रेम नरायन शुक्ला , अधिवक्ता अनूप कल्याणी, राजकुमार वर्मा, अधिवक्ता व पूर्व जिलाध्यक्ष बसपा सुरेशचंद्र गौतम, समाजसेवी रत्नेश कुमार, ईश्वर प्रसाद अमरेश बहादुर, मनीष कनौजिया, सुंदर लाल भारती रामपाल भारती, अवधेश वर्मा आरपी गौतम, कमलेश कुमार गौतम, एमडी आनन्द ने भी विचार व्यक्त किये।

संत रविदास जयंती पर निकाली गई भव्य शोभायात्रा

बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़

हर वर्ष की भांति सन्त शिरोमणि गुरू रविदास जी के जन्मोत्सव पर वरिष्ठ भाजपा नेता रमेश चन्द्र कुरील के निवास मोहल्ला कानून गोयान निकट मुड़कटी देवी मन्दिर से गाजे-बाजे के साथ एक भव्य शोभा यात्रा निकाली गई जिसमें मोहल्ला आजाद नगर, पैसार, सिद्धार्थ नगर, फतहाबाद व गौढ़ी पीरबटावन से सन्त रविदास के जीवन पर आधारित तरह-तरह की झाँकिया शामिल हुई जो आकर्षण का केन्द्र रही। शोभा यात्रा की अगुवाई रमेश चन्द्र कुरील ने की। शोभा यात्रा में लाल रंग की चुनरी डाले श्रद्धालु ढोल मंजीरो से गुणगान करते आगे चल रहे थे। बैण्ड बाजे की धुन पर थिरकते बच्चे आगे बढ़ते रहे। भारी संख्या में बौद्ध भिक्षु, महिलाए, पुरूष व अन्य समाज के लोग शोभा यात्रा में शामिल हुए। शोभा यात्रा के दौरान पुष्प वर्षा से वातावरण महक उठा और मार्ग पंखुड़ियों से पट गया। मार्ग में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, सिक्ख समुदाय व अन्य संगठनों द्वारा सन्त रविदास के चित्र पर माल्यार्पण कर शोभा यात्रा का स्वागत किया गया। स्वागत करने वालो में प्रमुख रूप से जिला महामंत्री भाजपा अरविन्द मौर्य, पंकज गुप्ता ''पंकी'', पूर्व जिलाध्यक्ष संतोष सिंह, सभासद आलोक वर्मा, प्रणय श्रीवास्तव, अभिषेक वर्मा, पंकज गौतम, प्रभात कुमार वर्मा, आशीष सिंह आदि रहें। शोभा यात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई मोहल्ला पैसार, सिद्धार्थनगर में सभा के रूप में परिवर्तित हो गई।

महीयशी नेपुरी देवी सम्मान से सम्मानित किए गए डॉ लवकुश प्रजापति

दुद्धी, सोनभद्र, समृद्धि न्यूज़

प्रख्यात चिकित्सक एवं समाजसेवी पर्यावरण चिंतक कवि साहित्यकार एवं प्रसाद कुंवर सेवा सदन हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर के प्रबंध निदेशक डॉक्टर लवकुश प्रजापति को 4 फरवरी को लिलासी कला में आयोजित कवि गोष्ठी में महीयशी नेपुरी देवी स्मृति सम्मान 2023 से सम्मानित किया गया।क्षेत्र के गौरवमई सम्मान से सम्मानित होने पर लवकुश प्रजापति को ढेर सारी शुभकामनाएं और बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। यह सम्मान कवि गोष्ठी के दौरान 4 फरवरी को रात्रि में दर्जनों साहित्यकारों कवियों और सैकड़ों क्षेत्र वासियों की मौजूदगी में यह सम्मान से सम्मानित किया गया। राजा चंडोल बनवासी सेवा समिति के संरक्षक द्वारिका प्रसाद के द्वारा डॉक्टर प्रजापति को स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। वही संस्था के प्रबंधक डॉक्टर लखन राम जंगली ने क्षेत्र के प्रतिष्ठित चिकित्सक, साहित्यकार, समाजसेवी, पर्यावरणविद बहु- आयामी व्यक्तित्व के धनी पूर्व क्षेत्रपंचायत प्रमुख व दीनदयाल विचार मंच के अध्यक्ष डॉ लवकुश प्रजापति को सांस्कृतिक व धार्मिक क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए द्वितीय महीयशी नेपुरी देवी स्मृति सम्मान 2023 देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि डॉक्टर प्रजापति के द्वारा कई जगह पर मंदिर बनाया गया और कन्यादान गरीबो असहाय लोगों को कंबल वस्त्र वितरण किया गया है। जो उल्लेखनीय है। संस्था के प्रबंधक राम लखन जंगली ने डॉक्टर प्रजापति को अंगवस्त्रम स्मृति चिन्ह तथा 5000 नगद एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

अज्ञात कारणों से लगी आग हजारों की गृहस्थी खाक

हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़

कोतवाली क्षेत्र के चौबीसी गांव में रविवार की सुबह एक मकान में आग लगने से हजारों रुपए का सामान,बाइक व नगदी आदि जलकर राख हो गए। गांव निवासी वकील अहमद उर्फ ननकऊ मनिहार के घर के सभी लोग रोज की तरह सुबह चूड़ी बेचने निकल गए।लगभग साढ़े दस बजे उनके मकान से अचानक धुआँ उठता दिखाई दिया।पड़ोसी कुछ समझ पाते तब तक मकान से आग की लपटें उठने लगी।मौके पर गांव वालों की भारी भीड़ जमा हो गई।इसी बीच पीड़ित परिजन भी आ गए।ग्रामीणों की सूचना पर थोड़ी ही देर में अग्निशमन कर्मी मौके पर पहुंच कर आग बुझाई।लेकिन तब तक मकान में मौजूद सारी गृहस्थी,एक अपाचे बाइक,दो गैस सेलेण्डर एवं चालीस हजार रुपए की नगदी जलकर खाक हो गई।

सेलेण्डर फटते तो हो सकता था बड़ा हादसा

आग की लपटों के बीच बाइक की टंकी फट गई।लेकिन रसोई गैस से भरे सेलेण्डर फटने से पहले दमकल कर्मी आग पर काबू पा चुके थे।ग्रामीण बताते हैं कि गैस सेलेण्डर फट जाते तो पड़ोस में भी आग लग जाती।साथ ही पटाखा बेचने वाले वकील अहमद के सगे संबंधियों के यहां एक चिंगारी से बड़ा हादसा हो सकता था।

गरीबों के मसीहा है मानवाधिकार एसोसिएशन : नरेंद्र कुशवाहा

मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज़

जय हिंद मानवाधिकार एसोसिएशन के प्रथम वर्ष पूरे होने पर जय हिंद मानवाधिकार एसोसिएशन द्वारा स्थापना दिवस मनाया गया मिर्जापुर के नारायणपुर ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम पंचायत दीक्षितपुर में पंचायत भवन में जयहिंद मानवाधिकार एसोसिएशन का वार्षिक उत्सव कार्यक्रम संपन्न हुआ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद नरेंद्र सिंह कुशवाहा उपस्थित रहे विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष फिरोज अहमद वह अहरौरा थाना प्रभारी विजय कुमार चौरसिया उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन राजू कुमार भारती कार्यक्रम का संयोजक जिला अध्यक्ष व पूर्वांचल सचिव अकील अहमद द्वारा बड़े ही मेहनत और लगन के साथ जय हिंद मानवाधिकार के कार्यक्रम को कामयाब बनाने के लिए नारायणपुर ब्लाक के दीक्षित पुर ग्राम सभा के पंचायत भवन में कार्यक्रम को किया गया कार्यक्रम का अध्यक्षता प्रदेश सचिव एजाज अहमद द्वारा किया गया कार्यक्रम में ग्राम दीक्षितपुर के ग्रामीणों को जयहिंद मानवाधिकार एसोसिएशन के 1 वर्ष पूरे होने पर उनको मानवाधिकार के अधिकार के विषय में जागरूक किया गया और गरीब बेसहारा लाचार लोगों को कमल व कुछ कपड़े देकर जय हिंद मानवाधिकार का कार्यक्रम सफल बनाया गया कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि नरेंद्र सिंह कुशवाहा द्वारा जयहिंद मानवाधिकार एसोसिएशन का लगातार कई बार से मानव जाति के बीच मानवता की बात और गरीब असहाय बेसहारा लाचार पीड़ित व प्रताड़ित आदिवासी ऐसी समाज लोगों को साथ में लेकर चलने का वह न्याय और मदत दिलाने का कार्य करने की प्रशंसा भी किया गया साथ ही साथ थाना इंचार्ज विजय चौरसिया जी भी अपनी बातों को रखा बताया जय हिंद मानवाधिकार एसोसिएशन मानव के लिए सहायता वह मदद वह सुरक्षा की बात करती है तो जयहिंद मानवाधिकार एसोसिएशन के संगठन के साथ पुलिस प्रशासन के रूप में 24 घंटे कदम से कदम मिलाकर साथ देने का कार्य करूंगा जो गरीब असहाय लोगों का मदद करेगा मैं उस संगठन के साथी के साथ चलूंगा उस संगठन के लिए स्वदेये तत्पर रहुगा जय हिंद मानवाधिकार एसोसिएशन की राष्ट्रीय अध्यक्ष फिरोज अहमद द्वारा हमेशा की तरह एक बार फिर अपने सभी तमाम पदाधिकारी गण को एक संकल्प दिलाया गया।

प्रजापति स्वाभिमान एसोसिएशन गोरखपुर के बैठक हुई संपन्न

गोरखपुर, समृद्धि न्यूज़

प्रजापति स्वाभिमान एसोशिएशन गोरखपुर की बैठक प्रदेश अध्यक्ष पूर्व सभासद चंद्र भान प्रजापति के नेतृत्व में हरी मैरिज लान में हुई।जिसकी अध्यक्षता चंद्र भान प्रजापति ने किया। बैठक में प्रजापति समाज के सामाजिक, शैक्षिक और राजनीतिक भागीदारी की चर्चा हुई। उपस्थित सभी लोगों ने गोरखपुर में प्रजापति समाज के लिए धर्मशाला के लिए जमीन लेने की बात हुई। जिसमें सभी लोगों ने सहयोग करने की बात कही। मुख्य संरक्षक चौधरी श्री राम प्रसाद प्रजापति ने कहा कि जो भी सहयोग होगा उसमें सबसे हाइएस्ट सहयोग मेरा रहेगा। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष पूर्व ग्राम प्रधान विनय कुमार प्रजापति, उपाध्यक्ष इंजीनियर सुभाष चन्द्र प्रजापति,महा मंत्री राज कुमार प्रजापति, मंत्री प्रभात प्रजापति, कोषाध्यक्ष संजय कुमार प्रजापति, मीडिया प्रभारी राधे श्याम प्रजापति पत्रकार, जिला अध्यक्ष अशरफी लाल प्रजापति, उपाध्यक्ष राधे श्याम प्रजापति प्रवक्ता, राम लखन प्रजापति, जितेन्द्र कुमार प्रजापति उपस्थित रहे।

सामाजिक उत्थान के लिए गए कई निर्णय

आज भी प्रासंगिक है गुरु रविदास की विचारधारा

अयोध्या, समृद्धि न्यूज़

गुरु रविदास पंचायती मंदिर में समारोह पूर्वक मनाई गई संत गुरु रविदास की 647वीं जयंती

रामनगरी में हनुमान कुंड स्थित गुरु रविदास पंचायती मंदिर में रविवार को संत शिरोमणि गुरु रविदास की 647वी जयंती धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस मौके पर संत गुरु रविदास पंचायती मंदिर सेवा समिति के अध्यक्ष व महंत बनवारी पति ब्रह्मचारी की अध्यक्षता तथा उप महंत संत निराला दास तथा उत्तराधिकारी महंत आचार्य अवधेश दास के एक कुशल संयोजन में इस जयंती को समारोह पूर्वक मनाया गया। जयंती समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष व मणि रामदास छावनी के महंत नृत्य गोपाल दास तथा ट्रस्ट महासचिव चंपत राय मौजूद रहे।कार्यक्रम के बारे में समिति के अध्यक्ष श्री ब्रह्मचारी ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः चार बजे से ही शुरू हो गई थी?।इस क्रम में सुबह नौ बजे विधि विधान पूर्वक पूजन व आरती,दस बजे कीर्तन,भजन व संत महंतों का प्रवचन और दोपहर एक बजे दिव्य अलौकिक ज्ञान गोष्ठी का भी आयोजन किया गया।जयंती महोत्सव में ज्ञान गोष्ठी का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा संत शिरोमणि गुरु रविदास तथा डॉ भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण,पुष्पांजलि व दीप प्रज्वलन के साथ हुई।इस दौरान सभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि गुरु रविदास की विचारधारा आज भी प्रासंगिक है।उनके बताए हुए मार्ग,ज्ञान व धर्म से आज भी अगणित लोग संतुष्ट होकर आनंदित हो रहे हैं।गुरु रविदास गुरु रामानंद के परम शिष्य थे,जो जात,पात,छुआ छूत में विश्वास नहीं रखते थे और जिनका कथन है कि जाति पाति पूछे नहीं कोई, जो हरि का भजे,सो हरि का होई।मंदिर के महंत श्री ब्रह्मचारी ने कहा कि गुरु रविदास की विचारधारा से प्रभावित होकर तत्समय के काशी नरेश वीर सिंह बघेला,गाजीपुर नरेश चंद्र प्रताप, चित्तौड़ की महारानी झाली भाई व मीराबाई आदि तमाम राजा, महाराजा,रानी व महारानी ने भी गुरु रविदास की शिष्यता ग्रहण की थी। गुरु रविदास पूरे विश्व में एक बेगमपुरा शहर बनाना चाहते थे जिसका उल्लेख सिखों के गुरु ग्रंथ साहब में भी किया गया है कि बेगमपुरा शहर कर नाऊ, दुखु अंदोहु नहि तेहि ठाऊ। कार्यक्रम का संचालन दीपचंद राही द्वारा किया गया।कार्यक्रम में देश के कई प्रांतों व जनपदों से हजारो की तादात मे शिष्य व भक्त शामिल हुए। इस क्रम मे देर रात तक प्रसाद वितरण किया जाता रहा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से संत सियाराम दास,राम अधार दास, रामसमुझ दास, सरजू दास, संत रामदास, रेखा चौधरी, रामकृष्ण मधुकर, सतीश सागर, लालचंद्र, अनिल, बजरंगी गौतम, सुभाष, रामदुलार, रामनेग, सीपी सिंह, राम पलटन, कुन्नूलाल, शांतानंद, पीसी सेन, सुधीर रंजन, महेश कुमार, दिनेश कुमार, प्रेमसागर, करमचंद जसवंत व रामप्रकाश आदि शामिल रहे। कार्यक्रम की व्यवस्था मंदिर के महंत श्री ब्रह्मचारी, संत निराला दास, अवधेश दास व गुरु रविदास छात्रावास के छात्रों द्वारा की गयी।

फायलेरिया एक गम्भीर बीमारी बचने के लिए दवा की लें खुराक

मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़

फाइलेरिया एक गंभीर बीमारी है, इसका प्रतिरोधी प्रभाव लंबे समय तक दिखाई देता है, धीरे-धीरे शरीर प्रभावित होता है और आपके मूल रूप में आने से शरीर को नुकसान पहुंचता है इसलिए आप सभी लोग दवा की खुराक अवश्य ले। उक्त बातें रविवार को पंचायत भवन बड़ागांव में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नूर मोहम्मद की अध्यक्षता में एमडीए (फाइलेरिया उन्मूलन) कार्यक्रम-2023 की सफलता को लेकर बैठक में ग्रामीणों से रूबरू होते हुए फाइलेरिया उन्मूलन के जिला समन्वयक ध्रुव मिश्रा ने कही उन्होंने कहा कि फ़ाइलेरिया क्यू लेक्स मच्छरों द्वारा जुड़ता है जो जमे हुए पानी में देता है।फाइलेरिया का इलाज डीईसी टैबलेट से किया जा सकता है। यदि किसी व्यक्ति को एक वर्ष में एक बार डीईसी और एल्बेंडाजोल की खुराक खिलायी जाए तो इस रोग पर 80 से 90 प्रतिशत तक नियंत्रण पाया जाता है। जिला समन्वयक ध्रुव मिश्रा ने आगामी 10 फरवरी से शुरू होने वाले महाअभियान में सहयोग की अपील करते हुए कहा कि 2 से 5 साल तक के बच्चों को डीईसी की एक गोली और एल्बेंडाजोल की एक गोली दी जाएगी। छह से 14 साल के बच्चे को डीईसी की दो गोली और एल्बेंडाजोल की एक गोली दी जाएगी। 15 साल से ऊपर के सभी लोगों को डीईसी की तीन गोली और एल्बेंडाजोल की एक गोली दी जाएगी।

अपर पुलिस अधीक्षक टीम को हराकर सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने जीता मैच

- एमएलए एलेवेन क्लब ने बांदा एसोसिएशन क्लब को पांच विकेट से हराया
- सदर विधायक व अपर पुलिस अधीक्षक ने फीता काट कर शुभारंभ किया

बांदा। समृद्धि न्यूज

रविवार को स्पोर्ट्स स्टेडियम में एक मैत्री क्रिकेट मैच बांदा एसोसिएशन क्लब और एमएलए क्लब के बीच खेला गया जिसमें एमएलए ने बांदा एसोसिएशन क्लब को पांच विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। पहले खेलते हुए बांदा एसोसिएशन क्लब के कप्तान अपर पुलिस अधीक्षक लक्ष्मी निवास मिश्रा ने पहले खेलते हुए 20 ओवर में 6 खोकर 134 रन बनाए। जिससे बल्लेबाज शिवप्रताप 32, शेखू 47, अपर पुलिस अधीक्षक लक्ष्मी निवास मिश्र ने 15 रनों का योगदान दिया। गेंदबाजी में सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने 1 विकेट और साफे ने 3 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए एमएलए कप्तान सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी के बल्लेबाजों ने तेज शुरुआत हुई। हालांकि बीच में धड़ाधड़ विकेट गिर चुके थे। तभी सदर विधायक द्विवेदी 15, राम मिलन 26, कमलेश 37 की शानदार पारी खेली और 16 ओवरों में पांच विकेट खोकर जीत हासिल की। गेंदबाजी में शहर कोतवाल ने 2, शेखू ने 2 विकेट लिए। अंपायर की भूमिका मनोज मिश्रा व मानस ने निभाई। डीसीए अध्यक्ष मौली भरद्वाज, विनय श्रीवास्तव, शहर कोतवाल श्यामबाबू शुक्ला, पुष्कर द्विवेदी, राहुल सिंह गुड्डू, जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील पटेल, सोनू सिंह, अनिल मिश्रा, राममिलन तिवारी, सुल्ली महाराज, अभिषेक मिश्रा, मनोज कुमार त्रिपाठी बिल्लू, कमलेश आदि मौजूद रहे।

सड़क हादसों में मां-बेटे समेत सात लोग जख्मी

बांदा/जसपुरा। अलग-अलग हुए सड़क हादसों में मां-बेटे समेत सात लोग घायल हो गए। सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। बदौसा थाना क्षेत्र के दुबरिया गांव निवासी अली शेर खान (35) पुत्र दिलशेर खां शनिवार को अपनी मां नूरजहां (55), पड़ोसी महिला पचिनिया (65) को बाइक में बैठाकर अतर्रा इलाज कराने आ रहा था। तभी बिसण्डा रोड पर बाइक के आगे अचानक कुत्ता आ गया। उसे बचाने के चक्कर में बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई, जिससे तीनो लोग घायल हो गए। सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। उधर, हमीरपुर जिले के सिकलोढ़ी गांव निवासी कल्पना (40) पत्नी हरीश दुबे अपने छोटे भाई अवधेश (34) पुत्र हरीशंकर निवासी झलोखर के साथ बाइक में बैठकर रामपुर से वापस गांव जा रहे थे, तभी चैडगरा के पास जसपुरा की तरफ से आ रही तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। इससे दोनो भाई बहन गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पाकर रिश्तेदार भी मौके पर पहुंच गए।

केसीआरवी गौतम ज्ञान स्थली में धूमधाम से मनाई गई रविदास जयंती

कुरावली । क्षेत्र के गंगापुर स्थित केसीआरवी गौतम ज्ञानस्थली में संत शिरोमणि रविदास की जयंती के मौके पर वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया । जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डीसीबी चेयरमैन फिरोजाबाद अतुल प्रताप सिंह मौजूद रहे। डीसीवी चेयरमैन अतुल प्रताप द्वारा कार्यक्रम से पूर्व ज्ञान की देवी सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित किया तथा संत शिरोमणि रविदास की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए डीसीवी चेयरमैन अतुल प्रताप ने कहा संत शिरोमणि रविदास ने अपने विचारों व रचनाओं से शोषित मानवता में आत्मसम्मान व चेतना जागृत की और श्रम की महत्ता स्थापित कर मानव जाति के कल्याण का मार्ग दिखाया था। इसी तरीके से केसीआरवी विद्यालय अपने शिक्षा के क्षेत्र में नौनिहालों को शिक्षा देकर चौमुखी विकास कर रहा है। इस मौके पर विनोद शर्मा अजय कुशवाहा सुभाष चंद्र शाक्य उदय पांडे सहित बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

खबरें एक नजर में

कार पेड़ से टकराई, महिला की मौत, छह घायल

पहाड़ी (चित्रकूट)। कार पेड़ से टकराने पर एक ही परिवार के आधा दर्जन लोग घायल हो गए। जबकि एक महिला की मौत होने से परिजनों में हाहाकार मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां एक घायल को प्रयागराज व अन्य घायलों को जिला अस्पताल भेजा गया। जहां उपचार दिया गया है। शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम कराया है। जानकारी के अनुसार जनपद बांदा के थाना विसंडा अन्तर्गत ग्राम नादनमऊ निवासी संत कुमार पुत्र गयादत्त प्राईवेट विद्यालय में शिक्षक है। निजी वाहन से एएनएम पत्नी दीपमाला (40), मां केतकी देवी (70), पुत्र सत्यम (16), संदीप (18) व भतीजी नीलम पत्नी जीतेन्द्र के साथ माघ पूर्णिमा पर गंगा स्नान करने प्रयागराज जा रहे थे। वाहन कहेटा गांव के नजदीक पहुंचा तो अनियंत्रित होकर सडक किनारे पेड़ से टकरा गया। दुर्घटना की सूचना पर थानाध्यक्ष पहाड़ी राम सिंह, सब इंस्पेक्टर रविकांत राय, सिपाही विवेकराजा, श्यामकरन, सुशील आदि के साथ मौके पर पहुंच मशक्कत के बाद गाड़ी के अंदर फंसे चालक संतकुमार समेत घायलों को बाहर निकाल कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहाड़ी भेजा। जहां दीपमाला के सिर में गंभीर चोट के चलते डाक्टरों ने प्रयागराज रेफर किया। केतकी, संदीप व संतकुमार को जिला अस्पताल भेजा है। रमन, नीलम को मामूली चोट आयी। जिनका प्राथमिक उपचार कर घर भेज दिया गया। जिला चिकित्सालय में इलाज के दौरान केतकी देवी की मृत्यु हो गई। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया।

बजट देश को आगे ले जाने वाला हैः सांसद

इटावा। पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री सांसद प्रोफ़ेसरशंकर कठेरिया ने पत्रकारों से बातचीत में कहा है कि इस बार का बजट देश को आगे ले जाने वाला है। विपक्ष के बजट के विरोध पर उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव विपक्ष के नेता है और विरोध करना वो धर्म समझते हैं। विपक्ष की एकजुटता पर सांसद ने कहा कि पिछले चुनाव में भी एक जुट हुए थे लेकिन कोई एक दूसरे पर विश्वास नहीं करता है। रामचरित मानस विवाद पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का प्रयास है कि सबका साथ सबका विकास हो।प्रेसवार्ता के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव राजपूतए महामंत्री प्रशान्त राव चौबेए पूर्व विधायक सावित्री कठेरियाए भाजपा नेता हैप्पी जैनए पंकज दीक्षितए भाजपा मीडिया प्रभारी रोहित शाक्यए सांसद के मीडिया प्रभारी अमित तिवारी मानू मौजूद रहे।

कांग्रेस का धरना प्रदर्शन आज

इटावा। कांग्रेस जिलाध्यक्ष मलखान सिंह यादव व शहर अध्यक्ष पल्लव दुबे ने समस्त कांग्रेस जनों को सूचित किया है कि 6 फरवरी को सुबह 11 बजे शास्त्री चौराहा पर एलआईसी तथा एसबीआई में गौतम अडानी द्वारा किए गए गलत शेयर घोटालों के बाद आई हिंडनबर्ग एजेंसी की रिपोर्ट को दरकिनार कर केन्द्र सरकार द्वारा अडानी के विरुद्ध कोई जांच न करनें एवं कई सरकारी उपक्रम अडानी को बेचे जाने के विरोध में कांग्रेस पार्टी धरना प्रदर्शन करेगी। समस्त जिला कांग्रेस कमेटीए शहर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियोंए ब्लाक अध्यक्षोंए वार्ड अध्यक्षों एवं फ्रंटल संगठन के सभी अध्यक्षों एवं पूर्व प्रत्याशी विधानसभाए पूर्व सांसदएविधायक पूर्व जिलाए शहर अध्यक्षए सेवादल महिला कांग्रेस युवक कांग्रेसए राष्ट्रीय छात्र संगठन सभी फ्रंटल संगठन सभी विभागों के अध्यक्ष से उक्त समय व स्थान पर पहुंचने की अपील की गई है।

यूपी मदरसा बोर्ड परीक्षा के आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ी

इटावा। यूपी मदरसा बोर्ड परीक्षा 2023 के आवेदन पत्रों की अंतिम तिथि एक बार फिर बढ़ाई गई। सेकेंड्रीए सीनियर सेकेंडरी कामिल एवं फाजिल परीक्षा वर्ष 2023 के आवेदन पत्रों को मदरसा पोर्टल पर भरने की अंतिम तिथि में संशोधन किया गया। रजिस्ट्रार मदरसा बोर्ड ने संशोधित समय सारिणी जारी की है। ऑनलाइन आवेदन पत्रों को मदरसा पोर्टल पर भरने की अंतिम तिथि अब 15 फरवरी 2023 परीक्षा शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 10 फरवरी 2023 निर्धारित की गयी। उक्त आशय की जानकारी मदरसा अरबिया क़ुरानिया के प्रधानाचार्य मौलाना तारिक़ शम्सी ने दी है।

कीमत देने के बाद भी ट्रैक्टर नाम नहीं कर रहा विक्रेता

किशनी। थाना एलाऊ के गांव नगला कूंड निवासी गुड्डू यादव पुत्र राजे यादव ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि उन्होंने एक साल पूर्व थानाक्षेत्र के गांव विक्रमपुर निवासी रामपाल पुत्र तुलाराम कठेरिया से एक ट्रेक्टर न्यू हॉलेन्ड संख्या यूपी84 एए 5524 खरीदा था। पीडित का कहना है कि वह विक्रता रामपाल को दो लाख तीस हजार नगद दे चुका है तथा फाइनेन्स के अस्सी हजार बाकी है। वह फाइनेन्स भरने को तैयार है पर रामपाल ट्रेक्टर उनके नाम ट्रान्सफर नहीं कर रहा है। आरोप है कि जब वह रामपाल से ट्रेक्टर उनके नाम करने को कहता है तो वह उनको हरिजन एक्ट में फंसाने की धमकी तथा गालीगलौज कर भगा देता है।

दलित के साथ दबंगों ने की मारपीट,पुलिस से की शिकायत

किशनी। पुष्पादेवी पत्नी संतोष कुमार जाटव निवासी छोटा कन्हूपुर ने तहरीर दी कि शनिवार की रात करीब दस बजे उनके गांव के साविरअली पुत्र मुरादअली,बुद्धू अली व रोजली पुत्रगण साविरअली ने अकारण उनके साथ जाति सूचक गालियां देते हुये मारपीट की। उनके कई जगह चोटें आगई। उनके पति घर पर नहीं थे। उनकी चीखपुकार सुनकर गांव के लोगोंने उनको बचाया। इसके बाद रविवार की सुबह भी उक्त लोग उनके घर पर आये और गालीगलौज कर मारपीट को आमादा होगये। पुलिस जांच कर रही है।

ग्राम प्रधान पर सचिव के साथ मिलकर आवासों में भ्रष्टाचार के लगाये आरोप

किशनी। लगभग हर ग्रामसभा में प्रधानमंत्री आवासों को लेकर हंगामा मचा हुआ है। आरोप हैं कि प्रधान और सचिव मिलकर अपात्रों से पैसे लेकर उनका नाम पात्रों की सूची में डलवा देते हैं जबकि वास्तविक पात्र खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हैं। ग्राम सभा ऊँचा इस्लामाबाद निवासी राजेश तिवारी पुत्र बदनलाल ने डीएम को दिये शिकायती पत्र में आरोप लगाया कि उनकी ग्रामसभा में जिन लोगों को आवास आवंटित किये गये हैं उनको पूर्व में भी लोहिया आवासों का लाभ मिल चुका है। साथ ही कई लाभार्थी ऐसे भी हैं जिनके पक्के मकान बने खडे हैं। राजेश तिवारी का आरोप है कि उनकी ग्रामसभा के प्रधान तथा ग्रामसचिव ने लाभार्थियों से पैसे लेकर उनको आवास आवंटित कराये हैं और वास्तविक गरीब व पात्र लोग दयनीय स्थिति में आसमान की ओर ताक रहे हैं। उन्होंने लिखा कि इसके पूर्व भी जब लोहिया आवासों का आवंटन किया गया था तब भी भारी भृष्टाचार किया गया था। उन्होंने प्रधानमंत्री आवासों के आवंटन की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की है।

टीम ने चखा मोटे अनाज से बने व्यंजन का स्वाद

- कामदगिरि प्रमुख द्वार के संत ने वर्ष में एक बार मोटे अनाज से विशाल भंडारा कराने का लिया संकल्प

चित्रकूट। बुंदेलखंड को ऐतिहासिक, धार्मिक व प्राकृतिक रूप से विकसित करने व गौ आधारित प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देकर समृद्ध बनाने की दिशा में लोकभारती के तत्वावधान में बुंदेली प्रकृति पर्यटन यात्रा टीम ने कामदगिरि भगवान की परिक्रमा लगाई। इसके बाद पूर्व मंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय के आवास पर सभी लोगों को बुंदेली मोटे अनाज से बने व्यंजनों का नाश्ता कराया गया। यहीं पर कामतानाथ पीठ के प्रमुख संत मदन दास महाराज की अध्यक्षता में बैठक की गई। जिसमें यह निर्णय लिया गया कि प्रत्येक जनपद के ऐतिहासिक पौराणिक स्थानों की बुकलेट तैयार की जाएगी। इसके अलावा गायय आधारित प्राकृतिक खेती के प्रोजेक्ट भी जिले में तैयार करने का निर्णय हुआ। मोटे अनाज के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए कामतानाथ प्रमुख द्वार के संत मदन गोपाल दास ने कहा कि वह वर्ष में एक बार मोटे अनाज से बने प्रसाद का विशाल भंडारा करेंगे। मंत्री सत्येंद्र भूषण सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश की तरह मध्य प्रदेश के बुंदेलखंड क्षेत्र में आने वाले जनपदों में भी पर्यटन यात्रा निकालना चाहते हैं। इस पर गोपाल भाई ने उन्हें यात्रा का प्रभारी बनाया है। तत्पश्चात विभिन्न धार्मिक स्थलों का भ्रमण कर पीएन सिंह के आयोजित भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। यहां पर समारोह आयोजित कर सभी बुंदेलखंड यात्रियों को सम्मानित किया गया। स्थानीय लोगों के साथ बैठक कर धार्मिक नगरी के सर्वांगीण विकास के बारे में विस्तृत चर्चा की। यात्रा में शामिल श्रीकृष्ण चौधरी ने बताया कि जिले के सभी ऐतिहासिक, प्राकृतिक और धार्मिक स्थलों की सूची बनाकर समग्र विकास के लिए प्रदेश और केंद्र सरकार को रिपोर्ट व प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाएगा।

कलश यात्रा के साथ शुरू विष्णु महायज्ञ एवं निर्वाण महोत्सव

इटावा। एकाक्षरानन्द आश्रम बिरारी में ब्रह्मलीन स्वामी एकक्षरानंद सरस्वती जी महाराज की पावन स्मृति में पांच दिवसीय विष्णु महायज्ञ एवं निर्वाण महोत्सव का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में पुरुष एवं महिलाओं सहित संत जनों ने भाग लिया। कलश यात्रा में अध्यक्ष स्वामी ज्योतिर्मयानंद सरस्वतीए मंत्री मेहर चंद्र चौधरीए कोषाध्यक्ष सर्वेश मिश्रा बॉबीए सदस्य गुरु शरणए शरद शुक्लाए डॉण् सुशील सम्राटए नरेंद्र तिवारीए जागृत शुक्लाए ओम प्रकाश शुक्लाए अवधेश किशोर तिवारीए अरविंद तिवारीए आदित्य मोहन शर्माए लालता प्रसादए परीक्षित ओम प्रकाश दीक्षितए गीता दीक्षित आदि शामिल हुए। महोत्सव में 6 फरवरी को मण्डप प्रवेश बेदी पूजनए देव प्रतिष्ठा यज्ञए 7 व 8 फरवरी को संत सम्मेलन व विष्णु सहस्त्रानाम स्त्रोत पाठए 9 फरवरी को सामूहिक हवन पूजनए पूर्णाहुति एवं भंडारा होगा।

किसान धरने पर बैठे

करहल। करहल तहसील के गाँव ककवाई मे खेत चर रहे बेसहारा गौवंशो को गौशाला भिजवाने की मांग को लेकर भ्रष्टाचार मिटाओ अभियान के संयोजक विवेक पाण्डेय के नेतृत्व में किसानो के साथ धरने पर बैठ गये । अभियान के संयोजक समाजसेवी विवेक पाण्डेय ने बताया कि बेसहारा गौवंशो को गौशाला भिजवाने की माँग को लेकर तहसीलदार को ज्ञापन दिया था लेकिन कोई सुनवाई नही हुई इसलिए धरना पर बैठना पड़ा है । उन्होंने कहा कि अगर गाँव ककवाई में खेत चर रहे गौवंशो को गौशाला नही भिजवाया गया तो वो सैकड़ो किसानों के साथ धरना अनसन करने पर बाध्य होंगे।प्रशासन परेशान किसानों की सुरक्षा कराने की ओर कार्यवाही करें। धरना स्थल पर किसान राकेश यादव , संतोष पाण्डेय , महेंद्र शर्मा , सुरेंद्र यादव , पप्पू यादव , महेश दुबे , रमेश दुबे , देवेंद्र शुक्ला , सुरेंद्र शुक्ला , वीरेंद्र शुक्ला , फक्कीर चन्द्र , अखिलेश यादव, राधेश्याम तिवारी , रामसेवक , अनिल यादव , भूप सिह दिवाकर आदि ग्रामीण थे।

मौला अली के जन्मदिन पर शहर में निकले जुलूस का हुआ स्वागत

इटावा। मौलाए कायनात हज़रत अली के जन्मदिन की खुशी में जुलूसे मौला अली कमेटी के बैनर तले जुलूस मौला अली शहर में बड़े ही अदबो एहतराम और खुशनुमा माहौल में परम्परागत तरीके से निकलाए जुलूस का शहर में जगह जगह गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

आयोजक नदीम वारसी राजू व सदर हाजी अजीम वारसी के नेतृत्व और हनी वारसीए दिलशाद वारसीए मुमताज़ चौधरीए डॉण् सरफ़राज वारसी आदि की सरपरस्ती में जुलूस मौला अली रामगंज इमाम बारगाह से नज़्र के बाद परपरागत तरीके से उठा। जुलूस रामगंज से झम्मन लाल करारीए रामगंज चौराहाए दरगाह वारसीए चिड़ीमारए उर्दू मोहल्लाए इस्लामिया कालेजए नोरंगबाद चौराहाए पुल कहारानए तिकोनियाए पक्की सरायेए नगर पालिका चौराहाए कोतवाली चौराहाए पचराहाए राजागंज चौराहाए तहसील चौराहाए साबित गंजए नया शहर होकर रामगंज इमाम बारगाह पर आकर समाप्त हुआ। जुलूस में मौला अली का रौजाए झांकीए अलमए जुल्फिक़ार सहित बैंड व साउंड शामिल रहे। सांउड से मौला अली की शान में कसीदे बज रहे थे। पक्की सराये स्थित इटावा पब्लिक स्कूल के पास शिया समुदाय की ओर से राहत अक़ीलए शावेज़ नक़वीए राहत हुसैन रिजवीए आतिफ एडण् राहिलए समरए जीशानए सीनूए हम्मादए शानूए शब्बर अक़ील आदि ने जुलूस मौला अली का जोशीला स्वागत कर तबर्रुक ;प्रसादद्ध वितरित किया। जुलूस में आयोजक नदीम वारसी राजूए हाजी अजीम वारसीए आले मोहम्मद बिटटूए जीशान वारसीए कलीम वारसीए मुन्ना वारसीए शकील वारसीए फैजान वारसीए वसीम वारसीए जमील वारसी ललाए शावेज़ नक़वीए वाई के शफ़ीए निहाल खानए तनवीर हसनए मोण् आक़िलए सलमान रिजवी आदि का सराहनीय योगदान रहा। सुरक्षा की दृष्टि से सिटी मजिस्ट्रेटए एसडीएम सदरए सीओ सिटी सहित पुलिस फोर्स जुलूस में तैनात रहा।

इटावा में क्रिएटिव किंगडम प्ले स्कूल का हुआ आगाज

इटावा। समृद्धि न्यूज

रविवार को क्रिएटिव किंगडम प्ले स्कूल का भव्य शुभारंभ मुख्य अतिथि श्री प्रदीप दुबे जी प्रमुख सचिव, विधान सभा, उत्तर प्रदेश व विशिष्ट अतिथि श्री प्रेम नारायन दुबे, रिटायर आई0ए0एस0, लखनऊ, द्वारा किया गया। हमारे मुख्य अतिथि श्री प्रदीप दुबे जी ने हमारे प्ले स्कूल की सुविधाओं को देखते हुए नारायन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन, इं0 हरि किशोर तिवारी की भूरी -भूरी प्रशंसा की इस स्कूल को उन्होंने क्रिएटिव तो बताया ही और यह भी कहा कि इस तरह का प्ले स्कूल आपके आसपास के जिलों में नहीं होगा, इस स्कूल से बच्चों में शिक्षा के प्रति रुचि जागरूक होगी और वे शिक्षा की तरफ और अधिक आकर्षित होंगे। हमारे विशिष्ट अतिथि प्रेम नारायण दुबे जी ने कॉलेज की भव्यता को देखते हुए स्कूल की प्रशंसा की और एक अच्छे कदम के लिए विद्यालय की डायरेक्टर श्रेता तिवारी जी को आर्शीवाद और शिक्षा के क्षेत्र में नयी उमंग के साथ कार्य करने की प्रेरणा दी। विद्यालय के चेरयमैन इंजीनियर हरि किशोर तिवारी जी द्वारा कहा गया की क्रिएटिव किंगडम प्ले स्कूल बच्चो के लिये फ्रेंच क्लासेस, वातानुकूलित क्लास रूम, क्लीन एंड हाइजीन स्कूल, इनडोर एंड आउटडोर प्ले एरिया, म्यूजिक एंड वीडियो फैसिलिटी, टॉकिंग ट्री, ऑडिटोरियम मूवीस, स्विमिंग पूल फॉर किड्स, इस तरह के अत्याधुनिक उपकरण सदैव मिलते रहेंगे, जिनसे बच्चे अपनी शिक्षा को खेल-खेल में सीख सकें और अपने शिक्षा से जुड़े रहेगें। इसी उद्देश्य से उन्होंने इस प्ले स्कूल में, सभी सुविधाओं से युक्त क्रिएटिव किंगडम का भव्य आगाज किया। विद्यालय की डायरेक्टर डॉ0 श्रेता तिवारी जी ने क्रिएटिव किंगडम के नाम का अर्थ बताते हुये कहा कि प्ले स्कूल के बच्चे रचनात्मक साम्राज्य का प्रारम्भ करेगें, क्रिएटिव किंगडम स्कूल में क्रिएटिव एक्टिविटी होने से ही बच्चों में नया विकास होगा, जो कि नया यानी कि कुछ रचनात्मक कर सकेगें उन्होंने क्रिएटिव किंगडम का नाम इसीलिए क्रिएटिव के नाम रखा है। उन्होंने यह भी कहा है कि बच्चे इस में प्रतिदिन कुछ नया ही सीखेंगे बिना किसी बैग के बोझ तले स्मार्ट क्लास वातानुकूलित युक्त क्लास बच्चे विदाउट बैग अपनी क्रिएटिव शिक्षा को ग्रहण करेंगे। प्ले स्कूल की प्रधानाचार्या साक्षी सिंह ने कहा की वह बच्चों को नए आयाम तक ले जाने के लिये सदैव कटिबध्य रहेगी। और वैदिक मैथ के मेथड को अभी से बच्चों के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने का प्रयास करूगी, उनका कहना है कि नन्हे बच्चों का बौद्धिक विकास हमारे इस प्ले स्कूल से उच्च स्तर करने का प्रयास किया जायेगा। और कुशल शिक्षकों द्वारा बच्चों को सिखाया जायेगा। इस प्रोग्राम को सफल बनाने में आयोजक डॉ0 आदेश दुबे जी रिटायर मेडिकल ऑफिसर, प्रधानाचार्य, धर्मेंद्र शर्मा, प्राचार्य योगेश कुमार दुबे, (नारायण ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन), शिवम तिवारी, अर्जुन सिंह, शैलेश कुमार, योगीराज पुरवार, चंद्र कुमार, मोहम्मद सारिफ, पुष्पेंद्र कुमार, सचिन तिवारी, सुधा दीक्षित, यादवेंद्र पाल, आदि समस्त नारायण ग्रुप के स्टाफ का भरपूर योगदान रहा।

भगवत लीलाओं की प्रस्तुति देख दर्शक भाव विभोर

बांदा। समृद्धि न्यूज

राम-जानकी महोत्सव के मंगल गायन में नामीगिरामी कलाकारों ने गागर में सागर भरने का काम किया। सुदूर क्षेत्रों से आये सुप्रसिद्ध कलाकारों ने एक ही रात में इतनी सारी भगवत लीलाएं और कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी कि दर्शक भावविभोर हो उठे। शास्त्रीय संगीत के साथ गजल, कव्वाली और सुगम संगीत ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। मुंबई और कानपुर से आये कलाकारों के गीतों पर रीझकर श्रोता अपने स्थान पर खड़े होकर थिरकने पर विवश हो गये।

पैलानी तहसील के नरी गांव स्थित मगरहा बाबा स्थान पर आयोजित एक दिवसीय रामजानकी महोत्सव में नामीगिरामी कलाकारों ने अपनी वह जबरदस्त प्रस्तुति दी कि गुलाबी ठंड वाली शनिवार की रात गुजर जाने के बाद कब सवेरा हो गया दर्शकों को अहसास भी नहीं हुआ। शास्त्रीय संगीत की प्रस्तुति से लेकर गजल, कव्वाली, भजन और सुगम संगीत पर जहां गायक कलाकारों ने अपने सुर के बाणों से दर्शकों दिल विदीर्ण कर दिये वहीं वाद्यंत्रों पर नाचती कलाकारों उंगलियों ने सबका दिल अपने वश में कर लिया। मुंबई से आये गायक कलाकार पवन तिवारी ने 'न जाने कौन से गुण पर दयानिधि रीझ जाते हैं', 'एक बार जो रघुवर की नजरों का इशारा हो जाये' एवं 'मैया तैने का ठानी मन में, राम सिया भेज दये री वन में' गीत प्रस्तुत कर वाहवाही लूटी। उधर कानपुर से आये विनय तिवारी ने सुप्रसिद्ध गायक कलाकार मन्ना डे की आवाज में 'किसने चिलमन से मारा' तथा 'तेरी गलियों का हूं आशिक' गीत प्रस्तुत किया गया। महोत्सव में अन्य गायक कलाकारों रामधनी सिंह चैहान, मुकेश द्विवेदी कानपुर, संजय कृष्ण वृंदावनधाम ने भी भजनों की प्रस्तुति देकर शमा बांध दी। संगीत वाद्ययंत्रों के माध्यम से अपनी कला का जादू चलाने वाले कलाकारों में नाल वादक दीनदयाल तिवारी, तबला वादक लक्ष्मीनारायण व अंकित पांडेय तथा आर्गन वादक चंदन, पैड वादक दीपक गुप्ता शामिल रहे। कार्यक्रम का कुशल संचालन बबलू त्रिवेदी ने किया। कार्यक्रम में संजय कृष्ण ने श्रीमद्भागवत संबंधी कुछ ऐसे विषय उठाये कि श्रोता उस भक्ति सागर में जो एक बार डूबे तो देर तक गोते लगाते रहे। उधर, गांव के लल्लूराम शुक्ल ने ग्रामीण अंचलों को श्रेष्ठता का दर्जा प्रदान करते हुए कहा कि भारत की आत्मा गांवों में ही बसती है। शहरों में तो बस लोग किसी तरह अपना जीवनयापन को मजबूर हैं। इसलिये हमें इस सोच को अपने दिमागों से निकालने की जरूरत है कि बिना शहर जाये अपना और परिवार का विकास संभव नहीं है।

महिला की हत्या की गुत्थी उलझी, नहीं हुई पहचान

बांदा। शहर कोतवाली क्षेत्र के कनवारा गांव में युवती की हत्या करने के बाद शव को जला दिया गया था। शव कनवारा गांव स्थित जंगल में पड़ा पाया गया था। पुलिस शिनाख्त कराने के लिए इधर उधर हाथ-पैर मार रही है। जबकि रविवार को पोस्टमार्टम हाउस पहुंची युवती ने शव अपनी मां का होने का दावा किया है। जबकि दूसरी बेटी ने पहचानने से इनकार कर दिया। उधर, कोतवाली प्रभारी का कहना है कि पोस्टमार्टम के बाद शव का डीएनए टेस्ट कराया जाएगा। डीएनए टेस्ट की रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

कनवारा गांव के जंगल में शनिवार की सुबह अज्ञात 25 वर्षीय युवती का अधजला शव पुलिस ने बरामद किया था। पुलिस का कहना था कि उसकी हत्या करने के बाद शव को जला दिया गया। रविवार की सुबह पोस्टमार्टम हाउस पहुंची विनीता और उसके पिता चुन्ना ने शव ऊषा (50) पत्नी चुन्ना प्रजापति निवासी शांती नगर बांदा का होने का दावा किया है। विनीता ने बताया कि वह दो बहनें हैं। छोटी बहन अनीता पत्नी संतोष के साथ उसकी मां रहती थी। वह देहात कोतवाली क्षेत्र के करहिया गांव में सफाई कर्मचारी के पद पर तैनात थी। अनीता की तबीयत खराब थी। वह मेडिकल कालेज में भर्ती थी। उसे अक्सर खाना देने के लिए आती-जाती थी। 29 जनवरी को अचानक वह घर से लापता हो गई। लोगों का कहना है कि दोपहर तक तो वह घर के आसपास दिखाई दी। इसके बाद फिर वह नहीं दिखी। मां के लापता होने के बाद परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। गुमशुदगी भी दर्ज कराई। विनीता का कहना है कि शव देखकर उसने पहचान की है। कहा कि यह शव उसकी मां का है। बताया कि मां की एक आंख गड़बड़ थी।

माघी पूर्णिमा पर्व पर हजारों श्रृद्धालुओं ने गंगा में लगाई आस्था की डुबकी

- हर-हर गंगे के उद्घघोष से गूंजा गंगा तट, जिले के सभी गंगा तटों पर भारी भीड़ के चलते सुरक्षा व्यवस्था के रहे पुख्ता इन्तजाम

कन्नौज/जलालाबाद,समृद्धि न्यूज

महादेवी गंगा घाट पर स्नान करते श्रृद्धालु व सुरक्षा व्यवस्था में तैनात पुलिस बल समृद्धि न्यूज

माघी पूर्णिमा के अवसर पर जिले के सभी गंगा तटो पर श्रृद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। महादेवी गंगा तट पर हर-हर गंगे के उद्घघोष के साथ हजारों श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। पर्व के महत्व को देखते हुए घरों से लेकर मंदिरों तक धार्मिक अनुष्ठान किए गए। पर्व के एक दिन पूर्व शनिवार की शाम से ही गंगा स्नानार्थियों का रेला महादेवी गंगा तट पर पहुंचने लगा था। गंगा स्नान के लिए आसपास जिलों से बड़ी तादात में श्रद्धालु पहुंचे। माघ पूर्णिमा की वजह से गंगा घाट पर भोर होते ही श्रद्धालुओं ने स्नान करना शुरू कर दिया। महादेवी गंगा तट पर हर-हर गंगे के उद्घघोष के साथ हजारों श्रद्धालुओं में आस्था की डुबकी लगाई। स्नान के बाद महादेवी घाट किनारे के मंदिरों में श्रृद्धालुओं द्वारा पूजा-पाठ का दौर चला। त्रिपुरचन्द शिवाला के आश्रम में मौजूद साधु-संतों को श्रद्धालुओं ने दान देकर आशीर्वाद लिया। गंगा स्नान के लिए हरदोई, कानपुर देहात, औरैया, इटावा, मैनपुरी आदि जिलों से आए लोग एक दिन पहले ही महादेवी गंगा घाट पर बने प्रतीक्षालय में रुके और भोर होते ही गंगा स्नान किया। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को मद्देनजर रखते हुए सुरक्षा के लिए प्रशासन ने खास इंतजामात किए। महिला एवं पुरुष पुलिस कर्मी जगह-जगह तैनात रहे। महादेवी घाट पर नमामि गंगे परियोजना के तहत स्टाल लगाया गया, जहां गंगा को साफ-सुथरा बनाए रखने के लिए श्रद्धालुओं को जागरूक किया गया। जलालाबाद संवाददाता के अनुसार गुगरापुर क्षेत्र के जलेसर, चियासर आदि घाटों पर आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। गंगा नदी के जलेसर घाट पर भारी भीड़ रही। रविवार तड़के से ही गंगा स्नान का सिलसिला शुरू हो गया। कड़ाके की ठंड के बीच हजारों श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। घाटों पर हर-हर गंगे के जयकारे गूंजते रहे। गंगा तट पर एकत्र हुए श्रद्धालुओं ने हर हर गंगे,जय गंगा मैया,हर हर महादेव के उदघोष के साथ गंगा में डुबकी लगाई। भक्तों ने गंगा तट पर मौजूद हनुमान जी,भोले बाबा, गंगा मैया सहित कई देवताओं के मंदिरों के दर्शन कर सन्त, महात्माओं, निर्धनों व दीन दुखियों को धन, अन्न, वस्त्र, दक्षिणा आदि देकर पुण्य कमाया। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कोतवाल रुद्र प्रताप त्रिपाठी, नौरंगपुर चौकी प्रभारी धीरेंद्र कुमार, वरुण राणा, प्रदीप मिश्रा, तुषार, निशान्त, संजीव तोमर, महिला कांस्टेबल आदि मौजूद रहे।

कारागार में जादूगर ने करतब दिखाकर कैदियों का मनमोहा

जलालाबाद,समृद्धि न्यूज़

कारागार परिसर में जादू दिखाते जादूगर देवराज व मौजूद जेल स्टाफ़

अनौगी स्थित जिला कारागार में बंदियों कर्मियों के मनोरंजन के लिए जादू का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें कारागार के सभी अधिकारी व स्टाफने जादू का आनंद लिया। प्रसिद्ध जादूगर देवराज व उनकी टीम ने जादू के करतब दिखाकर जेल प्रशासन के अधिकारियों से लेकर कैदियों का मनोरंजन किया।

जादूगरों की हाथ की सफाई के द्वारा चीजों को गायब कर देना पैसा कोल्ड ड्रिंक लोहे की छड़ बोतल में वस्तुओं को बंद कर देना मोतियों की मालाओं को जोड़ देना आदि बना देना। यह सब देखकर सभी आश्चर्यचकित हो गए मनोरंजन से भरे इस जादू के कार्यक्रम को सभी बंधुओं ने बहुत ही सराहा और आनंद लिया। इससे जेल प्रशासन द्वारा आयोजित जादू का मनोरंजन कार्यक्रम फलीभूत नजर आया। सभी अधिकारियों ने खुश होकर जादूगर को इनाम दिया। इस दौरान जेल अधीक्षक प्रमोद त्रिपाठी, कारापाल प्रदीप कुमार,उपकारा पाल रवि कुमार सिंह,कनिष्ठ सहायक पंकज कटियार समेत समस्त स्टाफ़ मौजूद रहा।

खबरें चलते-चलते

पति की जमीन बेचने से रोकने पर महिला से मारपीट कर दी धमकी

गुरसहायगंज, समृद्धि न्यूज। पति के हिस्से की जमीन बेचने का विरोध करना विवाहिता को उस समय महंगा पड़ गया जब परिवार के ही चार लोगों ने अभद्रता व मारपीट करना सिर्फ घायल कर दिया बल्कि धमकी दी थी। घटना के संबंध में पुलिस द्वारा कार्रवाई ना होने पर पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है क्षेत्र के ग्राम लखैयामऊ निवासी सुमन देवी पत्नी अनुज कनौजिया द्वारा पुलिस अधीक्षक के आदेश पर कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि ससुराली जन देवर नीलेश व बृजेश एवं ननंद सुमन व राधे श्याम उसके पति अतुल कनौजिया के हिस्से की जमीन बेचना चाहते हैं उसके द्वारा मना करने पर उक्त गणों ने उसके साथ लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी घटना के संबंध में कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई।

विवाहिता को पीटने से हुआ गर्भपात

गुरसहायगंज। समृद्धि न्यूज। अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी ना होने पर ससुरालीजनों द्वारा विवाहिता से मारपीट करने व धमकी देने सहित गर्भपात का दबाव ना मानने पर मारपीट की जिससे उसका गर्भपात हो गया घटना के संबंध में पुलिस द्वारा कार्रवाई ना होने पर पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है। क्षेत्र के ग्राम समगुरा बहादुरपुर निवासी सावित्री पत्नी शेर सिंह द्वारा पुलिस अधीक्षक के आदेश पर कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि 31 जनवरी को पड़ोसी जनपद एटा के थाना नयागांव निवासी ससुरालीजन पति शेर सिंह, ससुर ज्ञान चंद्र, सास रेनू देवी, सुदेश चचिया सास सुमन, देवर योगेश कुमार, चचेरा देवर शिवम, चचेरी ननंद रिचा ने उसे अतिरिक्त दहेज में बुलेट मोटरसाइकिल व दो लाख रुपये की मांग की। विवाहिता द्वारा असमर्थता जताने पर उक्त लोगों ने गाली-गलौज व मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी और उस पर गर्भपात करने का दवाव बनाया। विरोध करने पर पति समेत ससुरालीजनों ने उसके साथ मारपीट की, जिससे उसका गर्भपात हो गया। घटना के संबंध में कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है।

मिट्टी के विवाद में महिला को पीटा

गुरसहायगंज,समृद्धि न्यूज। मिट्टी के विवाद को लेकर महिला के साथ गांव के ही एक युवक ने अभद्रता व मारपीट कर घायल कर दिया पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम हजरत पुर निवासी तारा देवी पत्नी रघुवीर वर्मा द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि शनिवार की शाम वह अपने दरवाजे पर बैठी थी तभी गांव के ही सुरेश आए और मिट्टी के विवाद को लेकर उसके साथ गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई।

नाली के विवाद में युवक को घर में घुसकर पीटा

गुरसहायगंज,समृद्धि न्यूज। नाली के विवाद को लेकर युवक के साथ गांव के ही 2 लोगों ने अभद्रता करते हुए घर में घुस कर मारपीट कर ना सिर्फ घायल कर दिया, बल्कि धमकी भी दी है। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम सराय प्रयाग निवासी अजीत कटियार पुत्र रवीश चंद्र द्वारा कोतवाली प्रभारी को दिए गए शिकायती पत्र में कहा गया है कि रविवार कि सुबह वह अपनी दुकान पर बैठा था, तभी गांव के एक परिवार के 2 लोग आए और नाली के विवाद को लेकर उसके साथ गाली गलौज करने लगे, जिसके कारण वह भागकर अपने घर में घुस गया तो उक्त लोगों ने घर में घुसकर लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया और गोली मारने की धमकी दी। पीड़ित ने बताया कि उक्त लोगों के पास कई लाइसेंसी हथियार है, जिससे उसे व उसके परिवार को जान माल का खतरा बना रहता है। कोतवाली प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने उपनिरीक्षक हाकिम सिंह को मामले की जांच पड़ताल कर विधिक कार्यवाही करने के निर्देश दिए है।

सांसद खेल प्रतिस्पर्धा का किया जा रहा है आयोजन

कन्नौज,समृद्धि न्यूज। बोर्डिंग ग्राउंड पर एथेलेटिक्स के खेलों का आयोजन किया जाएगा। सैकड़ों प्रतिभागियों ने अपना पंजीकरण करवाया है। पिछले 15 दिन से पंजीकरण की प्रकिया चल रही थी, विभिन्न खेलों के लिए पूरी लोकसभा से सैकड़ों प्रतियोगियों ने पंजीकरण कराया है। इच्छुक खिलाड़ी ग्राउंड पर पहुँच कर भी अपना पंजीकरण करवा सकते हैं। सांसद खेल प्रतिस्पर्धा में एथेलेटिक्स के अलावा, क्रिकेट, कबड्डी, वॉलीबॉल, बैडमिंटन आदि खेलों के भी आयोजन किये जा रहे हैं।

दहेज एक्ट के दो मुकदमे दर्ज

गुरसहायगंज,समृद्धि न्यूज। दहेज की मांग पूरी ना होने पर अलग-अलग स्थानों पर ससुरालीजनों द्वारा विवाहिताओं के साथ अभद्रता व मारपीट करने सहित धमकी देने के मामले प्रकाश में आए हैं। पीड़ितों ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। नगर के मोहल्ला गांधी नगर निवासी नूर बानो पत्नी अबरार द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि उसका पति अबरार व ससुर, सास सकीना नें अतिरिक्त दहेज में एक मोटरसाइकिल व दो लाख रुपये की मांग करने लगे। जब उसने मायके वालों को बताया तो मायके पक्ष के लोगों ने अतिरिक्त दहेज देने में असमर्थता जताई। आरोप है कि दहेज की मांग पूरी न होने पर पति समेत ससुरालीजनो ने अभद्रता व मारपीट करते हुए ना सिर्फ उसे घायल कर दिया बल्कि जान से मारने की धमकी भी दी। दूसरी घटना क्षेत्र के ग्राम बिशंभरपुर तेराजाकेट निवासी कीर्ति पुत्री स्वर्गीय राजेश कुमार द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि पड़ोसी जनपद फर्रुखाबाद के थाना जहानगंज के ग्राम उस्मानपुर कंदरा निवासी पति जितेंद्र कुमार ससुर रामसिंह सास राजरानी जेठ सुखलाल सुरजीत सुखराम व सुखदेव जेठानी सुमन ममता चांदनी व निराशा देवर दीपक ने अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी ना होने पर उसके साथ गाली गलौज व मारपीट करते हुए घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी देकर घर से बेघर कर दिया पीड़ितों की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई।

मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में मरीजों को मिला उपचार

- जिले के सभी 33 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं 3 नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में लगाया गया मेला

कन्नौज/जलालाबाद, समृद्धि न्यूज

आरोग्य में मेले मौजूद डॉ माजिद अली व समस्त स्टाफ़

रविवार को जिले के सभी 33 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं 03 नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। नोडल अधिकारी आरोग्य स्वास्थ्य मेला डा. एसके सिंह एवं समस्त अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारियों द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों का भ्रमण किया गया। मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले में आने वाले रोगियों की निःशुल्क जाँच, उपचार, बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण परिवार कल्याण, हैपेटाइटिस ÷बी÷ एवं ÷सी÷ कार्ड टेस्ट, टीबी सम्भावित रोगियों की जॉच, नेत्र रोगियों का परीक्षण, गोल्डन कार्ड बनाये जाने आदि की सेवाएं प्रदान की गयी। मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेला में कुल 1523 मरीजों 674 पुरूष, 688 महिलाऐं एवं 161 बच्चों को लाभान्वित किया गया। इन पंजीकृत रोगियों में से 154 रोगियों की कोविड-19 की जॉच की गयी। आयुष्मान योजना के तहत 129 गोल्डन कार्ड बनाकर वितरित किये गये। जलालाबाद संवाददाता के अनुसार ब्लॉक क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अनौगी, जलालाबाद, जसपुरापुर में मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न रोगों से पीड़ित मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की गई। पीएचसी अन्नौगी में डॉ माजिद अली ने 30 मरीजों की जांच कर दवा वितरित की। एवं पीएचसी जलालाबाद में डॉ इफ्राक ने 32 मरीजों की जाँचकर दवा दी। सभी को निःशुल्क जांच व इलाज की सुविधा दी गई। आरोग्य मेले में आए मरीजों को डॉ माजिद अली ने स्वस्थ रहने के लिए खानपान पर ध्यान देने तथा नियमित जीवन शैली अपनाने का सुझाव दिया। उन्होंने बताया कि मेले में आए मरीजों की जांच कर दवाएं वितरित की गई। इस दौरान फार्मासिस्ट ओमकार, सीमा सचान, एलटी मोहित, चंद्रप्रकाश, रवि कुमार समेत समस्त स्टाफ़ मौजूद रहा।

नौकरी लगवाने के नाम पर डेढ़ लाख ठगे

- पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से लगाई कार्रवाई की गुहार

सौरिख,समृद्धि न्यूज

बेटे की नौकरी लगवाने का झांसा देकर ठग ने डेढ़ लाख रुपए ऐंठ लिए। नौकरी न लगने पर जब पीड़ित ने रूपए वापस मांगे तो ठग ने मारपीट गालीगलौज कर जातिसूचक शब्दों से अपमानित किया। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक से कर कार्यवाही की गुहार लगाई है।

थाना क्षेत्र के कुतुबपुर निवासी भगवानदास पुत्र गंगाप्रसाद कोरी ने पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में कहा कि वेदप्रकाश पुत्र रामराज निवासी जरारा ने बेटे की फिनोपेमेंट बैंक में नौकरी लगवाने के नाम पर तीन लाख रुपए मांगे। नौकरी के लिए गुरसहायगंज निवासी आलोक से मिलवाया डेढ़ लाख रुपए पहले और शेष डेढ़ लाख नौकरी लगने के बाद देने की बात तय हुई। भगवानदास ने डेढ़ लाख रुपए वेदप्रकाश को दे दिए। काफी समय तक नौकरी न लगने पर भगवानदास ने रूपए वापस मांगे तो वेदप्रकाश टहलाने लगा। बाद में पता चला कि यह लोग नौकरी के नाम पर तमाम लोगों को ठग चुके हैं। 22 जनवरी को भगवानदास सौरिख बाजार आया तो सब्जी मंडी में आलोक और वेदप्रकाश मिल गए और पैसे मांगने पर गालीगलौज कर जातिसूचक शब्दों से अपमानित किया। भगवानदास ने मामले की शिकायत थाना पुलिस से की, लेकिन कोई कार्यवाही नही, जिसके बाद पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर उक्त ठगों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही किए जाने की गुहार लगाई है।

मौला अली के जन्मदिन पर शरीफ मंजिल में हुआ महफिल का आयोजन

इटावा। समृद्धि न्यूज

मौलाए कायनात हज़रत अली के जन्मदिन के खुशनुमा मौके पर सैदबाड़ा स्थित शरीफ मंजिल में राहत अक़ील की ओर से महफ़िल का आयोजन किया गया।

महफ़िल में शायरे एहलेबैत ने बेहतरीन कलाम पेश किए। तसलीम रज़ा ने कहा कोई उनको शेरे खुदा जानता है कोई अपना मुश्किल कुशा जानता हैए कोई दर्दे दिल की दवा जानता है कोई अपना हाजतरवां जानता है। सलीम रज़ा ने कहा तेरह रजब की शाम अली अली करेंगेए मौला तेरे गुलाम अली अली करेंगे। तनवीर हसन ने कहा अली का नाम जपते हैं अली से प्यार करते हैंए नहीं जिसमे कोई घाटा वो कारोबार करते हैं। आबिद रज़ा ने कहा मैंने पढ़ी थी अपनी हिफाज़त के वास्तेए नादे अली ने सारा इलाका बचा लिया। सलमान रिज़वी ने कहा उतरा है जिसके दर पे सितारा वो कौन हैए कुल अम्बिया की शान अकेले अली में है। अली मेहदीए तालिब रज़ाए अहद आदि ने भी कलाम पेश किए। मौलाना अनवारुल हसन ज़ैदी इमामे जुमा इटावा ने कहा मौला अली का जन्म काबे में हुआ यह उपलब्धि किसी और को नहीं मिली। इसलिए मौला अली से मोहब्बत करने वालों का दायित्व है कि वह मस्जिद जाएं और नमाज अदा करें। अगर मौला अली से मोहब्बत करते हो तो उनके बताए रास्ते पर चलना होगा।

अली हक के साथ हैं और हक अली के साथ है। मौला अली फ़रमाते हैं जिसका एहसास जिंदा है वह बेहतरीन इंसान है। महफ़िल में अल्हाज़ कमर अब्बास नक़वीए शावेज़ नक़वीए मोण् अब्बासए राहत हुसैन रिज़वीए तहसीन रज़ाए इबाद रिजवीए अली साबिरए सैफ़ए जीशानए अयाज हुसैनए नजमुल हसनए शादाबए शानूए समर अब्बासए मुशीर हैदरए अबरार हुसैनए मोण् मियांए जहूर नक़वीए ताबिशए राहिलए मुहब्बे अलीए सफ़ीर हैदरए हसन अब्बासए शब्बर अक़ीलए रानूए आतिफ एडण्ए पिंकूए जावेदए जुनेदए सुहेलए राशिदए हम्मादए सोनूए शाजूए शहजादेए शौजब रिज़वीए मोण् अहमदए रजी हैदरए अश्शू रिजवीए शारूए मोण् सादिकए शारिबए अली सौरिखए आसिम रिजवीए आले रज़ा नक़वी सहित बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

नामजदों पर मारपीट कर दस हजार छीनने का लगाया आरोप

किशनी। शिवेन्द्र पुत्र अमित कुमार निवासी वरिहार समान ने तहरीर दी कि शुक्रवार की शाम वह पास के गांव गजपुरा ने निमंत्रण खाकर बापस लौट रहा था। आरोप है कि नैगवां तिराहे पर उसे कल्लू पुत्र रिन्कू यादव निवासी डांडेहार दो अज्ञात लोगों के साथ मिला और उसका रास्ता रोक कर उसकी जेब से दस हजार रूपये निकाल लिये।

पच्चीस हजार के इनामिया अपराधी को पुलिस ने दबोचा

कन्नौज। समृद्धि न्यूज

पुलिस गिरफ्त में अपराधी

थाना ठठिया पुलिस ने गैंगेस्टर एक्ट में वांछित 25 हजार के इनामियां बदमाश को तमंचा और कारतूसों समेत गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए बदमाश के खिलाफ पुलिस ने विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिया है।

रविवार को ठठिया थाना पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि गैंगेस्टर एक्ट में वांछित 25 हजार के इनाम से घोषित अपराधी वीर बहादुर पुत्र हुब्बालाल निवासी ग्राम खानपुर कहीं भागने की फिराक में पल्यौरा रोड़ पनेपुर्वा तिराहा के पास मौजूद है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी कमल भाटी व उप निरीक्षक हसीब अहमद, सिपाही अताउल्ला व गौरव कुमार, सुमेर और अनुज कुमार मुखबिर द्वारा बताए गए स्थान पर पहुंच और घेराबन्दी कर उक्त वांछित अपराधी को धर दबोचा। पकड़े गए अपराधी के पास से पुलिस ने एक अवैध तमंचा व कारतूस बरामद कर लिएं। थाना प्रभारी ने बताया कि उक्त अपराधी के खिलाफ थाना ठठिया में मु0अ0सं0 264/2021 धारा 147, 148, 149, 307, 323, 504, 506 भादवि व 3(1)द, 3(2) ट एससी एसटी एक्ट व मु0अ0सं0 358/2022 धारा 3 (1) गैंगेस्टर एक्ट का मामला पंजीकृत है। पुलिस ने पकड़े गए अपराधी के खिलाफ विधिक कार्यवाही कर उसे जेल भेज दिया है।

व्यापार मण्डल ने प्राचीन स्थलों के विकास को दिया ज्ञापन

राजापुर (चित्रकूट)। समृद्धि न्यूज

लोक भारती के तत्वावधान में बुन्देली प्रकृति पर्यटन यात्रा अपने अंतिम पड़ाव में तुलसी जन्मस्थली राजापुर में पहुँचकर सम्भावित पर्यटन स्थलों का जायजा लिया तथा तुलसी घाट एवं तुलसी जन्मकुटीर सहित अन्य स्थलों को पर्यटन मानचित्र में लाने के लिए उद्योग व्यापार मण्डल के जिलाउपाध्यक्ष शिवपूजन गुप्ता के नेतृत्व में नगर इकाई द्वारा सात बिन्दुओं पर एक ज्ञापन यात्रा के संयोजक को ज्ञापन सौंपा। बताते चलें कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा बुन्देलखण्ड विकास आयोग के गठन के बाद बुन्देलखण्ड के प्राचीन ऐतिहासिक स्थलों को पर्यटन केन्द्र से जोड़ने की मुहिम शुरू हो गई है। इसी क्रम में लोक भारती के तत्वावधान में बुन्देली प्रकृति पर्यटन यात्रा के संयोजक पूर्व राज्यमंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय व राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री गोपाल उपाध्याय ने बताया है कि पर्यटन स्थलों को विकसित करने के लिए तथा यात्रियों को विशेष सुविधा देने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश सरकार ने बुंदेलखंड के 6जिलों की यात्रा कर पर्यटन स्थलों को चिन्हित कर राज्य व केन्द्र सरकार को अपनी रिपोर्ट सौंपेंगे जिससे पर्यटन स्थलों को विकसित किया जा सके। इसी उद्देश्य से यात्रा के अंतिम दिन तुलसी जन्मकुटीर में पहुंचकर सन्त सिरोमणि गोस्वामी तुलसीदास जी द्वारा हस्तलिखित रामचरितमानस पीठ को माथा टेकते हुए संरक्षित व विकसित करने के लिए रिपोर्ट दी जाएगी तथा तुलसी जन्मकुटीर के यमुना तट पर उद्योग व्यापार मंडल के जिलाउपाध्यक्ष शिवपूजन गुप्ता की अगुआई में एक ज्ञापन दिया गया जिसमें 1952 में निर्मित तुलसी स्मारक, तुलसी घाट, तुलसी जन्मस्थली, प्राचीन हनुमान मंदिर, प्राचीन देवीदयाल शिवाला आदि शिवालयों तथा कस्बे में कुलदेवी के रूप में पूजे जाने वाली प्राचीन जालपा मन्दिर व मराठा कालीन निर्मित समोगर माता मंदिर तथा प्राचीन चकला हनुमान मंदिर को पर्यटन विभाग के माध्यम से विकसित करने के लिए ज्ञापन दिया गया जिसमें नगर इकाई के जुगराज केशरवानी, सतीश मिश्रा, राकेश नामदेव, भरतलाल जायसवाल आदि लोगों ने ज्ञापन सौंपा।

कस्बा में लगे सीसीटीवी कैमरा बने शोपीस

भोगांव। सुरक्षा की दृष्टि से कस्बे मे लगे सीसीटीवी कैमरे शोपीस बनकर रह गए हैं। ऐसे में कस्बा में कोई बड़ी वारदात हो जाए तो अपराधियों को शिनाख्त करना पुलिस के लिए मुश्किल हो जाएगा। जिस उद्देश्य से सीसीटीवी कैमरे लगाए थे उसका मकसद पूरा नहीं हो पा रहा है।ज्ञात हो कि कस्बा आलीपुर खेडा में अपराध और अपराधियों पर नकेल कसने के उद्देश्य से पंचायत राज विभाग द्वारा ग्राम पंचायत में कैमरे लगाए गये है। जबकि कस्बा के अत्यंत व्यस्त रोड़ मुख्य बाजार मोटा रोड़ तिराहा पर तीन कैमरे लगाए गए है जिसमे सभी कैमरे जमीन या आसमान की ओर निगहबानी कर रहे है।जब कस्बा में कोई चोरी या कोई वारदात हो जाती है तब बिजली न होने का हवाला दिया जाता है जबकि पंचायत घर पर इन्वर्टर की भी व्यवस्था है उसके बाद भी कैमरे शुचारु नही चल रहे है जबकि ग्राम पंचायत के लाखो रुपये लग कर यह व्यवस्था की गई है।कस्बा वासियों ने सीसीटीवी कैमरों की मरम्मत व शुचारु कैमरे चलाये जाने की मांग की है।

भाजपा नेता के निधन पर शोक

भोगांव। वरिष्ठ भाजपा नेता व लोकतंत्र सेनानी शिवओंकार नाथ पचौरी के निधन पर भाजपा कार्यालय पर शोकसभा का आयोजन कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।

(सम्मन-इनफिसाल मुकदमा)
न्यायालय उपजिलाधिकारी कन्नौज।
वाद संख्या-879/2021 दिनांक 20/9/2021
भगवानदीन आदि। धारा-177 उ0प्र0ग0सं0
बनाम ग्राम- सरायमारुफ
1- राजेन्द्र सिंह पुत्रगण निवासीगण निनौहा पहाड़ा परगना व तहसील
2- नरेन्द्र कुमार कामता सदर जिला-फर्रुखाबाद-
3- महेन्द्र कुमार प्रसाद हाल निवासी कपूरापुर मौजा उदैतापुर पो0 मियांगज परगना व तहसील सदर जनपद कन्नौज।
4- आनन्द कुमार पुत्रगण निवासीगण निनौहा पहाड़ा परगना व तहसील
5- विनोद कुमार विश्वनाथ सदर जनपद फर्रुखाबाद
6- श्यामदेवी पत्नी कमलेश कुमार निवासिनी ग्राम कपूरापुर मौजा उदैतापुर परगना व तहसील सदर जनपद कन्नौज।
7- श्रीमती सरिता पत्नी सुरेन्द्र कुमार निवासिनी लालपुर परगना व तहसील सदर जनपद कन्नौज।
वाजेह हो कि प्रार्थी ने आपके नाम एक नालिश बावत धारा-117 उ0प्र0ग0सं0 दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप व तारीख 24/02/2023 व वक्त प्रातः 10:00 बजे वमुकाम अदालत असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से वाफिक हो हाजिर हो, और जबाबेदही दावा करें। आपको लाजिम है कि उस रोज अगर आप हाजिर न हुए तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमुआ फैसला होगा।
आज तारीख 27/01/2023 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।
उपजिलाधिकारी (न्यायिक)
सदर, कन्नौज।

श्रद्धालुओं के पैसे चोरी करते दो महिलाओं को दबोचा

- श्रद्धालुओं की सूचना पर पहुंची महिला पुलिस ने दोनों को लिया हिरासत मे

शमशाबाद, समृद्धि न्यूज। माघ पूर्णिमा पर गंगा स्नान करने वाले श्रद्धालुओं के कपड़ों से हजारों की नगदी चोरी करने के आरोप में पुलिस ने दो महिलाओं को गिरफ्तार कर लिया।

जानकारी के अनुसार रविवार को माघ पूर्णिमा पर्व होने के कारण बड़ी संख्या में श्रद्धालु गंगा स्नान करने के लिए ढाई घाट शमसाबाद आये थे। श्रद्धालु कपड़ उतारने के बाद स्नान कर रहे थे। उसी दौरान महिला चोरों ने स्नानार्थियों के कपड़ों से नकदी तथा समान चुरा लिया। यह नजारा स्नान कर रहे स्नानार्थियों ने देख लिया तथा घटना की सूचना महिला पुलिस प्रशासन को दी गई। जिस पर महिला एसआई नीतू सिंह ने महिला पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर जाकर दोनों महिलाओं को चोरी के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। जामा तलाशी के दौरान महिलाओं के पास नगदी व सामान बरामद हुआ। पकड़ी गई महिलाओं में सुनीता पत्नी जसवंत सिंह निवासी महमदपुर थाना मेरापुर, कामिनी पत्नी अमित कुमार सिसोदिया निवासी उपरोक्त बताई गई। उधर समाचार लिखे जाने तक दोनों महिलाओं के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई जारी थी।

ढाईघाट मेले से दंपति के कपड़े लेकर उचक्के फरार

शमशाबाद (सं.)। गंगा स्नान के दौरान अज्ञात चोर पेंट लेकर फरार हो गया। पीड़ित ने अज्ञात चोरों के खिलाफ ढाई घाट पुलिस चौकी को सूचना देकर न्याय की गुहार लगायी। जानकारी के अनुसार कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बगिया मंगू लाल निवासी ध्रुव सिंह रस्तोगी पुत्र जगदीश चंद्र रस्तोगी पत्नी मीना रस्तोगी के साथ रविवार को माघ पूर्णिमा पर गंगा स्नान करने के लिए ढाई घाट शमसाबाद गया था। बताते हैं जिस वक्त दंपति अलग-अलग स्थानों पर गंगा स्नान कर रहे थे उसी दौरान गंगा तट के किनारे रखे गए कपड़ों में पेंट जिसे अज्ञात चोर लेकर फरार हो गए जब पीड़ित स्नान करने के उपरांत मौके पर पहुंचा, तो वहां पर पेंट नहीं था। पेंट की जेब में 500 रूपये की नगदी, दो सोने के टॉप्स तथा एक मोबाइल था। जिसे अज्ञात चोरों ने पार कर दिया था। पीड़ित ने काफी देर तक खोजबीन की लेकिन पता नहीं चलने पर स्थानीय पुलिस चौकी को सूचना देकर कार्यवाही की मांग की। बताते चलें कि माघ पूर्णिमा का पर्व होने के चलते घाट पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। इसी का फायदा उठाकर उचक्के दंपति के कपड़े चोरी कर ले गये।

निपुण भारत निपुण विद्यालय के अन्तर्गत गोष्ठी का हुआ आयोजन

प्रा0वि0 हुसैनपुर बांगर में गोष्ठी में प्रतिभाग करते शिक्षकगण

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज। हुसैनपुर बांगर स्थित प्राथमिक विद्यालय में निपुण भारत निपुण विद्यालय के तहत गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें पंचायत स्तर के विद्यालयों से एक-एक अध्यापकों ने प्रतिभाग किया। विकासखंड क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय हुसैनपुर बांगर में निपुण भारत निपुण विद्यालय बनाने के लिए न्याय पंचायत स्तर के सभी विद्यालयों से एक-एक अध्यापक ने गोष्ठी में प्रतिभाग किया। विद्यालय स्टाफ ने विद्यालयों को सजाया तथा छात्र-छात्राओं को अध्यापकों द्वारा निपुण भारत के टिप्स दिए। क्षेत्र के अध्यापकों ने निपुण भारत निपुण विद्यालय के लिए युद्ध स्तर पर कार्य करने की बात कही।

इस मौके पर एआरपी पंकज यादव, बलवीर सिंह, विद्यालय स्टाफ , प्रधानाध्यापक सैयद आसिफ अली, सहायक अध्यापक अनुज कुमार, सहायक अध्यापक कुमारी नेहा, सहायक अध्यापक आशीष कुमार, शिक्षामित्र अखिलेश, संजीव कुमार आदि शिक्षक मौजूद रहे।

हजरत अली के जुलूस-ए- विलादत में बही राष्ट्रवाद की धारा

- और गहरे हो गये गंगा जमुनी तहजीब के रंग
- सभी धर्मों के मानने वालों की शिरकत ने दिया एकता का पैगाम

जुलूस-ए-मौला अली में तकरीर करते मौलाना

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। नगर में मौला अली का जश्न-ए विलादत धूमधाम के साथ मनाया गया। लालदरवाजा स्थित मस्जिद वारसिया में मीलाद ए मौला का आयोजन हुआ। इसके बाद रिवाइती अंदाज में मौला अली का जुलूस शानो शौकत के साथ निकाला गया। ढोल तासो के बीच शुरु हुए मौला अली के जुलूस में सबसे आगे राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया गया। विद्वानों ने कहा कि जाति मजहब बाद में है पहले हम सब देश के नागरिक है, देश के सिपाही है, जिससे राष्ट्रीय धारा बह उठी। जुलूस के दौरान तोप से राष्ट्रीय ध्वज पर पुष्प वर्षा की गई।

जुलूस में राष्ट्रीय ध्वज के पीछे मजहबी परचम लहराते रहे। शहर काजी सैय्यद मुताहिर अली की सदारत में कार्यक्रम हुआ। जुलूस में तीन मरकजी गाड़िया, पांच घोड़े शामिल हुए। इसके अलावा सभी धर्मों के मानने वालों की शिरकत से गंगा जमुनी रंग और भी गहरा हो गया। कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष आफताब हुसैन, मौलाना सैय्यद मेराज अली जाफरी, सूफी पप्पन मियां वारसी, मौलाना फरहत अली जैदी एक गाड़ी पर रहे। पूरे कार्यक्रम में नकाबत मौलाना फरहत अली जैदी ने की। घुमना चौराहा पर सैय्यद मेराज अली जाफरी ने तकरीर करते हुए कहा कि हजरत अली इस्लाम के सबसे बड़े मुहाफिज रहे। वक्त पर हमेशा ही उन्होंने इंसानियत की हिमायत की। घुमना चौराहे पर इस्लाम चौधरी, इकलाख खां ने स्वागत किया। चौक पर डा0 अरविन्द गुप्ता, अरुण प्रकाश तिवारी ददुआ, डा0 रामकृष्ण राजपूत, ज्ञानी गुरुवचन सिंह, भाजपा नेता मुकेश गुप्ता, संजय गर्ग, सीओ प्रदीप कुमार, शहर कोतवाल विनोद कुमार शुक्ला को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। अरुण प्रकाश तिवारी ददुआ ने कहा कि हमें हजरत अली के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। पक्के पुल पर मौलाना फरहत अली जैदी ने हजरत अली के जीवन पर रोशनी डाली। उन्होंने कहा कि हजरत अली ने अपने हक को भी गरीबों में बांट दिया और लोगों की चुपचाप मदद करते रहे। इससे सीख मिलती है कि मदद छुप कर ही करनी चाहिए। चौक पर विलाल सफीकी ने कलाम पेश किया। जुलूस में इब्राहिम आबिदी, असगर अली जैदी, ईशान जैदी, रहबर आबिदी, मुदिस्सर काजिमी ने कलाम पेश किये। रकावगंज तिराहे पर शहर काजी ने तकरीर की। जुलूस पर रास्ते भर पुष्पवर्षा होती रही।

मुकेश गुप्ता ने कहा कि हिन्दू मुस्लिम एकता की मिशाल फर्रुखाबाद में हमेशा ही कायम रही है और हमेशा ही कायम रहेगी। उन्होंने कहा कि जिस तरीके से मौला अली का जन्मदिवस मनाया गया है, उसी तरीके से मिल जुलकर होली और ईद के त्यौहार भी मनाये जाते रहें। जिससे हिन्दू मुस्लिम एकता कायम बनी रही और फर्रुखाबाद का इतिहास सलामत बना रहे।

आफताब हुसैन ने जुलूस में शामिल होने वालों को धन्यवाद दिया। जुलूस थाना मऊदरवाजा के पास स्थित हजरत अब्बास की दरगाह में जाकर विराम को प्राप्त हुआ। इसके बाद कार्यक्रम हुआ। इस मौके पर मुनब्बर हुसैन, नफीस हुसैन, जाबेद हुसैन, फिरोज, इंतजार, परवेज हुसैन, तौकीर जैदी, रहबर अली, युसूफ, ताहिर, अंसार, सैफ अली आबिदी, मेराज सहित हजारों की तादात में सर्व समाज के लोग मौजूद रहे।

माघ पूर्णिमा पर भक्तों ने लगायी गंगा में डुबकी

गंगा स्नान करते भक्तगण

अमृतपुर, समृद्धि न्यूज। अमृतपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम बली पट्टी रानी गांव के गंगा तट पर श्रद्धालुओं ने महास्नान कर खुशहाल जीवन की दुआ मांगी।

पंडित राधेश्याम अवस्थी ने अध्यात्मिक कथा सुनाई। इस मौके पर भंडारे का आयोजन बली पट्टी ग्राम प्रधान पति ब्रह्म दत्त शुक्ला ने किया। जिसमें मुख्य रुप से राजेश शुक्ला, अमीन दीनबंधु शुक्ला, अमरनाथ शुक्ला, सुमित शुक्ला, सौरव शुक्ला, अमित शुक्ला, विकास शुक्ला, अजय शुक्ला, प्रशांत चतुर्वेदी, अजीत तिवारी, शेष कुमार शुक्ला, त्रिलोकी शुक्ला, पंकज शुक्ला समेत दर्जनों लोग उपस्थित रहे। भंडारे में भक्तों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। भंडारा सुबह से शुरु हुआ, जो देर रात तक चलता रहा।

खबरें चलते-चलते

संत रविदास की शोभायात्रा निकाल दिया भाईचारे का संदेश

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। समाज सुधारक संत रविदास जयंती के मौके पर भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमें ऑल इंडिया सतगुरु मिशन के संतों के साथ ही समाज से जुड़े लोगों ने भागीदारी करके संत रविदास की शिक्षाओं का अनुश्रण करने और उनके समता और भाईचारे के दिये गये संदेश को घर-घर पहुंचाने का आवाह्न किया। पिछले कई दिनों से नारायनपुर बगीची में स्थित संस्था के कार्यालय प्रांगण में संत रविदास की कथा का आयोजन किया जा रहा था। जिसमें संत रामविलास भास्कर की देखरेख में होने वाले आयोजन में शास्त्री जगनन्नाथ दास कथा का श्रवण कराते रहे। रविवार को संत रविदास के दिये गये संदेशों का उच्चारण करते हुए यात्रा नारायनपुर बगीचे से शुरु हुई। जिसमें बड़ी तादात में संतो व भक्तों ने भागीदारी की। संदेश दिया गया कि मनुष्य एक है, मजहब एक है। भ्रांतियां दूर होनी चाहिए। सभी को समान दृष्टि से देखा जाना चाहिए, तभी छोटेबड़े का विकास हो सकेगा। यात्रा नारायनपुर से फतेहगढ़ पहुंची और मुख्य मार्गों का भ्रमण करते हुए पुनः बगीची पर जाकर विराम को प्राप्त हुई। इस दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहे। नगर की सड़कों पर सफाई व्यवस्था करायी गई। पुलिस की भी काफी अच्छा इंतजाम दिखायी दिया। यात्रा के साथ में सुरक्षा के लिए बड़ी तादात में पुलिस बल मौजूद रहा। यात्रा में रामविलास भास्कर, चन्द्रदास, प्यारेदास, अरुण, संत छबीलेदास आदि मौजूद रहे। इसके बाद आश्रम में भण्डारा हुआ। रास्ते में यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया।

ज्योतिष एक सम्पूर्ण विज्ञान, सभी समस्याओं का समाधान

- रामनगरिया के ज्योतिष सम्मेलन में काल सर्प योग व अन्य समस्याओं के समाधान के बताये उपाय

ज्योतिष सम्मेलन को संबोधित करते डॉ0 कृष्णकांत अक्षर

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। मेला रामनगरिया के सांस्कृतिक पाण्डाल में ज्योतिष सम्मेलन का आयोजन भारतीय संस्कृति पीठ के बैनर तले आचार्य ज्योतिस्वरुप अग्निहोत्री की अध्यक्षता में हुआ। मुख्य अतिथि के रुप में जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह रहे व विशिष्ठ अतिथि के रुप में मेला सचिव नगर मजिस्ट्रेट दीपाली भार्गव ने भागीदारी की। कार्यक्रम का संचालन कृष्णकान्त त्रिपाठी अक्षर ने किया।

मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पार्चन के बाद कपिध्वज मिश्र ने स्वस्ति वाचन किया। बनारस से आये आयुर्वेदाचार्य डा0 सुधाकर वर्धन शुक्ला ने कहा कि ज्योतिष एक सम्पूर्ण विज्ञान है। इसे पश्चिमी वैज्ञानिक भी मानते है। जन्म से लेकर मृत्यु तक की समस्याओं का समाधान ज्योतिष में है। जटिल रोगों का ग्रहों से उपचार तथा काल सर्प योग का विवेचन किया और कहा कि डरने की जरुरत नहीं है। ज्योतिष सभी समस्याओं का समाधान है। पं0 हरिओम ने मांगलिक कुंडली का विवेचन किया और उसके समाधान के उपाय बताये। पं0 सर्वेश शुक्ल ने ज्योतिष की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। हरदोई से आये डा0 रामतीर्थ ने आयुर्वेद और ज्योतिष के संबंधों पर प्रकाश डाला। डा0 कृष्णकांत अक्षर ने वास्तु शास्त्र का विवेचन किया व परेशानियों को दूर करने के उपाय बताये। इस मौके पर डा0 सुधाकर वर्धन शुक्ल का विभिन्न संस्थाओं की ओर से स्वागत किया गया व स्मृति चिन्ह दिया गया। मेला व्यवस्थापक संदीप दीक्षित व बबलू सिंह ने व्यवस्था में सहयोग किया और ज्योतिषियों को सम्मानित किया। इस मौके पर रमला राठौर, सुमन राठौर, हरिश्चन्द्र, आनन्द पाठक, संतोष त्रिपाठी, महेश पाल उपकारी, शिवम दीक्षित, वैभव सोमवंशी, भूपेन्द्र प्रताप सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

जुकाम, खांसी के रोगियों की संख्या में हुआ इजाफा

फर्रुखाबाद (सं.)। बसंत के बाद मौसम परिवर्तन से खांसी, जुकाम, बुखार के रोगियों की संख्या में इजाफा हुआ है। डॉ0 पी.डी. शुक्ला ने बताया कि बसंत पंचमी के बाद मौसम में बदलाव आ जाता है। जिसके चलते कफ रोगियों की संख्या में इजाफा हो जाता है। इसलिए उनके पास इसके काफी मरीज आ रहे हैं।

आर्य समाज का उद्देश्य सनातन स्वरूप को पुनर्स्थापित करना

- यज्ञ के साथ वैदिक क्षेत्र में शिविर का हुआ समापन, भक्तों ने दी आहूतियां

वैदिक क्षेत्र में आयोजित हवन में आहूतियां देते भक्तगण

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। मेला रामनगरिया के वैदिक क्षेत्र में जिला आर्य प्रतिनिधि सभा द्वारा आयोजित चरित्र निर्माण शिविर में चल रहा यजुर्वेद पारायण माह यज्ञ पूर्ण आहुति के साथ संपन्न हुआ। यज्ञ में भारी संख्या में कल्पवासियों ने भाग लेकर अपने हांथों से आहुतियां प्रदान कर ईश्वर से अपने जीवन मे सुखसमृद्धि की कामना की। आचार्य प्रदीप शास्त्री ने यज्ञ सम्पन्न कराया। इसी के साथ शिविर का भी समापन हो गया। समापन समारोह में बोलते हुए जिला सभा के प्रधान आचार्य चंद्रदेव शास्त्री ने सभी कल्पवासियों को आशीर्वाद प्रदान करते हुए उनके आरोग्य की कामना की। उन्होंने कहा कि एक माह तक हम सभी ने गंगा की पवित्र अंचल में साधना करते हुए विद्वानों से जो आध्यात्मिक ज्ञान प्राप्त किया अब उसको अपने जीवन मे धारण करने का प्रयास करें। जिस प्रकार गंगा अपने पवित्र जल से सबको बिना भेदभाव के तृप्त करती है। उसी प्रकार बिना भेदभाव के सब मनुष्यों की सेवा परोपकार से करने से ही हमारा तप पूर्ण होगा। आचार्य संदीप आर्य ने कहा वेद सृटि का संविधान है। अतः इस प्रकार के आयोजनों का उद्देश्य एक स्थान पर विद्वानों के सानिध्य में बैठकर वेद ज्ञान को प्राप्त करना है। मगर आज पाखण्ड और अविद्या के कारण ये आयोजन मात्र औपचारिकता और भीड़तंत्र का हिस्सा बनकर रह गए हैं आर्य समाज का उद्देश्य प्राचीन सनातन स्वरूप को पुनर्स्थापित करना है। हरिओम शास्त्री ने कहा निरंतर चलने वाले यज्ञ से प्रेरणा लेकर सभी अपने दैनिक जीवन में यज्ञ को शामिल कर पुण्य अर्जित करें। कु0 माद्री आर्या ने विदाई गीत गाकर सभी को भावुक कर दिया। उन्होंने जीवन को प्रेमपूर्वक जीने का निवेदन किया। उनके गीत जितने भी दिन जियो बड़े प्यार से जियो पतझड़ में क्या मिलेगा बहार में जियो को श्रोताओं ने खूब सराहा। उदिता आर्या ने मातृशक्ति को चरित्रवान बनने पर जोर दिया। संयोजक डॉ0 शिवराम सिंह आर्य ने सभी कार्यकर्ताओं, प्रशासन व सभी पत्रकार बंधुओं का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में सुरेश चंद्र वर्मा, मुन्नालाल, आदित्य आर्य, मुदित आर्य, अजीत आर्य, शिशुपाल सिंह, हीरालाल आर्य, आकांक्षा आर्या, विनोद आर्या, रत्नेश द्विवेदी, रेनू आर्याए शालिनी आर्या, नीलम मौजूद रहीं।

कांग्रेसियों ने मनायी संत रविदास जयंती

रविदास जयंती मनाते कांग्रेसी

- पदाधिकारियों ने संत रविदास जी के जीवन चरित्र पर डाला प्रकाश

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। रविवार को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार संत रविदासजी की जयंती ब्लॉक मोहम्दाबाद में भारतीय विद्यालय इन्टर कालेज महेश नगर मोहम्मदाबाद में मनोज गंगवार जिला अध्यक्ष एवं पूर्व जिला अध्यक्ष मृत्युंजय शर्मा एवं अन्य सभी कांग्रेस जनों ने संत रविदासजी के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने संत रविदासजी के जीवन चरित्रपर प्रकाश डाला। बताया गया कि संत रविदास गंगाजी के अनन्य भक्त थे। जिसके चलते उन्हें कई बार गंगाजी ने दर्शन दिये। वह कार्य से निवृत्त होकर मां गंगा का पूरे दिन भजन किया करते थे। संचालन राजेन्द्र नारायण मिश्रा प्रवक्ता जिला काग्रेस कमेटी ने किया। इस अवसर पर जिला महासचिव अभिनय गंगवार, ओमप्रकाश, ब्लॉक अध्यक्ष सुधीर अग्निहोत्री, बांके लाल, कैलाश यादव, डॉक्टर दीपंकर, अरुण दुबे, अशोक कुमार गोयल, नागेन्द्र बहादुर, कुलदीप यादव, शुभम मौर्या आदि लोग उपस्थिति रहे। इसके बाद जिला अध्यक्ष मनोज गंगवार ने नवाबगंज मेन चोराहे पर भी देवेन्द्र शाक्य के निवास पर संत रविदासजी के चित्र पर माल्यार्पण किया। जिला महासचिव अभिनय गंगवार, बबलू खां, अजय दीक्षित, गब्बर राठौर आदि लोग रहे।

माघी पूर्णिमा: नगर में रहा धार्मिक माहौल, हुए कई कार्यक्रम

- बाबा नीम करोरी मंदिर के वार्षिकोत्सव की रही धूम
- ददुआ की बगीची में संगोष्ठी व भण्डारा, बड़े बूढ़े हनुमान मंदिर पर आयोजन

संगोष्ठी में मौजूद नगर मजिस्ट्रेट व ददुआ आदि

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। **फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मांघी पूर्णिमा के मौके पर सारे नगर में धार्मिक वातावरण दिखायी दिया। आईटीआई चौराहा स्थित बाबा नीम करोरी मंदिर के वार्षिकोत्सव में सुबह से हवन यज्ञ हुआ और पूरे दिन भण्डारे का आयोजन किया गया। जिसमें आगरा से आये हुए कारीगरों के बनाये मालपुए भक्तों को प्रसाद के रुप में वितरित किये गये। लगातार 20 वर्षों से यह आयोजन होता आ रहा है। आयोजन में ओमप्रकाश गुप्ता, शंकर लाल गुप्ता, शिव नारायन आदि ने प्रमुख भूमिका अदा की। सुबह से लेकर शाम तक भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

वहीं व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष, ब्राह्मण सभा के जिलाध्यक्ष एवं समाजसेवी अरुण प्रकाश तिवारी ददुआ के दिल्ली ख्याली कूंचा स्थित बगीची में माघी पूर्णिमा के मौके पर हवन यज्ञ हुआ, इसके बाद भंडारा हुआ। जिसमें व्यापारी नेता, समाजसेवी, धर्मगुरु, साहित्यकारों का जमघट रहा। आए हुए अतिथियों का स्वागत संजय तिवारी, मोहित तिवारी, सुनील तिवारी एडवोकेट ने किया। नगर मजिस्ट्रेट दीपाली भार्गव ने कार्यक्रम में पहुंचकर जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह द्वारा भेजा गया संदेश ददुआ को दिया। इस मौके पर अरुण प्रकाश तिवारी ददुआ ने राम चरित मानस पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि जो लोग मानस को नहीं समझते समझ लो खुद को नहीं समझते। उन्होंने कहा कि रामकथा सुंदर करतारी, संशय विहंग उड़ावन हारी अर्थात रामकथा एक सुंदर चर्चा है। जिसका ज्ञान होने से आत्मविश्वास पैदा होता है और संशय समाप्त हो जाता है। उन्होंने तुलसी दास की रामचरित मानस पर टिप्पणी करने वालों को सद्बुद्धि की कामना की। इस मौके पर व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष संजीव मिश्रा बाबी, राजू दुबे, पप्पन मियां वारसी, तारिक मियां, अशोक मिश्रा, कैलाश मिश्रा, सतीश कुमार तिवारी, ज्ञानी गुरवचन सिंह, गिरीश चंद दुबे, मदन राजपूत, प्रकाश नारायण अवस्थी, नलिन श्रीवास्तव, पंडित रामेंद्र मिश्रा आदि मौजूद रहे। अड़तियान स्थित बड़े बूढ़े हनुमान जी के मंदिर पर रामचरित मानस का अखण्ड पाठ हुआ। इसके बाद हवन व भण्डारे का आयोजन किया गया।

मार्ग दुर्घटन में बाइक सवार घायल

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। मार्ग दुर्घटना में बाइक सवार घायल हो गया, जबकि कार क्षतिग्रस्त हो गयी। जानकारी के अनुसार भोलेपुर स्थित सनवीम स्कूल के पास बीते दिन कार और बाइक की आपस में भिड़त हो गयी। जिससे बाइक सवार घायल हो गया, जबकि कार के आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। घटना का सूचना पुलिस को दी गयी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक पुरुष अज्ञात शव पुलिस द्वारा बरामद किया गया है। आवश्यक कानूनी कार्यवाही कर शव को मेजर एस.डी.सिंह पी.जी. आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एण्ड हॉस्पिटल, बेवर रोड बघार, फतेहगढ़, फर्रुखाबाद (उ.प्र.) के एनाटामी विभाग में सुरक्षित रखा गया है। शव का चित्र प्रकाशित किया जा रहा है। जो व्यक्ति शव पर दावा करना चाहे 15 दिन के अन्दर पर्याप्त प्रमाण के साथ कार्य समय में कॉलेज आकर शिनाख्त कर दावा कर सकता है।15 (पन्द्रह) दिन की अवधि के पश्चात किसी दावे पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

गलत उपचार से प्राइवेट अस्पताल में जच्चा-बच्चा की मौत

◆ पुलिस ने मृतका के परिजनों को ही हड़काया, सहमे परिजनों ने नहीं दी तहरीर

कायमगंज, समृद्धि न्यूज। नगर के प्राइवेट अस्पताल में चिकित्सक द्वारा गलत उपचार कर दिये जाने से जच्चा-बच्चा दोनों की ही दर्दनाक मौत हो गई। विरोध करने पर अस्पताल के स्टाफ ने परिजनों को ही आड़े हाथों ले लिया और आरोप लगाने लगे कि यह लोग अस्पताल में लूट करना चाहते है। घबराकर परिजन वहां से चले गये। समाचार लिखे जाने तक पीड़ित की ओर से तहरीर नहीं दी गई थी।

जानकारी के अनुसार थाना शमशाबाद क्षेत्र के गांव हंसापुर गौराईपुर निवासी 20 वर्षीय रविया पत्नी इकबाल को प्रसव पीड़ा होने पर गांव की आशा किरण के साथ कायमगंज नगर के सामुदायिक

मृतका का फाइल फोटो

स्वास्थ्य केंद्र लेकर आये। जहां नर्सों ने आपरेशन का कारण बताकर टरका दिया। इसके बाद परिजन उसे कृष्णा हॉस्पिटल में लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने 23 हजार रुपये लेकर भर्ती कर लिया और चिकित्सक ने प्रसूता को खून की कमी बतायी। तब उसके पति इकबाल ने कहा कि वह खून दे देगा आप आपरेशन करें। तब

रोते बिलखते मृतका के परिजन

प्रसूता को आपरेशन थिएटर ले जाया गया। कुछ देर बाद उसे स्ट्रेचर पर रखकर बाहर निकाल दिया और कहा कि ज्यादा खाना खा लेने के कारण बेहोश हो गई है और लोहिया अस्पताल ले जाने के लिए कहा और आईसीयू में भर्ती कराने की राय दी। इस दौरान प्रसूता के देवर मुजम्मिल ने उसकी नब्ज देखकर कहा कि मौत हो चुकी है। इसी बात को लेकर विवाद हो गया। डाक्टर ने प्रसूता के ससुर इकरार के साथ गली-गलौज किया। मुजमिल्ल व डाक्टर के बीच हाथापाई होने लगी। तब स्टाफ ने दौड़कर मुजम्मिल व इकरार के साथ मारपीट की। सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने प्रसूता के परिजनों को ही हड़का दिया। डर के मारे परिजन वहां से चले गये। समाचार लिखे जाने तक परिजनों ने पुलिस को तहरीर नहीं दी थी। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिलने पर कार्यवाही की जायेगी।

महिला ने पिया जहर, भर्ती

कायमगंज (सं.)। संदिग्ध परिस्थितियों में महिला ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां से उसे लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। क्षेत्र के गाँव लहरा निवासी आशना ने संदिग्ध हालत में कीटनाशक पदार्थ पी लिया हालत बिगड़ने पर परिजन अस्पताल लाये। जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया।

पुलिस ने चेकिंग अभियान चलाकर कई के किये चालान

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा के निर्देश पर पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान कई वाहनों के चालान किये। जिससे वाहन चालकों में पूरे दिन हड़कंप की स्थिति रही।

जानकारी के अनुसार रविवार को माघ पूर्णिमा के अवसर पर दूरदराज से आने वाले श्रद्धालु तथा अन्य लोगों के मद्देनजर पुलिस ने चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान तीन सवारी चलने वालों की पुलिस ने जमकर क्लास ली और ुउनका चालान किया। वहीं बगैर कागज व बगैर हेलमेट चलने वाले लोगों के भी चालान किये। पुलिस ने वाहन चालकों को हिदायत दी कि बगैर कागज गाड़ी चालान जुर्म है। इसलिए आप कागज लेकर अवश्य चलें, नही तो कार्यवाही की जायेगी।

ग्राफिक्स की दुकान से लैपटॉप चोरी करने वाले चोर को दबोचा

शमसाबाद, समृद्धि न्यूज। बाइक ग्राफिक्स की दुकान से लैपटॉप चोरी करने वाला चोर को सीसीटीवी फुटेज की सहायता से पकड़कर पुलिस को सौंप दिया।

जानकारी के अनुसार शमशाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम कौआ नगला निवासी बबलू पुत्र हरिराम की बाइक ग्राफिक्स की दुकान अस्पताल परिसर के पास में है। 3 फरवरी को अज्ञात चोरों द्वारा उस समय लैपटॉप पार कर दिया गया था जब दुकानदार किसी काम से अंदर गया था। जब वापस आया तो लैपटॉप वहां नहीं था। पीड़ित ने अज्ञात चोर के खिलाफ शमशाबाद थाना पुलिस ने तहरीर दी थी। उधर दुकानदार ने पड़ोस में लगे सीसीटीवी कैमरे की मदद से अज्ञात चोर की पहचान की। बताया गया है अजीजाबाद निवासी रविंद्र कुमार द्वारा लैपटॉप चोरी किया गया था। रविवार को किसी तरह दुकानदार लैपटॉप चोर तक पहुंच गया उसने आरोपी को पकड़ा और शमसाबाद लेकर आ रहा था। जब घटना की जानकारी शमशाबाद थाना पुलिस को हुई, तो पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में ले लिया। पूछताछ के दौरान युवक ने लैपटॉप चोरी किए जाने की घटना स्वीकार की। आरोपी ने यह भी बताया चोरी के बाद लैपटॉप उसने शमशाबाद थाना क्षेत्र के ही ग्राम चिलसरा निवासी एक युवक को बेचा था,लेकिन यहां से भी लैपटॉप फर्रुखाबाद में किसी अज्ञात व्यक्ति को विक्रय किया गया।

फिलहाल शमशाबाद थाना पुलिस द्वारा आरोपी के खिलाफ समाचार लिखे जाने तक कार्रवाई जारी थी। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिल गयी है। युवक के खिलाफ कार्यवाही कर उसे जेल भेजा जायेगा।

माघी पूर्णिमा: सुरक्षा की दृष्टि से मेला प्रभारी ने किया गश्त

◆ मेले में तैनात पुलिस को दिये आवश्यक दिशा निर्देश
◆ पुलिस के सक्रिय रहने के बाद भी चोर की रही पौबारह

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा के निर्देशन में माघी पूर्णिमा के अवसर पर स्नान करने आये श्रद्धालुओं की सुरक्षा व शान्ति व्यवस्था के दृष्टिगत मेला प्रभारी ने मेला रामनगरिया में गश्त किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

जानकारी के अनुसार बीते करीब एक माह से चल रहे मेला रामनगरिया में दूरदराज से कल्पवासी व साधु संत यहां रहकर कल्पवास कर रहे थे और मां गंगा की आराधना करते थी। माघ पूर्णिमा को मेले का अंतिम दिन था। जिसके चलते दूरदराज से हजारों की संख्या में पहुंचकर लोगों ने गंगा में डुबकी लगायी और कथा, पहनावन आदि का आयोजन किया। इस दौरान

सुरक्षा की दृष्टि से गश्त पुलिस

दूरदराज से आने वाले श्रद्धालुओं तथा उसके सामान आदि की सुरक्षा के लिए मेला प्रभारी ने पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये थे। क्योंकि भीड़भाड़ का फायदा उठाकर चोर कहीं श्रद्धालु का सामान आदि न पार करें। जिसके मद्देनजर प्रभारी निरीक्षक मेला रामनगरिया ने स्वयं हमराहों के साथ मेले में पैदल गश्त कर मेले की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और तैनात पुलिस को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। वहीं चोर उचक्के भी पुलिस को चकमा देकर श्रद्धालुओं का सामान पार करते नजर आये। इसी अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि दो महिलाओं को महिला पुलिस ने दंपति के कपड़े चोरी कर लिये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को दबोच लिया। पुलिस ने उनसे पूछताछ की। इसी प्रकार अन्य श्रद्धालुओं का सामान भी गायब हुआ।

नेवी में नौकरी लगवाने के नाम पर लाखों की ठगी, मुकदमा दर्ज

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। नेवी में नौकरी लगवाने के नाम पर 6 लाख रुपये की ठगी कर ली। इस बात की शिकायत पीड़ित रितिक कुमार पुत्र अवध किशोर धोबी निवासी नगला राजन भोलेपुर ने नेवी में नौकरी लगवाने के नाम पर 6 लाख ठग लेने का मुकदमा दर्ज कराया है। रितिक ने दी गई तहरीर में दर्शाया कि उसके दोस्त सोनू कुमार के घर के पास रहने वाले अरुण कुमार पुत्र मनी राम श्रीवास्तव, प्रवीन कुमार व आदर्श श्रीवास्तव ने पीड़ित से कहा कि नेवी में उसकी नौकरी लगवा देंगे। अनूप कुमार श्रीवास्तव पुत्र अरुण कुमार नेवी में अफसर है, इसके लिए 6 लाख रुपया लगेगा। अलग-अलग समय पर पीड़ित व उसकी मां ने 6 लाख रुपये दे दिये। तब इन लोगों ने फर्जी कागजात उसे थमा दिये। शक होने पर पीड़ित ने अपने पैसे वापस मांगे तो आरोपियों ने उसे धमकाया।

माघी पूर्णिमा पर भक्तों ने गंगा में लगायी आस्था की डुबकी

◆ कल्पवासियों ने गंगा स्नान कर किया दानपुण्य, पुल के दोनों ओर रुक-रुककर लगता जाम

पांचाल घाट पर माघ पूर्णिमा पर गंगा स्नान करते श्रद्धालु

फर्रुखाबाद/अमृतपुर, समृद्धि न्यूज। माघी पूर्णिमा पर अपराकाशी के गंगा तट पांचाल घाट पर हजारों श्रद्धालुओं ने श्रद्धा की डुबकी लगायी और मां गंगा से सभी के कल्याण की कामना की। विगत एक माह से गंगा तट पर रहकर कल्पवास कर रहे कल्पवासियों व साधु-संतों ने महा स्नान के इस पर्व को और भी धार्मिक बना दिया। कल्पवासियों ने रविवार को गंगा स्नान करके कल्पवास को विराम दिया, दानपुण्य किया और अगले वर्ष कुशलता पूर्वक एक बार पुनः गंगा तट पर इसी तरह का आयोजन होने की कामना की। जगह-जगह कथाओं का आयोजन किया गया। प्रसाद वितरण, भण्डारे, गंगा आरती, गंगा पहनावन का आयोजन हुआ। मौसम के साफ होने की बजह से मेले में और भी रौनक आ गयी। रविवार के महास्नान के बाद मेला रामनगरिया का उखड़ना शुरु हो गया। लोग एक महीने तक गंगा तट पर रहने के बाद अपने-अपने घरों के लिए रवाना होने लगे।

भारी भीड़ उमड़ने से गंगा तट के आसपास, लोहिया सेतु के दोनों ओर दूर-दूर तक भारी भीड़ का वातावरण बना रहा। रुक-रुककर जाम लगता रहा। जिससे आवागमन काफी हद तक बाधित जैसा बना रहा। सुरक्षा व्यवस्था के मद्दे नजर घाटों पर गोताखोर तैनात किये गये। पुलिस ड्रोन कैमरे के जरिए घाटों पर नजर बनाये रही, ताकि कोई अपराधिक घटना न हो। वाहनों के आवागमन के लिए पुलिस की एक टुकड़ी यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने में लगी रही। इस दौरान महा स्नान के लिए सुबह से ही भक्तों की होड़ लग गई। उधर साधु-संतों ने सुबह मुंह अंधेरे ही मां गंगा में स्नान कर प्रणाम किया और सभी के कल्याण की कामना की। हवन यज्ञ व कथाओं के आयोजन सुबह से होते रहे। गंगा किनारे शंकर की मेड़े काटकर मनोतियां मांगी। डीएम ने भी पहुंचकर जायजा लिया और आवश्यक निर्देश दिये और मेला विराम को प्राप्त हो गया।

भाजपा की डबल इंजन सरकार सुशासन की नीतियों पर आधारित है: डॉ0 अरुण पाठक

◆ नव नियुक्त एमएलसी का भाजपा कार्यालय पर जोरदार हुआ स्वागत, जीत पर कार्यकर्ताओं ने दी बधाई

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। रविवार को आवास विकास कॉलोनी स्थित जिला भाजपा मुख्यालय पर भाजपा जिला कार्यसमिति की बैठक जिला अध्यक्ष रूपेश गुप्ता की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में 4 सत्रों के माध्यम से पार्टी पदाधिकारियों को संगठनात्मक रूप से प्रशिक्षित किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में जिला संगठन प्रभारी एमएलसी डॉ0 अरुण पाठक एवं भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष एमएलसी प्रांशु दत्त द्विवेदी ने विचार रखे। जिला संगठन प्रभारी एमएलसी डॉ0 अरुण पाठक ने संगठन एवं सरकार द्वारा गरीब कल्याण सेवा कार्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा भाजपा का संगठन व सरकार राष्ट्र के निर्माण के लिए कार्य कर रही है।

नव नियुक्त एमएलसी डॉ0 अरुण पाठ का स्वागत करते भाजपा नेता

भाजपा की डबल इंजन सरकार सुशासन की नीतियों पर आधारित है पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के सपनों को साकार करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ निरंतर कार्य कर रहे हैं। भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष एमएलसी प्रांशु दत्त द्विवेदी ने कहा 1980 में भाजपा की स्थापना सुशासन एवं राष्ट्र निर्माण के लिए की गई। सांसद मुकेश राजपूत ने कहा वर्तमान भाजपा सरकार गरीब कल्याण के लिए कार्य कर रही है पिछली सरकारों ने भारत की छवि को धूमिल करने का कार्य किया, लेकिन नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व ने विश्व में भारत की छवि को मजबूत करने का कार्य किया है। भारत अब विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत की सीमाएं सुरक्षित हुई है। सदर विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी ने कहा सामाजिक समरसता के मूल मंत्रों पर चलकर भाजपा सरकार व संगठन गरीब दलित पिछड़े शोषित वंचित एवं नौजवानों के भविष्य को संवारने का कार्य कर रही है। विधायक सुशील शाक्य व नागेंद्र सिह रठौर, डॉ0 रजनी सरीन ने विचार रखे। जिला अध्यक्ष रूपेश गुप्ता ने कहा भाजपा का संगठन एक परिवार के रूप में कार्य करता है। महामारी के प्रकोप संगठन के कार्यकर्ताओं ने जान की परवाह किए बगैर गरीबों को सुविधाएं पहुंचाने का कार्य किया। इस मौके पर फतेह चंद वर्मा, हिमांशु गुप्ता, डीएस राठौर, जय गंगवार, वीरेंद्र कठेरिया मौजूद रहे।

अदालत के आदेश पर मारपीट का मुकदमा दर्ज

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। खरीदी हुई जमीन से कब्जा न हटाने और विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर देने व जान से मारने की नियत से फायर करने के मामले में अदालत के आदेश पर पुलिस ने संबंधित लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

अदालत में दिये गये प्रार्थना पत्र में संदीप औदिच्य पुत्र ऋषि देव औदिच्य निवासी मोहल्ला हरभगत ने दर्शाया कि उसने नरेन्द्र बाथम, ह्रदेश बाथम से अंगूरी बाग पुलिया के पास स्थित जमीन खरीदी थी। विक्रेता भूमि पर आते-जाते रहे और भूमि का एक भाग को थोड़े दिन में खाली करने की बात पीड़ित से कही तो स्वीकार कर लिया। उसके बाद यह लोगा किराया भी देते रहे, लेकिन कालांतर में इन लोगों की नियत बदल गई और पीड़ित के जमीन के भाग पर कब्जा करने का मन बनाने लगे। 10 जनवरी को पीड़ित अपनी भूमि पर पहुंचा, वहां नरेन्द्र, ह्रदेश,

रेनू, वंदना, पवन, अमन व तीन अन्य अज्ञात लोगों ने हमलावर होते हुए गालियां देने लगे और गोट से तमंचा लगाकर कोरे कागज पर हस्ताक्षर करवा लिये व जान से मारने की नियत से प्रहार किये। शोर-शराबा सुनकर पड़ोसियों ने आकर बचाया। सूचना पुलिस को दी, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। एसपी से शिकायत की, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। तब जाकर पीड़ित ने न्यायालय की शरण ली। अदालत के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी।

खबरें चलते-चलते

बाइक चालक पर मार्ग दुर्घटना का मुकदमा दर्ज

मोहम्मदाबाद (सं.)। बाइक की टक्कर से युवक की मौत के मामले में मृतक के पुत्र की तहरीर पर पुलिस ने बाइक चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी। इस्माईल पुत्र दफेदार खां ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि 3 फरवरी को अपने पिता दफेदार के साथ खेत से घर वापस लौट रहा था। संकिसा रोड पर एक कोल्ड स्टोरेज के पास तेज रफ्तार से आ रहे मुखराम पुत्र हरीराम निवासी शेरपुर ने टक्कर मार दी। जिससे दफेदार गंभीर रुप से घायल हो गये। उन्हें सीएचसी में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी।

पांच वारंटी गिरफ्तार

नवाबगंज (सं.)। पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से पांच वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने वारंटी विमलेश पुत्र वीरेंद्र निवासी रामनगर, ऋषि पाल, रामशरण, विश्राम, बांकेलाल पुत्रगण मंगू लाल निवासी जानकीपुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

मार्ग दुर्घटना में एक घायल

कायमगंज (सं.)। क्षेत्र के गांव पितौरा निवासी उमा मार्ग दुर्घटना में गंभीर घायल हो गयी। लोगों ने अस्पताल भर्ती कराया।

पति सहित चार पर दहेज एक्ट का मुकदमा दर्ज

मोहम्मदाबाद (सं.)। पति सहित चार लोगों के विरुद्ध पीड़िता ने दहेज एक्ट का मुकदमा दर्ज कराया है। थाना क्षेत्र के गांव जमुनापुर निवासी आरती पत्नी विनीत राठौर ने पति विनीत राठौर, सास मूर्ति, ससुर धीरेंद्र सिंह राठौर, ननद शालू के खिलाफ दहेज एक्ट व मारपीट का मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़िता के अनुसार अतिरिक्त दहेज की खातिर ससुरालियों ने 2 फरवरी को एक कार की मांग की। मना करने पर ससुरालियों ने मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

कुत्ता वापस मांगने पर गाली-गलौज कर भगाया

नवाबगंज (सं.)। मांग कर ले गये कुत्ता वापस न देने पर युवक ने दबंग के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम महमदपुर धनी निवासी सरवन सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि उसका विदेशी कुत्ता 29 दिसंबर को बबलू निवासी मई रसीदपुर थाना कोतवाली कायमगंज मांग कर ले गया था। 2 दिन बाद सरवन सिंह अपना कुत्ता वापस लेने गया तो बबलू की पत्नी ने गाली-गलौज कर भगा दिया। कुछ दिन बाद सरवन प्रधान राजू, जितेन्द्र यादव को लेकर कुत्ता लेने गया था। बबलू ने कुत्ता देने से मना कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

माघ पूर्णिमा पर कई जगह हुए भंडारे

फर्रुखाबाद (सं.)। माघ पूर्णिमा पर जहां नगर में कई स्थानों पर भंडारों का आयोजन हुआ, वहीं घरों में लोगों ने कथा का आयोजन कराया। बताते चलें कि पुण्य आदि की दृष्टि से माघ पुर्णिमा को शुभ माना जाता है। इस दिन लोग गंगा स्नान करके पुण्यदान करते हैं। घरों में जहां लोगों ने कथा का आयोजन कराया। वहीं कई स्थानों पर कन्या भोज का आयोजन भी किया गया। मोहल्ला अंडियाना निवासी अंकुर श्रीवास्तव ने सुबह कन्या भोज का आयोजन किया। जिसमें कन्याओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। इसी तरह मोहल्ला डिग्गीताल निवासी राम कुमार अग्निहोत्री ने भी कन्या भोज का आयोजन किया। जिसमें कन्याओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। इसी प्रकार अन्य स्थानों पर भंडारों का आयोजन किया गया। जिसमें लोगों ने भारी संख्या में पहुंचकर प्रसाद छका। सुबह से शाम तक भंडारों का दौर जारी रहा।

कला में साफ व स्वच्छ चित्र ही अच्छे अंक दिलाते हैं: अवनीश

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। चित्रकला विषय छात्र-छात्राओं के परीक्षा फल को और बेहतर करने में सहायक बन सकता है। इस विषय में विद्यार्थी थोड़ी सी मेहनत और कार्य करते हुए अपना संयम बनायें। जिससे

बोर्ड परीक्षा के प्रहरी

शत-प्रतिशत अंक मिल सकते हैं। कहने को तो बहुत सरल विषय है किन्तु इसमें अंक लाकर आप मेरिट तक पहुंचने में सफल हो सकते हैं। एसबीएन ग्लोबल स्कूल राजेपुर के संचालक अवनीश सोमवंशी ने अपने साक्षात्कार बोर्ड परीक्षा के प्रहरी में बताया कि चित्रकला की परीक्षा देते समय चित्रों को ड्रा करने के लिए कभी भी डार्क पेंसिल का उपयोग ना करें। रबड़ का उपयोग परीक्षार्थी को कम से कम करना चाहिए जिससे चित्र साफ और सुंदर दिखाई दें। परीक्षा के दौरान जल रंगों का उपयोग सबसे उपयुक्त रहता है। जल रंग चलाते समय हमें

आर्ट शिक्षक अवनीश सिंह

ध्यान रखना चाहिए कि कभी भी गहरे रंगों का उपयोग पहले नहीं करना चाहिए। सबसे पहले चित्रों को हल्की पेंसिल से हल्का-हल्का ड्रॉप कर लेना चाहिए इसके बाद जहां -जहां आप को हल्के रंग करने हों वहां पर आप रंग भर ले उसके बाद उससे गहरे रंग का उपयोग कर लेना चाहिए, क्योंकि जल रंगों में गहरे रंग कर लेने के बाद उस पर हल्के रंग नहीं हो पाते हैं, जबकि हल्के रंग पर गहरे रंग आसानी से हो सकते हैं। वहीं पर जब हम आपको पेंसिल शेडिंग करनी होती है, तो चित्र पर आपको बहुत हल्के हाथों से पेंसिल को चलाना चाहिए। पेंसिल को जितना दूर पकड़ेंगे उतना ही आपके कार्य करने में फ्लो आएगा। पेंसिल शेडिंग में बार-बार रबड़ का प्रयोग नहीं करना चाहिए। इससे चित्र की सुंदरता चली जाती है। चित्र को पेपर में दिए गए माप के अंदर ही बनाना चाहिए और रंगों के मिश्रण की सही जानकारी कर लेनी चाहिए। प्राकृतिक दृश्य में पेपर में जिस जिस तरह से जो जो करने के लिए दिया गया है उसको ध्यान में रखकर ही चित्र को बनाएं। छात्र-छात्राओं का चित्र जितना साफ और स्वच्छ बना होगा उतने ही अच्छे अंक मिलेंगे। बोर्ड परीक्षा में चित्रों के कलर व साध सुधरे तरीके से ही पूर्ण अंक मिलते हैं और उनसे संबंधित कलर भरने के साथ-साथ पूछे गये प्रश्नों के उत्तर लिखने होते हैं। कला पेपर में मुख्य रुप से सुंदरता व सही रंगों की उपयोगिता ही अच्छे अंक दिलाने में सहायक होती है। सभी विषयों में कला का भी अपना योगदान होता है। कला का पेपर 50 अंक का आता है। इस बार ओएमआर सीट भी साथ में आयेगी। उसके भी गोलदारे भरने होंगे। सभी छात्र रंग भरते समय धैर्य रखते हुए बुद्धि का प्रयोग करें। जिससे उनकी कला आकृति सुंदर दिखे। बोर्ड परीक्षा में आर्ट में अच्छे अंक उनके चित्र, कलर व पेंसिल के आरेख के अलावा चित्र का परिचय व संबंधित आकृति ही बोर्ड परीक्षा में पूर्ण अंक दिलाने में सहायक होती है। चित्र की व्याख्या व उनके कलर प्रयोग के बारे में भी लिखना होता है।

बोर्ड परीक्षा के प्रहरी विश्लेषण में सभी अध्यापक अपना साक्षात्कार देकर परीक्षा हेतु विद्यार्थियों को सहयोग करें। यह निःशुल्क प्रकाशन किया जा रहा है। संपर्क करें संवाददाता लक्ष्मीकांत भारद्वाज मो0नंबर-9839390810

संत रविदास की जयंती पर गोष्ठी का हुआ आयोजन

कायमगंज, समृद्धि न्यूज। प्रगतिशील फोरम द्वारा संत रविदास जयंती पर विचार गोष्ठी मोहल्ला सधवाड़ा कृष्णा प्रेस परिसर में संपन्न हुई । जिसमें प्रो0 रामबाबू मिश्रा रत्नेश ने अपने विचार व्यक्त किये। कर्म योगी संत रविदास ने सनातन धर्म समाज की विसंगतियों, कुरीतियों और पाखंड पर कठोर प्रहार किए, लेकिन आज के दिशाहीन तत्वों की तरह न तो उन्होंने क्रोध में अपने कपड़े फाड़े और न विरोध में धर्म ग्रंथ जलाए। वे एकेश्वरवादी संत थे तथा कर्म प्रधान भक्ति को सामाजिक समरसता का राज मार्ग मानते थे। गीतकार पवन बाथम ने संत रविदास के विषय में अपने विचार प्रकट करते हुए कहा..

अपने जीते जी जिन्हें श्रद्धा मिली अपार। जाति पांति में संत को मत बांधो तुम यार।। हंसा मिश्रा ने कहा कि कुलीनता के दर्द को ललकार कर

संत रविदास ने उपेक्षित वर्ग का स्वाभिमान जगाया। सब ईश्वर के पुत्र हैं सब में दिव्य प्रकाश। कोई ऊंच न नीच है बता गए रविदास।। डॉ0 सुनीत सिद्धार्थ ने कहा कि सामाजिक विषमता के दौर में आज भारतीय समाज को एक अदद संत रविदास की जरूरत है। खंडित कर पाखंड को फैला दिया प्रकाश। मानवतावादी हुए सजग संत रविदास ।। गोष्ठी में जेपी दुबे, मनीष गौड़, वी0एस0 तिवारी, शायर अब्दुल वहाब बहार आदि ने अपने विचार व्यक्त किए।